3 बस्तर संभाग
धान खरीदी को लेकर भूपेश सरकार की नियत में ...

6 अभिमत
महात्मा गांधी की राजनीति

10 संस्कारधानी
दोपहर को पुलिस ने थपथपाई अपनी पीठ और रात को ...

11 छत्तीसगढ़
16 जनवरी से जिले में लगेगा को वैक्सीन का टीका

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com रायपुर, गुरुवार 14 जनवरी 2021 पृष्ठ-12 वर्ष-05, अंक- 145 मूल्य 3.00 ₹

## धान खरीदी को लेकर भाजपा का जगह-जगह आंदोलन

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश व्यापी एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में प्रदेशभर के भाजपा नेता, कार्यकर्ता व पदाधिकारी शामिल हुए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने जशपुर में आयोजित धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि किसान विरोधी कांग्रेस की सरकार का चेहरा लगातार उजागर होता जा रहा है। अपनी विफलता को छिपाने की सरकार केवल स्वांग रच रही है। जिसे प्रदेश की जनता भली-भांति समझ रही है। पूर्व मुख्यमंत्री व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने राजनांदगांव में धरना प्रदर्शन में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि जब वादा निभाने का वक्त आया तब कांग्रेस की सरकार बहाने तलाशने में व्यस्त है। इस सरकार की हठधर्मिता से किसानों सहित छत्तीसगढ़वासियों को परेशानी व पीड़ा का सामना करना पड़ रहा है। नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने बिल्हा विधानसभा में धरना प्रदर्शन में शामिल होकर किसान का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में किसानों की हालत एक जैसी है। मदद के नाम पर किसानों को कुछ भी नहीं मिल रहा है। गिरदावरी के





नाम पर रकबा काटे जा रहे हैं। पूरे प्रदेश में नकली खाद बीज बेचने वाले गिरोह सक्रिय है। जिसका असर खेती पर पड़ रहा है और यही कारण है कि नुकसान के चलते किसान आत्महत्या करने को विवश हैं। राज्यसभा सांसद सरोज पाण्डेय ने दुर्ग की धरना में शामिल हुई। उन्होंने कहा कि किसानों के हित की बात कर सत्ता में आयी कांग्रेस अब केवल किसानों की अहित करने में लगी है। कांग्रेस की दोहरी चरित्र से किसानों में भारी आक्रोश है इसका जवाब आने वाले वक्त में किसान जरूर देंगे। राज्यसभा सांसद रामविचार नेताम ने रामानुजगंज में आयोजित धरने में शामिल होकर किसानों का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के नाम पर छलावा के अलावा कुछ भी नहीं कर रही है। धान के बोनस से लेकर धान की खरीदी को लेकर सरकार की नीति स्पष्ट नहीं है। जिसके चलते किसान आत्महत्या जैसे कदम उठाने को विवश है।

### किसानों ने कृषि सुधार कानूनों की प्रतियां जलायी

**नई दिल्ली।** कृषि सुधार कानूनों का विरोध कर रहे किसान संगठनों ने बुधवार को पूरे देश में इन कानूनों की प्रतियां जलायीं। अखिल भारतीय किसान संघर्ष समन्वय समिति (एआईकेएससीसी) की यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार आन्दोलन के 49 वें दिन किसानों ने अलग-अलग राज्यों में इन तीनों कानूनों की प्रतियां जलायीं और उन्हें रद्द करने पर जोर दिया। इस अवसर पर दिल्ली के पास के सभी जिलों से गणतंत्र दिवस किसान ट्रैक्टर परेड की तैयारी करने का आह्वान किया। समिति ने कहा कि आज देश भर में 20 हजार से ज्यादा स्थानों पर कानून की प्रतियां जलाई गईं। एआईकेएससीसी ने दिल्ली के आसपास 300 किमी के सभी जिलों में किसानों से अपील की है कि वे दिल्ली में गणतंत्र दिवस ट्रैक्टर परेड की तैयारी में जुटें और सीमाओं पर एकत्र हों। देश में 18 जनवरी को सभी जिलों में महिला किसान दिवस मनाया जाएगा, बंगाल में 20 से 22 जनवरी, महाराष्ट्र में 24 से 26 जनवरी, केरल, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश में 23 से 25 जनवरी और ओडिशा में 23 जनवरी को महामहिम के कार्यालय के समक्ष महापड़ाव आयोजित किया जाएगा। एआईकेएससीसी ने कहा है कि सरकार ने ➢शेष पेज 8 पर

## 'कोवैक्सीन' की पहली खेप कई राज्यों में पहुंची

वार्ता नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

हैदराबाद स्थित भारत बायोटेक ने देश की पहली पूर्ण स्वदेशी कोरोना वैक्सीन 'कोवैक्सीन' की पहली खेप को आज रवाना कर दिया। कंपनी ने आज यह जानकारी दी। कंपनी ने कहा कि यह गर्व और उपलब्धि का क्षण है जब भारत बायोटेक से कोवैक्सीन की पहली खेप रवाना की गयी। गौरतलब है कि पुणे स्थित सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने कोविशील्ड की पहली खेप 12 जनवरी को अपने संयंत्र से रवाना कर दी थी। कोविशील्ड की पहली खेप देश के कई जगहों पर पहुंच भी चुकी है। देश में 16 जनवरी से कोरोना वायरस कोविड-19 के खिलाफ टीकाकरण अभियान शुरू हो रहा है। पहले चरण के टीकाकरण अभियान में देशभर के तीन करोड़ स्वास्थ्यकर्मियों और कोरोना के खिलाफ अग्रिम मोर्चे पर डटे लोगों को कोरोना वैक्सीन दी जायेगी।

### रायपुर पहुंचा राहत का टीका, पहले खेप में कोविशील्ड वैक्सीन की 3.23 लाख डोज



**रायपुर।** कोरोना महामारी से निपटने के लिए राहत का टीका राजधानी पहुंचा गया। पहले खेप में सीरम इंस्टीट्यूट की कोविशील्ड वैक्सीन की 3 लाख 23 हजार डोज शामिल है। पहले चरण में 2 लाख 67 हजार फ्रंटलाइन वर्कर्स को यह टीका लगाया जाना है। स्वास्थ्य विभाग ने रायपुर हवाई अड्डे से राज्य वैक्सीन भंडार तक टीकों के परिवहन के लिए इंसुलेटेड वैक्सीन वैन की व्यवस्था की है। इसमें टीकों को 2 डिग्री सेल्सियस से 8 डिग्री सेल्सियस तक के अनुकूलित तापमान में रखा जाएगा। राज्य वैक्सीन भंडार से इंसुलेटेड वैक्सीन वैन के जरिए ही सभी जिलों में ये टीके भेजे जाएंगे। इसके लिए एक राज्य स्तरीय, तीन क्षेत्रीय और 27 जिला स्तरीय कोल्ड चेन पॉइंट बनाए गए हैं। अधिकारियों का कहना है, प्रदेश में टीकों के सुरक्षित भंडारण व परिवहन के लिए अभी 630 क्रियाशील कोल्ड चेन पॉइंट एवं 85 हजार लीटर से अधिक कोल्ड चेन स्पेस उपलब्ध है। इनके साथ ही 81 अतिरिक्त कोल्ड चेन पॉइंट भी स्थापित किए गए हैं। वैक्सीन के परिवहन के लिए 1 हजार 311 कोल्ड-बॉक्स उपलब्ध हैं। सीरिंज, नीडल एवं अन्य सामग्रियों के भंडारण के लिए 360 ड्राई-स्टोरेज भी बने हैं।

**टीकाकरण के लिए 1349 बूथ चिन्हित-** प्रदेश में टीकाकरण के लिए 1349 बूथ चिन्हित किए गए हैं। इन केंद्रों पर कुल दो लाख 67 हजार 399 हेल्थ-केयर वर्करों, राज्य व केंद्रीय कर्मचारियों तथा सशस्त्र बलों को टीके लगाए जाने हैं। इन सब की जानकारी कोविन पोर्टल में एंट्री कर दी गई है।

**16 जनवरी से शुरू होगा टीकाकरण अभियान-** महामारी से निपटने के लिए टीकाकरण का अभियान 16 जनवरी से शुरू हो रहा है। इस पहले चरण में फ्रंटलाइन वर्कर्स को टीका लगना है। इस चरण के लिए छत्तीसगढ़ में पहले दिन 99 बूथों से टीकाकरण की शुरुआत होगी। पहले चरण के बाद 50 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को टीका लगना है।

### क्विक न्यूज़

#### लोहड़ी, मकर सक्रान्ति, बिहू, पोंगल की राष्ट्रपति ने दी बधाई

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने देशवासियों को लोहड़ी, मकर संक्रान्ति, पोंगल, भोगाली



बिहू, उत्तरायण और पौष पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। श्री कोविंद ने बुधवार को ट्वीट करके कहा कि लोहड़ी, मकर संक्रान्ति, पोंगल, भोगाली बिहू, उत्तरायण और पौष पर्व के अवसर पर सभी को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने कहा कि मेरी कामना है कि इन त्योहारों के माध्यम से हमारे समाज में प्रेम, स्नेह और सौहार्द का बंधन मजबूत हो तथा देश में समृद्धि और खुशहाली बढ़े।

#### सीबीएसई की 10वीं और 12 कक्षाओं के 18 जनवरी से खुलेंगे स्कूल

**नयी दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) परीक्षाओं और अन्य प्रैक्टिकल के मद्देनजर 10वीं और 12 वीं क्लास के लिए 18 जनवरी से प्रैक्टिकल, प्रोजेक्ट, काउंसिलिंग आदि के लिए स्कूल खोलने की अनुमति देने का बुधवार को एलान किया। शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने आज ट्वीट करके इसकी जानकारी दी। श्री सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली में सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं और प्रैक्टिकल के मद्देनज़र 10वीं और 12 वीं क्लास के लिए 18 जनवरी से प्रैक्टिकल, प्रोजेक्ट, काउंसिलिंग आदि के लिए स्कूल खोलने की अनुमति दी जा रही है।

#### कर्नाटक एनएलएसआईयू आरक्षण : सुनवाई से हटे जस्टिस ललित

**नयी दिल्ली।** नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया यूनिवर्सिटी (एनएलएसआईयू) में स्थानीय निवासियों को 25 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था को निरस्त करने संबंधी कर्नाटक उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली अपील पर उच्चतम न्यायालय में सुनवाई बुधवार को टल गयी, क्योंक एक न्यायाधीश ने खुद को सुनवाई से अलग कर लिया। न्यायमूर्ति उदय उमेश ललित की अध्यक्षता वाली खंडपीठ के समक्ष कर्नाटक सरकार की अपील जैसे ही सुनवाई के लिए आयी।

## कृषि कानून को लेकर न्यायालय को भी किया गुमराह : कांग्रेस

वार्ता नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि केंद्र सरकार ने कृषि संबंधी तीन कानूनों को लेकर न सिर्फ किसानों और जनता को बल्कि देश के उच्चतम न्यायालय को भी गुमराह किया है। कांग्रेस प्रवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने बुधवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सरकार ने



इस कानून को लेकर समग्र देश को, इसके हर नागरिक को तथा उच्चतम न्यायालय को भी बरगलाया है और उसके इस कदम की कड़ी निंदा की जानी चाहिए। उनका कहना था कि सूचना के अधिकार के तहत मिली एक सूचना के अनुसार सरकार ने इस कानून को लेकर देश को गुमराह किया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने उच्चतम न्यायालय में एक हलफनामा देकर कहा है कि कृषि संबंधी कानून लाने से पहले इसके बारे में जनता से परामर्श मांगा गया। उन्होंने कहा कि 11 दिसम्बर और 15 दिसम्बर को सूचना के अधिकार के तहत इन तीनों कानूनों को लेकर जनता से परामर्श मांगे जाने के बारे में जब सरकार से जानकारी मांगी गयी तो जवाब में कहा गया है कि उसके पास इससे जुड़े दस्तावेज नहीं है। प्रवक्ता ने कहा कि सरकार ने इस बारे में कोई विचार विमर्श किसी से नहीं किया और अध्यादेश को आनन फानन में संसद से पारित करा दिया। मामला उच्चतम न्यायालय गया तो सरकार ने गलत तथ्य देकर न्यायालय की अवमानना की और जनता के साथ धोखा किया और संसद में इस कानून को जल्दबाजी कर पारित किया गया।

### महिला सुरक्षा को लेकर उत्तर प्रदेश की व्यवस्था चौपट : प्रियंका

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस की उत्तर प्रदेश की प्रभारी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि राज्य में महिला सुरक्षा के नाम पर डंका तो खूब पीटा जा रहा है लेकिन जमीन पर कुछ



नहीं है और प्रदेश में महिलाएं बहुत असुरक्षित है। श्रीमती वाड्रा ने बुधवार को फेसबुक पर जारी पोस्ट में कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री जी के गृहक्षेत्र से आई खबर पढ़कर आपको अंदाजा लगेगा कि जिस सिस्टम ने अभी कुछ दिन पहले ही महिलाओं की सुरक्षा को लेकर चलाए गए 'मिशन शक्ति' के नाम पर झूठे प्रचार में करोड़ों रुपए बहा दिए, वह सिस्टम जमीनी स्तर पर महिलाओं की सुरक्षा को लेकर इस कदर उपेक्षित रवैया अपनाए हुए है। उन्होंने कहा कि इस खबर के अनुसार गोरखपुर में पिछले दिनों 12 से अधिक लड़कियों की मौत के मामले आए।

### पुलिस की कार्यप्रणाली पर खड़ा किया सवाल

## कांग्रेस पार्षद द्वारा आदिवासी युवक की पिटाई पर नेताम सख्त, मरकाम को लिखा पत्र

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

पिछले दिनों कांग्रेसी पार्षद द्वारा युवक की गई पिटाई पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष रामविचार नेताम ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम को पत्र लिखकर पार्षद के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है। मरकाम को लिखे पत्र में नेताम ने कहा कि समाचार पत्रों के माध्यम से आपको अवश्य जानकारी प्राप्त हुई होगी कि आपकी पार्टी के जनप्रतिनिधि ने एक जनजातीय वर्ग की गरीब महिला एवं उसके पुत्र को बेरहमी से पीटा है।

यहां तक कि आपके प्रतिनिधि के गुंडे खुलेआम पीड़ित परिवार को





धमका रहे हैं। भाजपा संगठन के दबाव पर उन पर पुलिस ने एफआईआर तो दर्ज की, लेकिन न ही उनकी गिरफ्तारी हुई और न ही उनके खिलाफ आपकी पार्टी ने इस गंभीर घटना पर कोई बात की। यह आपके संगठन की जनजातीय समाज के प्रति सोच को व्यक्त करता है। आप भी जनजातीय समाज से आते हैं। दलगत राजनीति से उठकर आपको उस पीड़ित परिवार के प्रति कम से कम संवेदना तो व्यक्त करनी थी। आपके द्वारा वह भी नहीं किया जाना चिंताजनक है।

SHRI BALAJI GROUP OF HOSPITALS & COLLEGES
संकल्प, समर्पित सेवा का
श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस
नया चिकित्सा महाविद्यालय शुभारंभ 2021
राजधानी रायपुर शहर के मध्य स्थित श्री बालाजी हास्पिटल मोवा रायपुर के समीप नया मेडिकल कॉलेज का
अतिशीघ्र शुभारंभ



डिपार्टमेंट
- एनाटॉमी
- फिजियोलॉजी
- बायोकमेस्ट्री
- फार्मेकोलॉजी
- जनरल मेडिसिन
- जनरल सर्जरी
- ऑर्थोपेडिक्स
- ई.एन.टी.
- ऑप्थल्मोलॉजी
- ऑब्स्टेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी
- एनेस्थिसियोलॉजी
- रेडियोडायग्नोसिस
- डेंटिस्ट्री
- इमरजेंसी मेडिसिन
- पैथोलॉजी
- माइक्रोबायोलॉजी
- फॉरेंसिक मेडिसिन
- कम्युनिटी मेडिसिन
- पीडियाट्रिक्स
- डर्मेटोलॉजी
- सायकाइट्री
- रेस्पिरेटरी मेडिसिन

सपर्क करें
श्री बालाजी हॉस्पिटल, मोवा, रायपुर, छत्तीसगढ़
डॉ. शुभम अवस्थी +91 7000541861, हिमांशु साहू +91 9575021000
E-mail : hr.sbims@gmail.com

# गौठानों को आजीविका केंद्र के रूप में विकसित करें : टी एस सिंहदेव

## पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री ने की विभागीय काम-काज की समीक्षा



पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री टी एस सिंहदेव ने आज दूसरे दिन ठाकुर प्यारेलाल पंचायत एवं ग्रामीण विकास संस्थान निमोरा में विभागीय काम-काज की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि गोधन न्याय योजना छत्तीसगढ़ सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली योजना है। इसके क्रियान्वयन के लिए कृषि विभाग नोडल अधिकारी है। उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों के समन्वित प्रयासों से इस योजना को सफल बनाना है। उन्होंने कहा कि गोठानों को आजीविका केंद्र के रूप में विकसित किया जाना है। गोधन न्याय योजना के क्रियान्वयन में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की सहभागिता सुनिश्चित होना चाहिए।

उन्होंने गौठानों को स्वावलंबी बनाने, अधिक से अधिक वर्मी कंपोस्ट का उत्पादन बढ़ाने, स्व सहायता समूह को सक्रिय करने, किसानों और समुदाय को जोड़ने के निर्देश दिए। मंत्री सिंहदेव ने कहा कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी कृषि विभाग के जिला अधिकारियों से सहयोग लेकर गोठानों की गतिविधियों में और अधिक सुधार लाएं, गोबर से निर्मित उत्पादों को बढ़ाएं और मांग के अनुरूप वर्मी कंपोस्ट की आपूर्ति कृषि, उद्यानिकी, वन एवं शहरी विकास विभाग को सुनिश्चित करें। बैठक में कृषि उत्पादन आयुक्त एवं सचिव डॉ एम गीता ने गोठानों की स्थिति और वहां संचालित गतिविधियों, वर्मी कंपोस्ट निर्माण आदि की प्रस्तुतिकरण के जरिए जानकारी दी। डॉ गीता ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों से कहा कि वे गोठानों का नियमित निरीक्षण करें।, गोठानों में गोबर खरीदी शुभम हो, समूह की महिलाओं को अधिक से अधिक लाभ हो। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि समूहों को प्रदाय की जा रही गोबर एवं भुगतान आदि की जानकारी अद्यतन रखें। बैठक में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत मानव दिवस सृजन की लक्ष्य प्राप्ति एवं 100 दिवस रोजगार उपलब्ध कराने तथा वन अधिकार पट्टा धारक परिवारों को 150 दिवस रोजगार उपलब्ध कराने, धान संग्रहणचबूतरा, पंचायत भवन, गौठान, चारागाह विकास, नरवा उपचार तथा समय पर मजदूरी भुगतान की जिलेवार समीक्षा की गई। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत रूफ कास्ट स्तर वाले हितग्राहियों के आवासों को पूर्ण करने के संबंध में भी चर्चा की गई। बैठक में सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास आर प्रसन्ना, आयुक्त मनरेगा मोहम्मद कैसर अब्दुलहक, ठाकुर प्यारेलाल पंचायत एवं ग्रामीण विकास संस्थान के संचालक पी सी मिश्रा, प्रमुख अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा एसएन श्रीवास्तव, ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आलोक कटियार सहित सभी जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उपस्थित थे।

# निजी स्कूलों को ऑनलाइन राशि प्रदान करने वाला देश का पहला राज्य बना छत्तीसगढ़

## स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने जारी किए 101 करोड़



पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत आज प्रदेश के 5 हजार 403 निजी स्कूलों के शिक्षण शुल्क की प्रतिपूर्ति राशि 101 करोड़ रूपए सीधे उनके खाते में ऑनलाइन ट्रान्सफर किए। छत्तीसगढ़ ऐसा पहला राज्य है जहां सिर्फ कोरोना काल में 51,985 बच्चों को प्रवेश दिलाकर व्यवस्थित तरीके से ऑनलाइन राशि भेजी गई है। अब तक शिक्षा के अधिकार के तहत 33 लाख 65 हजार 552 विद्यार्थी लाभान्वित हुए हैं।

उल्लेखनीय है कि शिक्षा के अधिकार के मामले में छत्तीसगढ़ के इस मॉडल को ओडिशा, झारखण्ड और आसाम राज्यों में भी अपनाया जा रहा है। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री के आवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में संचालक लोक शिक्षण एवं समग्र शिक्षा के प्रबंध संचालक जितेन्द्र कुमार शुक्ल, कार्यक्रम के सहायक संचालक एवं नोडल अधिकारी अशोक कुमार बंजारा, सहायक संचालक प्रशांत पाण्डेय, बैंक के अधिकारी और इन्डस एक्शन संस्था के पदाधिकारी उपस्थित थे।

स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने इस अवसर पर कहा कि छत्तीसगढ़ में पहली बार शिक्षा के अधिकार की राशि ऑनलाइन स्कूलों को प्रदान की गई है। मंत्री डॉ. टेकाम ने बताया कि लंबे समय से यह मांग बार-बार आ रही थी कि निजी स्कूलों में शिक्षा के अधिकार के तहत् आने वाले वंचित वर्ग के बच्चों की फीस समय पर नहीं मिल पा रही है।

# मुख्यमंत्री ने मकर संक्रांति, पोंगल और लोहड़ी की दी शुभकामनाएं

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेशवासियों को मकर संक्रांति, पोंगल और लोहड़ी पर्व की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने इस अवसर पर सभी लोगों के लिए सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की है।

मुख्यमंत्री ने जारी शुभकामना संदेश में कहा है कि सूर्य को अन्न धन का दाता और समस्त ऊर्जा का आधार माना गया है। भारत में सूर्य के दक्षिणायन से उत्तरायण होकर मकर रेखा की ओर जाने का स्वागत उमंग और उत्साह से किया जाता है। मकर संक्रांति का त्यौहार ऋतु परिवर्तन का संदेश लेकर आता है। देश के विभिन्न क्षेत्रों में इसे मकर संक्रांति, पोंगल और लोहड़ी पर्व के नाम से मनाते है। ये त्यौहार नव सृजन,सौहार्द और असीम प्रेम के प्रतीक हैं। श्री बघेल ने कहा है कि यह पर्व देश, प्रदेश सहित सभी लोगों के जीवन में भी सुखद परिवर्तन लेकर आए।

# रविवि नकल का अपनी तरह का एक अनोखा मामला सामने आया

- बाथरूम में मिली उत्तरपुस्तिकाएं, नकल करने इस्तेमाल

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com




पं. रविशंकर शुक्ल विवि में मंगलवार को नकल का अपनी तरह का एक अनोखा मामला सामने आया। वर्तमान में बीएएलएलबी की सेमेस्टर परीक्षाएं चल रही हैं। द्वितीय सेमेस्टर की एटीकेटी परीक्षाएं फिलहाल विवि ले रहा है। इसके लिए परीक्षा केंद्र रविवि अध्ययनशाला में ही बनाए गए हैं। मंगलवार को शारीरिक शिक्षा विभाग में परीक्षाएं चल रही थीं। इस विभाग के बाथरूम में अधिकारियों को नकल सामग्री मिली। यह पहली बार नहीं है, जब अधिकारियों को बाथरूम में नकल सामग्री मिली हो। लेकिन इस बार नकल सामग्री के रूप में पूरक उत्तरपुस्तिका मिली है। छात्रों को परीक्षाओं के दौरान मुख्य उत्तरपुस्तिका के साथ ही आवश्यकता पड़ने पर पूरक उत्तरपुस्तिका भी दी जाती है। इसका उल्लेख भी बकायदा किया जाता है। परीक्षा के दौरान मिलने वाली ये पूरक कॉपियां ही बाथरूम में मिली हैं। इनमें विभिन्न प्रश्नों के उत्तर लिखे हुए थे। छात्रों के इन अजीबो-गरीब हथकंडों से रविवि के अधिकारी-शिक्षक भी हैरान हैं।

सवाल जिन पूरक उत्तरपुस्तिकाओं में उत्तर लिखे हुए थे, वे बीते सत्र की हैं और रविवि की है। इनमें केंद्राध्यक्ष के मुहर और हस्ताक्षर भी हैं। चूंकि छात्रों को दी जाने वाली प्रत्येक उत्तरपुस्तिका का रविवि को रिकॉर्ड रखना होता है, ऐसे में वो उत्तरपुस्तिका कैसे वहां आ गई, इस पर सवाल उठ रहे हैं। उत्तरपुस्तिकाएं छात्रों को परीक्षा के पश्चात अनिवार्यत: जमा करनी होती है। छात्र किस तरह से इसे घर लेकर चले गए, इस पर सवाल उठ रहे हैं। हालांकि नकल प्रकरण में शामिल छात्र के विषय में अब तक पड़ताल नहीं की जा सकी है। यह भी स्पष्ट नहीं हो सका है कि मुख्य उत्तरपुस्तिका के साथ जमा करने की तैयारी थी अथवा इसे नकल पर्ची के रूप में इस्तेमाल करने की तैयारी छात्रों की थी।

> कार्रवाई होगी छानबीन के बाद ही चीजें स्पष्ट हो सकेंगी। नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।
>
> – सुपर्ण सेन गुप्ता,
> मीडिया प्रभारी, रविवि

# गरिमापूर्ण तरीके से मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2021 का आयोजन पूरे राज्य में गरिमापूर्ण तरीके से किया जाएगा। राज्य शासन के निर्णय अनुसार इस वर्ष किसी प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन नही किया जाएगा। समारोह में विशेष रूप से कोरोना वारियर्स डॉक्टरों, पुलिसकर्मियों, स्वास्थ्यकर्मियों एवं स्वच्छताकर्मियों को सम्मानित किया जाएगा। आयोजन के दौरान कोविड-19 से बचाव के लिए सभी निर्देशों का पालन और उपाए किए जाएंगे। गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन में स्कूली छात्र-छात्राओं को नही बुलाया जाएगा। गणतंत्र दिवस 26 जनवरी की रात्रि में प्रदेश के सभी शासकीय/सार्वजनिक भवनों/राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों पर रोशनी की जाएगी। साथ ही सभी शासकीय और सार्वजनिक भवनों पर राष्ट्र ध्वज फहराया जाएगा।

छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेशानुसार राज्य स्तर पर राजधानी रायपुर में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में माननीय राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। ध्वजारोहण के बाद पुलिस एवं अर्द्धसैनिक बलों की टुकड़ियों द्वारा (गार्ड ऑफ ऑनर) सलामी दी जाएगी। इसके बाद माननीय राज्यपाल के द्वारा संदेश का वाचन किया जाएगा।

# 13 जनवरी तक 71.48 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 में 13 जनवरी 2021 तक 71 लाख 48 हजार 349 मीट्रिक धान की खरीदी की गई है। अब तक राज्य के 17 लाख 38 हजार 231 किसानों ने समर्थन मूल्य पर धान बेचा। राज्य के मिलरों को 23 लाख 49 हजार 271 मीट्रिक टन धान का डी.ओ. जारी किया गया है। जिसके विरूद्ध मिलरों द्वारा अब तक 20 लाख 17 हजार 49 मीट्रिक टन धान का उठाव कर लिया गया है। खरीफ वर्ष 2020-21 में 13 जनवरी 2021 तक राज्य के बस्तर जिले में 94 हजार 950 मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। इसी प्रकार बीजापुर जिले में 47 हजार 177 मीट्रिक टन, दंतेवाड़ा जिले में 10 हजार 474 मीट्रिक टन, कांकेर जिले में 2 लाख 22 हजार 40 मीट्रिक टन, कोण्डागांव जिले में एक लाख 4 हजार 927 मीट्रिक टन, नारायणपुर जिले में 14 हजार 77 मीट्रिक टन, सुकमा जिले में 27 हजार 741 मीट्रिक टन, बिलासपुर जिले में 3 लाख 75 हजार 766 मीट्रिक टन, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही 54 हजार 784 मीट्रिक टन, जांजगीर-चांपा जिले में 6 लाख 87 हजार 142 मीट्रिक टन, कोरबा जिले में 91 हजार 989 मीट्रिक टन, मुंगेली जिले में 2 लाख 96 हजार 497 मीट्रिक टन खरीदी की गई है।

इसी तरह रायगढ़ जिले में 4 लाख 27 हजार 53 मीट्रिक टन, बालोद जिले में 4 लाख 30 हजार 985 मीट्रिक टन, बेमेतरा जिले में 4 लाख 99 हजार 33 मीट्रिक टन, दुर्ग जिले में 3 लाख 29 हजार 93 मीट्रिक टन, कवर्धा जिले में 3 लाख 44 हजार 712 मीट्रिक टन, राजनांदगांव जिले में 5 लाख 93 हजार 379 मीट्रिक टन, बलौदाबाजार जिले में 4 लाख 88 हजार 389 मीट्रिक टन, धमतरी जिले में 3 लाख 46 हजार 806 मीट्रिक टन, गरियाबंद जिले में 2 लाख 52 हजार 687 मीट्रिक टन, महासमुंद जिले में 4 लाख 96 हजार 329 मीट्रिक टन, रायपुर जिले में 3 लाख 98 हजार 687 मीट्रिक टन, बलरामपुर जिले में एक लाख 10 हजार 408 मीट्रिक टन, जशपुर जिले में 80 हजार 639 मीट्रिक टन, कोरिया जिले में 85 हजार 856 मीट्रिक टन, सरगुजा जिले में एक लाख 10 हजार 166 मीट्रिक टन और सूरजपुर जिले में एक लाख 26 हजार 558 मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है।

# स्टेट लेवल टेक फेस्ट 2020 में कोलंबिया की हेमलता प्रथम

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com





स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय की एन एस एस इकाई द्वारा स्टेट लेवल टेक फेस्ट 2020 का ऑन लाइन आयोजन किया गया था जिसमे विश्वविद्यालय से सम्बद्ध संस्थानों के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया था । इसके अंतर्गत सोलो सिंगिंग कम्पटीशन में कोलंबिया इंस्टीट्यूट आफ फ र्मेसी की थर्ड ईयर में अध्ययनरत ए हेमलता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया‍ए इसी प्रकार कोलंबिया इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के बी टेक थर्ड ईयर के निषिद्ध रंजनकर ने इन्स्ट्रूमेंटल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता के पूर्व महाविद्यालय द्वारा संस्था स्तर पर चयन प्रक्रिया का आयोजन किया गया था जिसमे चयनित विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय स्तर पर भाग लिया इस आयोजन की प्रक्रिया संस्थान के असिस्टेंट प्रोफेसर गुंजन कल्याणी द्वारा सम्पादित की गई। यह जानकारी एन एस एस की कोलंबिया यूनिट के प्रभारी सागर साहू ने दी

इस उपलब्धि पर संस्थान प्रबंधन तथा ग्रुप के प्राचार्यों द्वारा अनेकानेक बधाइयाँ प्रेषित करते हुए भविष्य में भी इसी प्रदर्शन को दोहराने की कामना की गई।

# शंकराचार्य कालेज का एल्यूमिनाईमीट





पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

शंकराचार्य रायपुर कैम्पस में पूर्व छात्रों की एक मीट कराई गई जिसमें पहले के लगभग 150 छात्रों ने भाग लिया था, इस प्रोग्राम में कोरोना को देखते हुए शासन द्वारा दिये गए सभी नियमों का ध्यान रख कर मनाया गया, कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डॉ. आलोक कुमार जैन और श्रीनिशांत त्रिपाठी-चेयरमेन ने दीप प्रज्जवलन के साथ किया। इसके बाद पूर्व छात्रों द्वारा कुछ सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए, इसमें फि र प्रोफेसर्स कहा पीछे रहने वाले थे, पूर्व छात्रों के उत्साह को देखते हुए उन्होंने भी स्टेज पर माइक थाम लिया, कार्यक्रम के बीच संस्था के चेयरमेन ने कुछ छात्रों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया और अपने उद्बोधन में उन्होंने कहाकि एल्यूमिनाई मीट में छात्रों के साथ संस्था के भावनात्मक संबंधों को और तरोताजा कर देते हैं, उपलब्धियों एवं अनुभव बांटने के साथ-साथ वर्तमान छात्रों को मार्गदर्शन प्राप्त होता है। संस्था के डीनट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट प्रो. नितिन जैन ने कालेज के अब तक के सफ र एवं उपलब्धियों को वीडियो प्रजेंटेशन के माध्यम से प्रदर्शित किया, विभिन्न कंपनियों जैसे-कॉलिन्स ऐरोस्पेस, एडॉबी, ईवान्स, सेल कंपनी, मास्टर कार्ड एवं विभिन बहुराष्ट्रीय कंपनियों में कार्यरत पूर्व छात्र उपस्थित रहे। पूर्व छात्रों ने भी अपने वीडियो संदेश के माध्यम से अपने जूनियर्स को सफ लता के टिप्स एवं फ्यूचर टेक्नालॉजी के बारे में अपने विचार साझा किए। चेयरमेन श्रीनिशांत त्रिपाठी ने मीट के सफ लआयोजन के लिए ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट डिपार्टमेंट एवं उनकी टीम को बधाई दी।

## कई जगह रेड अलर्ट, मौसम विभाग ने संभावना जताई

# उत्तर भारत का असर, अगले दो दिनों तक छत्तीसगढ़ में रहेगा शीतलहर

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



उत्तर भारत में लगातार शीतलहर का टॉर्चर बढ़ता ही जा रहा है। मौसम विभाग ने एक बार फिर अगले दो दिनों तक उत्तर भारत के कई राज्यों में गंभीर शीतलहर की संभावना जताई है। इन दिनों सर्दी से उत्तर भारत में लोगों का बुरा हाल है। मौसम विभाग के मुताबिक, पूरे उत्तर भारत में सर्दी से लोगों का बुरा हाल हो गया है और अगले चार दिनों तक इसके और बढ़ने की संभावना है। आईएमडी ने उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में अगले चार दिनों तक शीतलहर को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी कर दिया है। दिल्ली में शीतलहर से पारा 4 डिग्री तक नीचे चला गया है। वहीं दूसरी तरफ घने कोहरे से उत्तर भारत में ठंड और बढ़ चली है। भारतीय मौसम विभाग ने जानकारी देते हुए बताया कि दिल्ली के लोधी रोड पर न्यूनतम तापमान बुधवार को 4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक, 15 जनवरी तक कड़ाके की ठंड पड़ेगी। मौसम विभाग ने राजस्थान के कई इलाकों में शीतलहर को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा दक्षिण भारत के कई इलाकों में भारी बारिश को लेकर रेड अलर्ट जारी कर दिया है।

मौसम विभाग के मुताबिक, उत्तर प्रदेश के कुछ जिलों में अगले 24 घंटों तक शीतलहर की चेतावनी जारी कर दी है। वहीं कई जिलों में धूप भी निकल आई है। मौसम विभाग ने कहा कि राज्य के कई जिलों में कहीं-कहीं सुबह व रात में घना कोहरा छाया रहेगा साथ ही दिन में धुप रहेगी। फिलहाल, सुबह शाम का तापमान लगातार गिरता जा रहा है। हरियाणा के अंबाला, करनाल और रोहतक में लगातार पारा गिर रहा है। जबकि चंडीगढ़ में न्यूनतम तापमान 5.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। पंजाब और हरियाणा के अधिकतर हिस्सों में शीतलहर को लेकर अलर्ट जारी है। जम्मू कश्मीर, उत्तराखंड, हिमाचल जैसे राज्यों में बर्फबारी का दौर जारी है। हिमाचल के मैदानी जिलों में चार दिन घना कोहरा छाने की चेतावनी जारी कर दी है। वहीं प्रदेश में 5 दिनों तक साफ रहने की उम्मीद है। जम्मू-हिमाचल और उत्तराखंड के ऊंचाई वाले इलाकों में तापमान शून्य से नीचे दर्ज किया गया। अगर मध्य भारत की बात करें तो छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में भी ठंड बढ़ने लगी है। कई इलाकों में शीतलहर के आसार साफ देखने को मिल रहा है। जिसके चलते मौसम विभाग ने अलर्ट जारी कर दिया है। इसके साथ ही घना कोहरा छाये रहने का अनुमान लगाया जा रहा है।

# लोहड़ी, पोंगल व मकर संक्रांति पर्व पर महंत ने दी बधाई एवं शुभकामनाएं

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



विधान सभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने लोहड़ी, पोंगल व मकर संक्रांति पर्व की प्रदेश वासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है । अपने संदेश में डॉ.महंत ने कहा कि-ये पर्व ओजस्विता और प्रकाश का पर्व है, अंधकार से प्रकाश की ओर हुए परिवर्तन का पर्व है। सूर्य ऊर्जा का अक्षय स्रोत है और इसी दिन से दिन के समय में वृद्धि हो जाती है । यही कारण है कि मकर संक्रांति को पर्व के रूप में मनाने की व्यवस्था हमारे भारतीय मनीषियों द्वारा की गई है। सम्पूर्ण भारतवर्ष को एक सांस्कृतिक सूत्र में आबद्ध करने वाला मकर संक्रांति, पोंगल एवं लोहड़ी का यह पर्व सूर्योत्सव का प्रतीक है । लोहड़ी उत्तर भारतीयों विशेषकर दिल्ली, पंजाब एवं हरियाणा में प्रकृति की उपासना एवं आभार प्रकट करने का पर्व है । दक्षिण भारत का प्रमुख पर्व पोंगल दैनिक जीवन की नीरसता को दूर करके सम्पूर्ण समाज में नयी चेतना और उल्लास के साथ जीवन जीने की प्रेरणा देता है। अपने संदेश में डॉ. महंत ने छत्तीसगढ़ वासियों, उत्तर एवं दक्षिण भारतीयों के प्रति मंगलकामना व्यक्त करते हुए उनका आह्वान किया कि छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माण व विकास में इन समाजों का सराहनीय योगदान रहा हैं, ये समाज आगे भी इस प्रदेश को उन्नति के शिखर पर पहुँचाने में अपनी सहभगिता निभाते रहेंगे ।

# धान खरीदी को लेकर भूपेश सरकार की नियत में खोट : महेश गागड़ा

## धान खरीदी पर बोरों का कृत्रिम संकट, किसान ठगे रह गए

पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com

पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ने आरोप लगाया कि भूपेश सरकार की किसानों का पूरा धान खरीदने की मंशा शुरू से ही नहीं थी और इसलिए 4.45 लाख की मांग के मुकाबले राज्य सरकार ने केवल एक लाख बारदानों का टेण्डर किया। यहां नहीं बल्कि समूचे राज्य में धान खरीदी की बुरी स्थिति है।

यहां पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा करते पूर्व वन मंत्री महेश गागड़ा, जिला सह प्रभारी धनीराम वारसे एवं भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीनिवास राव मुदलियार ने कहा कि किसानों को भूपेश सरकार ने भ्रम में रखा, चाहे वो गिरदावरी की बात हो या फिर रकबे की। राज्य सरकार को 90 लाख मेट्रिक टन धान खरीदना है और केन्द्र राज्य से 24 लाख मेट्रिक टन चावल खरीदेगी। पिछले साल भी भूपेश सरकार ने 86 फीसदी धान ही खरीदा था। बारदानों को लेकर सेल्समेन एवं प्रबंधकों का धमकाया जा रहा है। रिकवरी नहीं



**जिले में भ्रष्टाचार का आलम**
पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ने कहा कि पूरे जिले में भ्रष्टाचार का आलम है। सड़कें बनने के पंद्रह दिन बाद ही उखड़ जा रही है। इसमें विधायक, अफसर और ठेकेदार की मिलीभगत है। कमीषन के चलते घटिया काम हो रहा है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को उपकृत करने पोटा केबिन और आश्रमों की रंगाई पुताई की जा रही है।

पटाने पर निलंबन की चेतावनी दी जा रही है। अब कांग्रेस कार्यकर्ता ही महंगे दामों पर बोरे बेच रहे हैं। खरीदी केन्द्रों में अव्यवस्था फैली हुई है। पत्र वार्ता में भाजपा अजजा मोर्चा जिलाध्यक्ष सुखलाल पुजारी, उपाध्यक्ष घासीराम नाग एवं जिला मंत्री सत्येन्द्र ठाकुर मौजूद थे।

**नियमितीकरण पर सरकार मौन :** महेश गागड़ा ने कहा कि कांग्रेस ने अपने चुनावी घोषणापत्र में कर्मचारियों के नियमितीकरण की बात कही थी लेकिन अब इससे मुकर रही है। इधर, सचिव और पटवारी आंदोलित हैं । अब तक पटवारियों को तबादले का डर दिखाया जा रहा है। युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देने की बात कही गई थी लेकिन ढाई हजार रूपए भत्ते पर सरकार चुप है। किसानों की परेशानियों को लेकर रैली की अनुमति नहीं दी जा रही है। इस तरह लोकतंत्र को कुचलने की कोशिश सरकार कर रही है। गंगालूर से निकाली गई रैली पर पुलिस ने डण्डे बरसाए लेकिन इस पर भी सरकार चुप है। जब भूपेश बघेल पीसीसी अध्यक्ष थे तब वे तुरंत जांच कमेटी बनाते थे। अब आदिवासी हित की बात कहां गई।

### सोच वैज्ञानिक नहीं

पूर्व मंत्री ने कहा कि बस्तर में गोठान की सोच पर वैज्ञानिक तरीके से मंथन होना चाहिए। मवेषी जंगल में जाते हैं और वहां गोबर आता है। इससे जंगल की उर्वरा ष्षक्ति बढ़ती है। पूरे प्रषासन को गोठान में झोंक देने से विकास कार्यों पर असर पड़ रहा है। सभी को जमीन देने के लुभावने वादे का असर ये हो रहा है कि जंगल तेजी से काटे जा रहे हैं और वहां लोग कब्जा कर रहे हैं।

### संगदिल सरकार, मौत पर मुआवजा दे

भाजपा नेता महेश गागड़ा ने कहा कि सीएम प्रवास के एक दिन पहले महादेव तालाब के किनारे काम पर लगाए गए एक मजदूर हरीश की मौत करंट लगने से हो गई। इस ओर ना तो किसी अफसर और ना ही किसी कांग्रेसी ने संवेदना व्यक्त की। सीएम ने भी मंच या कहीं और इस बारे में संवेदना के दो शब्द नहीं कहे। महेश गागड़ा ने मांग की कि महेष के परिवार को मुआवजा और उनके परिवार के एक सदस्य को नौकरी दी जाए।

# कलेक्टर दीपक सोनी ने ली गणतंत्र दिवस के आयोजन को लेकर बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के आयोजन को लेकर कलेक्टर दीपक सोनी ने कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर उन्हें अलग-अलग दायित्व सौंपे। बैठक में कलेक्टर दीपक सोनी ने कहा कि वर्तमान में कोरोना के बढ़ते संक्रमण को ध्यान में रखते हुए कोविड-19 के रोकथाम हेतु शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों के तहत् मास्क एवं सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए गणतंत्र दिवस मनाया जायेगा। कलेक्टर सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह हाई स्कूल ग्राउंड दंतेवाड़ा में आयोजित किया जायेगा। मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि के द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा तथा पुलिस एवं नगर सैनिकों की टुकड़ियों द्वारा सलामी ली जाएगी। मुख्य अतिथि द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा जनता के नाम प्रेषित सन्देश का वाचन किया जाएगा। स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत किये जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं परेड का आयोजन नही होगा। कार्यक्रम में कोरोना वारियर्स डाक्टरों, पुलिस कर्मियों, स्वास्थ्य कर्मियों एवं स्वच्छता कर्मियों को विशेष रूप से आमंत्रित कर उन्हें सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में आने वाले सभी लोगों को मास्क पहनना और सामाजिक दूरी आदि का पालन करना अनिवार्य होगा। बैठक में पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव, वनमण्डलाधिकारी श्री सन्दीप बलगा, जिला पंचायत सीईओ अश्वनी देवांगन, एएसपी श्री राजेंद्र जायसवाल तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे। आगामी 26 जनवरी 2021 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय पर्व के लिए विभिन्न व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। गणतंत्र दिवस समारोह के सफल आयोजन हेतु मैदान की तैयारी, मंच व्यवस्था, माईक, पुष्पगुच्छ एवं गुब्बारे की व्यवस्था, मंच संचालन, पेयजल, चिकित्सा सुविधा, आमंत्रण कार्ड, मुख्य अतिथियों का स्वागत, पण्डाल एवं कुर्सी की व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, पुरस्कार व्यवस्था की गई है।

# बीटीओए के मतदान,16 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला मत पेटी में कैद

पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

बैलाडीला ट्रक ओनर्स एसोसिएशन के मतदान संपन्न हो गया है कुल 531 वोट डाले गए। सुबह 08 बजे से शुरू हुआ मतदान अपरान्ह 3 बजे तक चला इनमें कुल 531 मतदाता ने 16 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला किया।आज सुबह सबसे पहले नगर के प्रथम नागरिक अध्यक्ष मृणाल राय द्वारा मतदान किया गया।प्रशासन द्वारा कोरोना नियम के गाइडलाइन का पालन किया जा रहा है। किसी भी अनहोनी



से निपटने के लिए पुलिस प्रशासन को सुरक्षा के लिए तैनात किया गया है। 3.30 बजे से मतगणना आरम्भ होगी। मतदान का परिणाम का घोषणा आज ही किया जावेगा।

# एनएमडीसी मशरूम की खेती के लिए ट्रेनिंग देकर करवा रहा है उत्पादन

पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

ग्रामीण के आमदनी बढ़ाने के लिए सब्जी की खेती के अलावा मशरूम की खेती के लिए भी ट्रेनिंग और मशरूम उत्पादन करा रहे हैं। मशरूम का बीज जगदलपुर एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी से मंगवा कर किसानों को प्रशिक्षण दे रहे हैं और मशरूम उत्पादन करवा रहे है ।

मशरूम के लिए धान का पैरा का इस्तमाल किया जा रहा है । उस पैरा में बीज डालकर पॉलीथिन बैग में सिलिंडर बना रहे हैं जिसमें 15 दिनों के बाद प्लास्टिक को काट कर सिलिंडर में



रोज पानी डाला जाता है और 01 महीने के अंदर सिलिंडर से मशरूम उत्पादन होना शुरू हो जाता है इस कार्य गोंगपाल के किसान हूँगा द्वारा अपने भूमि पर किया जा रहा है। जिसका निरीक्षण करने पहुँचे किरंदुल एनएमडीसी के अधिशासी निर्देशक आर गोविंदराजन, उपमहाप्रबन्धक धर्मेंद्र आचार्य, प्रबन्धक जितेंद्र कुमार, शमियतामठ कौडिनेटर स्वपन मिश्रा, मधुसुधन ।

# जिले के घोषित रेत खदानों से हो रही अवैध रेत परिवहन

■ ठेकेदार व अधिकारियों की सांठगांठ से हो रही राजस्व की चोरी

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

शासन की मंशा रेत व खनिज संपदा के अवैध उत्खनन पर अंकुश लगा शासन को हो रहे राजस्व के नुकसान को कम करना है, जिसके लिए शासन ने बाकायदा अधिकारी कर्मचारी नियुक्त कर रखा है।साथ ही रेत व अन्य संपदा के खदान नियमानुसार घोषित किये जाते है, ताकि इनके उत्खनन व उपयोग पर नियमानुसार शुल्क सासन को राजस्व के रूप में प्राप्त हो सके।

लेकिन जिले के घोषित रेत




खदानों में ही अवैध रेत उत्खनन व परिवहन ठेकेदार व अधिकारियों के संरक्षण में धडल्ले से चल रहा है।मामले का उजागर तब हुआ जब एक फोन ऑडियो वायरल हुआ जिसमे ठेकेदार कह रहा है कि पिटपास व बगैर पिट पास के लेने से क्या फायदे हैं वहीं ठेकेदार अधिकारियों के वर्किंग प्लान को बता रहा है कि कैसे गाड़िया बगैर पिट पास के परिवहन किया जाता है,व एक पिटपास परिवहन की पर्ची से कितनी ही गाड़िया अवैध परिवहन कर लेती हैं। जिससे लाखों करोड़ों के राजस्व का नुकसान शासन को पहुंचाया जा रहा है।

# संभाग के जिलों में हल्बी, गोंड़ी, छत्तीसगढ़ी में किया जा रहा है शासकीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार

■ स्थानीय संस्कृति नाट्य प्रहसन के बीच दी जा रही योजनाओं की जानकारी

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

राज्य सरकार ने अपनी जनकल्याणकारी योजनाओं को आदिवासियों और वनवासियों तक पहुंचाने के लिए उन्हीं की बोली में सहज और सरल ढंग से पहुंचाने की अनूठी पहल की है। इसके अन्तर्गत कला जत्था दल हाट-बाजारों में जाकर राज्य शासन की प्रमुख योजनाएं जैसे मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना, मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना, राजीव गांधी न्याय योजना, नरवा, गरूवा, घुरूवा और बाड़ी योजना सहित अन्य शासकीय योजनाओं से जुड़ने और उनका लाभ लेने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित करने के लिए स्थानीय बोली में लोगों को नाट्य और नृत्य शैली में सहज ढंग से प्रस्तुत कर रहे हैं। राज्य सरकार के जनसम्पर्क विभाग द्वारा बस्तर संभाग के सभी सातों जिलों में स्थानीय कलाजत्थों के माध्यम से स्थानीय बोलियों जैसे हल्बी, गोण्डी और भतरी के साथ छत्तीसगढ़ी में सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। स्थानीय बोलियों में गीत, संगीत, लोकनृत्य और नाटक के माध्यम से कला जत्थों द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यक्रम ग्रामीणों को न केवल आकर्षित कर रहे हैं, बल्कि योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित भी कर रहे हैं।

योजनाओं के प्रचार-प्रसार में स्थानीय लोगों को जोड़ने के लिए स्थानीय संस्कृति, परम्परा, नृत्य और नाट्य शैली में कार्यक्रम तैयार किए गए हैं। स्थानीय संस्कृति, नाट्य, प्रहसन के बीच में जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी रोचक ढंग से लोगों को दी जा रही है। इसके अन्तर्गत बस्तर संभाग के छह जिलों बस्तर, दंतेवाड़ा, बीजापुर, सुकमा, कोण्डागांव और नारायणपुर जिले के हाट-बाजारों में कला जत्थों द्वारा हल्बी और गोंण्डी में तथा कांकेर जिले में छत्तीसगढ़ी में योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। कला जत्था दलों के द्वारा जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित विभागीय योजनाओं की प्रचार सामग्रीयों का वितरण निःशुल्क किया जा रहा है।

# सत्संग परिवार ने गाइडलाइन का पालन करते पिकनिक मनाया

पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सत्संग परिवार बंगाली कैंप के सदस्यों के द्वारा कोविड-19 गाइडलाइन का पालन करते हुए बारसूर में ठाकुर अनुकूल चंद्र ी स्मृति में पिकनिक (वन भोजन) उत्सव मनाया गया।

यह पिकनिक की प्रचलन पिछले 30 वर्षों से चल रहा है जिसे वन भोजन नाम से जाना जाता हैं जनवरी माह की हर 9 तारीख को ठाकुर अनुकूल चंद्र जी अपने अनुयायियो के साथ पिकनिक (वन



भोजन) महाउत्सव मनाते थे जिसे आज भी उनके अनुयायियो द्वारा इस वन भोजन महाउत्सव की प्रचलन को जीवित रखा गया है।

### पार्टी की उम्मीदों पर खरा उतरने का रहेगा प्रयास : सुनील यादव

**सुकमा।** पिछले कई सालों से पार्टी के लिए काम कर रहा हु जिसके कारण मुझे मंत्री कवासी लखमा ने ब्लाक अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौपी है जिस पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा उक्त बातें नवनियुक्त ब्लाक अध्यक्ष सुनील



यादव ने कही। बुधवार को नव नियुक्त ब्लाक अध्यक्ष सुनील यादव ने कहा कि मुझे ब्लाक अध्यक्ष की जिम्मेदारी मंत्री कवासी लखमा जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी व जिला अध्यक्ष महेश्वरी बघेल ने जो जिम्मेदारी दी है उस पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। प्रदेश सरकार की उपलब्धि और कांग्रेस पार्टी के सिद्धांतो को लेकर जनता के बीच जाऊंगा और पार्टी को मजबूत करने के लिए काम करूंगा।

## पूर्व वनमंत्री महेश गागड़ा ने की हरीश के परिवार से मुलाकात

# मुख्यमंत्री के आगमन के तैयारियों में लगा हरीश को करंट, मौत

पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आगमन की तैयारियों में चप्पे-चप्पे में सुरक्षा की पुख्ता इंतजाम एवं पानी से लबरेज महादेव तालाब कोतवाली पुलिस थाना से तकरीबन 50 मीटर दूर मुख्यमंत्री के तैयारी की व्यवस्था में लगे जिला प्रशासन के जिम्मेदार नुमाइंदों के बीच 09 जन2021 को तालाब के नजदीक कृष्ण टेंट हाउस के मालिक रीतेश दास कांग्रेस नेता के टेंट में काम कर रहें मजदूर हरीश कोरम टेंट लगाने के दौरान पाइप का एक हिस्सा ऊपर से गुजरी हाईटेंशन लाइन से छू गया। जिससे पाइप में करंट दौड़ गया।

करंट लगने से हरीश कोरम पिता शंकर कोरम विकासखंड भोपालपटनम रालापल्ली 20 को बेहोश हालत में घटना स्थल से



सुरक्षा कार्मियों के द्वारा जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। यह खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया। ज्ञात हो कि तीन महिने पहले हुए पिता के मौत के सदमे से परिवार उबर नहीं सका। वही पति को कोने के सदमे से पत्नी इस्तारी कोरम जैसे तैसे हौसला जुटाकर जवान बेटे के सहारे जी रही मां, बेटे के मौत की खबर एक बार फिर मां के जिंदगी और परिवार में बवंडर ला दिया। इस तरह परिवार में दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। परिवार के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। पिता और बेटे के मौत पूरी तरह से टूट चुका परिवार शासन प्रशासन से आर्थिक मदद सहित परिवार में एक सदस्य को नौकरी देने की मांग करने की बात कही। आखिर इस हादसे का जिम्मेदार कौन है। जिला प्रशासन या फिर टेंट मालिक मुख्यमंत्री के तैयारियों में जुटा प्रशासनिक अमला। इतने बड़े हादसे के बाद पीड़िता के घर प्रशासन का कोई नुमाइंदा आज पर्यंत तक पहुंचा न तो टेंट मालिक पहुंचा व सत्ताधारी विधायक विक्रम मंडावी पहुंचे बल्कि पूर्व विधायक एवं वन मंत्री महेश गागड़ा पीड़ित के घर पहुंचकर अनुग्रह राशि सहयोग कर हर संभव सहयोग करने का हौसला अफजाई कर बेटे के प्रति विलाप कर रहें परिवार को ढांढस बंधाने को कहा। मसल क्षेत्रीय विधायक विक्रम मंडावी एवं प्रशासन हरीश कोरम के परिवार के प्रति सार्वजनिक तौर में चंद मिनट संवेदना व्यक्त करने की फुर्सत नहीं हैं?। कितनी बड़ी दुविधा है जिले के प्रशासन द्वारा मंत्री के आगमन में की जा रही ताम-झाम में एक मां का चिराग बुझ गया जोकि पिता के बाद पूरा घर और परिवार का जिम्मेदारी उनके कंधो पर रहा। सेठ साहूकारों के पास मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण कर रहा था। यह कहते हुए मां के आंखों से आंसू थमने का नाम नहीं ले रहें थें। बेटे को कोने के शौक में डूबा परिवार उनकी व्यथा बयां करते हुए कहा चुनाव के दरमियान एक एक वोट मांगने हर कोई नेता घर घर पहुंचते हैं। जब कोई संकट आता है तो कोई झांकने नहीं आता ।

# बीमार कार्यकर्ता अमित दुबे की कांग्रेस नहीं कर रही पूछपरख

पायनियर संवाददाता ◄ केशकाल
www.dailypioneer.com

राजनीति में ईमानदारी और समर्पण का क्या- शिला मिलता है इसका ज्वलंत उदाहरण अपने ही पार्टी नेताओं के उपेक्षा का दंश झेलते बीमारी से जूझते बिस्तर पर पड़े बहीगांव के अमित दुबे के मामले में देखने को मिल रहा है। होश संभालने के बाद से जिस पार्टी और जिन नेताओं के लिए का विषम से विषम परिस्थितियों में पूरी निष्ठा एवं समर्पित भाव से काम किया वो आज तक उन्होंने अभी तक कभी यह भी पूछने की औपचारिक खानापूर्ति नहीं किया कि आपकी तबियत कैसी है।

केशकाल विधानसभा के बहीगांव के निवासी एवं पूर्व मालगुजार परिवार के सुपुत्र अमित दुबे जो कि फिलहाल



ग्राम पंचायत बहीगांव के निर्विरोध निर्वाचित पंच होने के साथ कोंडागांव जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव भी हैं। जो कांग्रेस पार्टी के लिए सतत् सक्रिय रहकर सौंपे जाने वाले हर जवाबदेही पूरी ईमानदारी एवं लगन से निर्वाह करते रहे हैं वो पिछले 6-7माह से बीमार पड़े हुए है। बीमारी के इलाज के लिए धमतरी रायपुर से लेकर हैदराबाद के नामी गिरामी अस्पतालों का चक्कर दर चक्कर काट रहे हैं। अस्पतालों का फेरा लगाते जांच उपचार के नाम पर लाखों रूपया पानी की तरह बहाकर आर्थिक स्थिति खराब हो चुकी है वहीं भोजन करने में समस्या होने के चलते शरीर भी बहुत कमजोर हो चुका है। हर वक्त पार्टी के लिए और अपने पार्टी के नेताओं के हर हुक्म का पालन करने के अपने लाभ हानि की परवाह किए बगैर सेवा में जुटे रहते थे आज उनके बिपत्ति के समय कोई भी नेता साथ खड़ा रहकर साथ देने की बात तो दूर रही कोई उनकी हाल चाल जानने का दिखावा तक नहीं किया। जिससे उनके परिवार जन एवं शुभचिंतक क्षुब्ध और आक्रोशित हैं। नेताओं द्वारा अमित दुबे के साथ बरते जा रहे उपेक्षात्मक नकारात्मक रवैय्यै को देखते हुए ग्रामीण अंचल के कार्यकर्ताओं के मन में यह सवाल उठने लगा है कि जब अमित दुबे जैसे सक्रिय लोगों का पार्टी के किसी नेता द्वारा कोई पूछ परख तक नहीं किया गया कल को कही हमारी तबियत खराब हुई या कोई आफत आयेगा तो हमारे लिए कौन खड़ा होगा ?

# बर्ड फ्लू पर निगरानी के लिए त्वरित कार्रवाई दल गठित

## मुर्गियों अथवा पक्षियों की मौत पर दें तत्काल सूचना

■ पशु चिकित्सा विभाग ने सतर्क रहने जारी किये दिशा-निर्देश

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com





देश के दस राज्यों में बर्ड फ्लू की पुष्टि होने के साथ ही जिले में विशेष सतर्कता रखते हुए पशुधन विकास विभाग द्वारा पक्षियों में असान्य मृत्यु अथवा बिमारी की सतत् निगरानी हेतु त्वरित कार्रवाई दल(रैपिड रिस्पांस टीम) का गठन किया गया है। टीम के सदस्य के रूप में नियुक्त डॉ. तरूण सोनवानी मोबाईल फोन 76975-75232, डॉ.एल.एन. जायवाल मोबाईल नम्बर 96178-63118 तथा श्री राजेश कुमार वर्मा मोबाईल नम्बर 97533-11484 को पक्षियों के असामान्य मृत्यु की सूचना दी जा सकती है। विकासखण्ड के मैदानी अमले को क्षेत्र अंतर्गत आने वाले कुक्कुट फार्म, प्रवासी पक्षियों के जलाशय, बैकयार्ड कुक्कुट, बतख, जंगली पक्षियों में किसी भी प्रकार के रोग प्रकोप अथवा मृत्यु पर सतर्कता रखने निर्देशित किया गया है।

उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. चन्द्रकांत पाण्डेय ने बताया कि पशु चिकित्सा विभाग द्वारा पक्षी पालकों, मांस तथा अण्डा उपभोक्ताओं के जागरूकता हेतु दिशा-निर्देश जारी किया गया है। इस हेतु मोबाईल उपभोक्ताओं के लिए गूगल प्ले स्टोर से एक्शन बर्ड फ्लू एप्प डाउनलोड कर सामान्य जानकारी प्राप्त किया जा सकता है। बर्ड फ्लू एक वायरस जनित रोग है, जो मुर्गियों के साथ-साथ बतख तथा अन्य पक्षियों में गंभीर सांस की बीमारी और मौत का कारण बन सकता है। यह कभी-कभी मनुष्यों को भी प्रभावित कर सकता है। संक्रमित पक्षियों या दूषित कर्मिकों और उपकरणों के आवागमन से कुक्कुट घरों में बर्ड फ्लू का प्रसार होता है। वन्य प्रवासी पक्षियों का मल अथवा पंखों के साथ संपर्क से भी बर्ड फ्लू के संक्रमण की संभावना बढ़ सकता है। पूरी तरह से पके हुए मांस और अण्डे के सेवन से बर्ड फ्लू मनुष्यों में नहीं फैलता है।

राज्य अथवा जिले में अब तक बर्ड फ्लू के कोई प्रकरण नहीं प्राप्त हुए है। कुछ जिलो में नमूने परीक्षण हेतु भोपाल भेजे गये थे जिनमें जिला बालोद से भेजा गया नमूनों में बर्ड फ्लू नहीं पाया गया है। छुटपुट पक्षियों के मरने की जानकारी प्राप्त हुई है, जिसमें अम्बुजा कॉलोनी में कुछ कौवों की मृत्यु पश्चात सेम्पल लिया गया है। रेण्डम सेम्पलिंग हेतु कुछ मुगई फार्म व ग्रामों से भी नमूनें लिए गए हैं। जिसे परीक्षण हेतु भेजा जा रहा है। सतर्कता के तौर पर अन्य राज्यों से पक्षियों के परिवहन नही करने की सलाह दी गई है। बैकयार्ड, जंगली अथवा प्रवासी पक्षियों पर भी निगरानी के साथ ही पक्षियों के विक्रय स्थल पर भी विक्रतोओं को जागरूक व सतर्क रहने कहा जा रहा है। जिले के समस्त संस्थाओं में बर्ड फ्लू के के बारे में सर्तक रहने तथा विशेष सावधानियाँ बरतने हेतु दिशा-निर्देश जारी किये गये। विशेष कर वन अंचल के ग्रामों में साथ ही मैदानी अमले को निर्देश जारी किये गये है कि वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों से सतत् समन्वय बनाकर प्रतिदिन बर्ड फ्लू के बारे में रिपोर्ट प्रस्तुत करें ।संकलित रिपोर्ट को प्रतिदिन संचानालय भेजा जा रहा है।

# ईश्वर यादव खनिज संस्थान न्यास के सदस्य बनाए गए

■ कार्यकर्ताओं में उत्साह

पायनियर संवाददाता < डोंगरीडीह
www.dailypioneer.com

युवा नेता ईश्वर यादव को मिली बड़ी जिम्मेदारी जिला युवा कांग्रेस बलौदाबाजार भाटापारा के अध्यक्ष मानस पांडेय के करीबी माने जाने वाले ईश्वर यादव बनाये गये जिला खनिज संस्थान न्यास छ्रस्न्न बलौदा बाजार भाटापारा के सदस्य क्षेत्रीय विधायक एवम संसदीय सचिव शुश्री शकुंतला साहू के अनुशंसा से की गई नियुक्ति ओर पार्टी हाईकमान ने दिये। ईश्वर यादव को बड़ी जिम्मेदारी जिसके लिए ईश्वर यादव ने प्रभारी मंत्री टी एस सिंहदेव और क्षेत्रीय विधायक शकुंतला साहू एवं जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष मानस पांडेय का आभार जताया ।इस अवसर पर कार्यकर्ताओ द्वारा हर्ष जताया और बधाई और शुभकामनाये दिये जिसमें विशेष रूप से जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष मानस पांडेय ,



ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष रामप्रसाद वर्मा , विधानसभा युवा कांग्रेस के अध्यक्ष चंदन साहू , जिला युवा कांग्रेस के महासचिव लीलाधार साहू , गोविंद मिश्र , युवा नेता मितेश चौहान ,सुयश तिवारी ,राजू जायसवाल ,चंद्रमौलि शर्मा , चंदू यादव ,छोटा चौहान,शेरसिंग ध्रुव तमाम युवा काँग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# कोरोना संक्रमण से 94 स्वस्थ हुए, 729 नए संक्रमित मिले

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

कोरोना वायरस कोविड 19 से नये वर्ष में लोगों को राहत मिलने की जानकारी व्यापक रूप में जनमानस में सोशल मीडिया एवं विभिन्न समाचार माध्यमों से मिल रही है। राज्य में कोरोना का नाश करने के लिए वैक्शिनेशन का कार्यक्रम 14 जनवरी से प्रारंभ होगा। शुरूआती दौर में लोगों में जहां टीके को लेकर हिचकिचाहट का माहौल है वहीं नोडल अधिकारी डॉ. सुभाष पांडेय के अनुसार अभी भी कोरोना संक्रमण का वातावरण बना हुआ है। लगातार प्रदेश से कोरोना संक्रमितों के मामले प्रकाश में आ रहे है। ऐसी स्थिति में मास्क एवं कोरोना गाइड लाइन का पालन अभी भी किये जाने की आवश्यकता जनमानस को है। उन्होंने विश्वव्यापी महामारी के दौर से गुजरते हुए लोगों से सावधानीपूर्वक अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखने की अपील की है।

छत्तीसगढ़ शासन लोक स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी बुलेटिन के अनुसार मंगलवार रात 8 बजे की स्थिति में प्रदेश से कुल 94 मरीज स्वस्थ होकर डिस्चार्ज होने की जानकारी दी गई है।

# मांगों को लेकर अब तक पहल नहीं, सचिव व रोजगार सहायकों का क्रमिक भूख हड़ताल

पायनियर संवाददाता < तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com



मांगों को लेकर अब तक पहल नहीं होने से गुस्साये सचिव व रोजगार सहायकों ने क्रमिक भूख हड़ताल शुरू कर दिया है इस तरह लंबे समय से उनके हड़ताल में बैठने से ग्राम पंचायतों में का काज ढप हो गयी है इस खामयाजा ग्रामीणों एवं किसानों को परेशानियों का सामना कर भुगतना पड़ रहा है पंचायत सचिव संघ के संगठन सचिव कोमल प्रसाद साहू ने बताया कि वे अपनी मांगो को लेकर पूर्व में भी राज्य शासन को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराएं थे लेकिन पहल नही हुआ इसे ध्यान में रखकर आंदोलन करने हेतु विवश है इस तरह मांगो को लेकर सभी सचिव एवं रोजगार सहायक अनिश्चित कालीन हड़ताल शुरू कर दिया है ।आंदोलन को और तेज करते हुए क्रमिक भूख हड़ताल शुरू कर दिया है प्रांतीय आव्हान पर चरण बद्ध आंदोलन के तहत आज भूख हड़ताल के दूसरा दिन धरनास्थल जनपद पंचायत तिल्दा नेवरा में पंचायत सचिव संघ से भीखम वर्मा ,डिगेश्वरी वर्मा, मंथरा पाल ,होरीलाल वर्मा ,अश्वनी यदु ,रोजगार सहायक संघ से टिकेश्वर यादव ,चेतन वर्मा ,ढालसिह वर्मा ,हेमलता वर्मा ,चाँदनी भारद्वाज हड़ताल में बैठे है जिसका साथ में जनपद पंचायत तिल्दा के 101 पंचायत के पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायक धरना हड़ताल में बैठे है ।

# गलत जमीन आवंटन को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com

भाटापारा अंतर्गत ग्राम सुरखी में जमीन घोटाला करने के प्रयास का मामला सामने आया है। मोपका निवासी सुल्तान खान पिता अब्दुल सत्तार खान जो कि सीआईएसएफ मे कांस्टेबल कर्मचारी है। शासकिय नियमो के अनुसार ऐसे कर्मचारीयो को जीवन यापन के लिए शासन के द्वारा जमीन आबंटन की जाती है। जिसके तहत 2015 मे सुल्तान खान के द्वारा जमीन की मांग शासन से की गई थी, जिस पर तात्कालिक कलेक्टर के द्वारा उनके जीवन यापन के लिए मोपका के आसपास कृषि भूमि चिन्हांकित कर आबंटन की प्रक्रिया के लिए अभिमत तैयार कर अनुविभागीय अधिकारी को भेजने के लिए कहा गया था।

कलेक्टर द्वारा जारी प्रपत्र के अनुसार मोपका के आसपास सुल्तान खान के द्वारा जमीन की मांग करने पर दिया जाना था। लेकिन सुरखी ग्राम अंतर्गत जमीन खसरा नंबर 397/1 रकबा मे से 3 एकड़ 50 डिसमिल जमीन का तात्कालिक सरपंच घनाराम के द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। जब कि पुर्व सरपंच धनाराम ने किसी भी ग्रामवासियों को इस मामले की जानकारी नही दी। एवं अनापत्ति प्रमाण पत्र 2017 में गलत तरिके से जारी किया गया। मामले की जानकारी तब वर्तमान सरपंच एवं ग्रामवासीयो को लगी जब ये जमीन आबंटन के लिए वर्तमान सरपंच सौरभ बरवाड़ के पास पंचनामे मे हस्ताक्षर के लिए दस्तावेज आया। तब वर्तमान सरपंच ने इस मामले की पुरी जानकारी निकाली तब पाया कि ये अनापत्ति प्रमाण पत्र कलेक्टर के द्वारा जारी तथ्यो को अनदेखी कर गलत तरीक़े से जारी किया गया था। सरपंच बरवाड़ ने बताया कि सुल्तान खान को कलेक्टर के आदेशानुसार उनके मूल ग्राम मोपका के आसपास जमीन का आबंटन किया जाना था और अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने का अधिकार उस ग्राम पंचायत के सरपंच एवं पदाधिकारी का होना था। लेकिन नियम विरूद्ध इसमे काम किया गया है। वही सुरखी के पूर्व सरपंच के द्वारा 18.अप्रैल2017 को अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी कर प्रदान भी कर दिया गया एवं तात्कालिक अनुविभागीय अधिकारी द्वारा स्वीकार भी कर लिया गया। जो कि संदेह के दायरे मे आते है। अधिकारी एवं पुर्व ग्राम सरपंच एवं पदाधिकारीयो की भुमिका इस पुरे मामले मे पुरी तरह से संदेहास्पद है।




### मामले को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

इस मामले पर जमीन आबंटन प्रक्रिया एवं जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र को निरस्त करने का निवेदन सुरखी ग्राम पंचायत के वर्तमान सरपंच सौरभ बरवाड़ एवं ग्रामवासियो ने कलेक्टर से मुलाकात कर की। वही गलत तरीक़े से अनापत्ति प्रमाण पत्र का जारी करना और सक्षम अधिकारी द्वारा नियम विरूद्ध स्वीकार करने की सही जांच कर क़ानूनी धाराओ के तहत कार्यवाही करने की भी मांग की गई।

# 18 को जिला निर्माण दिवस पर प्रस्तावित कवि सम्मेलन स्थगित

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

जिला विकास मंच बलौदाबाजार द्वारा 18 जनवरी को प्रतिवर्ष जिला निर्माण की स्मृति में आयोजित होने वाला कवि सम्मेलन ''कोरोना संक्रमण'' पूर्णतया ठीक नहीं होने तथा कोविड में लगाये गये प्रतिबंध के फलस्वरूप 18 जनवरी 2021 को होने वाला कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है। जिला निर्माण समिति के सदस्यों के परामर्श के बाद यह निर्णय लिया गया है। समिति के संरक्षक सम्पोषक अधिवक्ता भूपेन्द्र ठाकुर एवं जिला निर्माण समिति अध्यक्ष रामाधार पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि ''अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आगामी अप्रैल 2021 में करोना संक्रमण की स्थिति समान्य होने पर आयोजन पूर्ववत किया जावेगा तथा जिले के प्रतिभाओं का सम्मान किया जावेगा। वहीं जिले के स्व. साहित्यकार आनंद स्वरूप मिश्र, सालिकराम सेन को उक्त कवि सम्मेलन के माध्यम से श्रद्धांजलि दी जावेगी।

# निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण आवेदन आमंत्रित

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत् जिला के युवाओं को भाटापारा नगर में स्थित कमलाकांत शुक्ला प्राइवेट आई.टी.आई.देवरी रोड में निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गये है।जिला के युवा जो कम से कम 10वीं कक्षा उत्तीर्ण एवं जिनकी आयु 18 वर्ष से 45 वर्ष तक है वे दिनांक 15 जनवरी 2021 शाम 5 बजें तक कमलाकांत शुक्ला प्राइवेट आई.टी.आई. देवरी रोड,भाटापारा अथवा जिला कौशल विकास प्राधिकरण,कक्ष क्रमांक 70 संयुक्त जिला कार्यालय बलौदाबाजार में निर्धारित प्रारूप में आवेदन कर सकते है। जिले के युवा अपने पसंद अनुसार निम्न ट्रेड में प्रशिक्षण हेतु आवेदन कर सकतें है। जिसमें निम्न ट्रेड शामिल इलेक्ट्रीक्ल वाईन्ड, इट क्वाडिनेटर इन स्कूल, कन्सट्रक्सन इलेक्ट्रीशियन - एल.व्ही.मेन्टेनेश टेक्नीशियन, इलेक्ट्रीक्ल एल, डोमेशटिक आई.टी. हेल्पडेश्क अटेन्डन्ट शामिल हैं। उक्त ट्रेडों का प्रशिक्षण अवधि 4 माह का है एवं पूर्णतःनिःशुल्क होगा। प्रशिक्षण अवधि में सैद्धांतिक के साथ-साथ प्रायोगिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया जावेगा।

# आयुष स्वास्थ्य शिविर में 350 से अधिक मरीजों का उपचार

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

आयुष विभाग द्वारा बलौदाबाजार विकासखण्ड के अंतर्गत ग्राम पंचायत रिसदा में विकासखण्ड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभांरभ ग्राम के सरपंच जितेन्द्र खूंटे ने भगवान धन्वन्तरि की पूजा अर्चना के साथ किया। खूंटे ने विभाग द्वारा इस तरह किये जा रहे शिविर का आयोजन बेहद सरहानीय कदम बताया इससे लोगो को निःशुल्क स्वास्थ्य सम्बंधित जानकारी मिल पाता है। शिविर में विभिन्न रोगों से संबंधित लगभग 350 से अधिक मरीजों का ईलाज एवं निःशुल्क औषधि का वितरण किया गया। इस दौरान उन्हें काढ़ा पिलाने के साथ ही ठंड से बचने के उपाय बताए गए। इस दौरान डॉ एम एल ध्रुव ने सभी को काढ़ा बनाने की विधि एवं ठण्ड से बचने का सर्वोत्तम उपायों की जानकारी देते हुए कहा कि दैनिक खान-पान में आंवला,अजवायन, तिल के लड्डू, मेवा लडडू, बाजरा की रोटी, बादाम, अदरक, शहद, मूंगफली, हरी सब्जियां, रेनबो डाइट आदि से न अपितु कड़ाके की ठण्ड से बचाव होता है बल्कि रोग प्रतिरोधक क्षमता में अपार बढ़ोत्तरी होने से विभिन्न प्रकार के रोगों से बचा जा सकता है। उन्होंने बताया कि मोटे और वजनी एक ही कपड़े से पतले और कई परत के कपड़े कड़ाके के ठण्ड से बचने में ज्यादा कारगार होता है।




डॉ ध्रुव बताया कि इस शिविर में लगभग 350 से अधिक हितग्राहियों ने लाभ उठाया। इस शिविर में डॉ.सुरेश कुमार मेहता सहित डॉ देवेन्द्र कुमार भैना ने अपनी विशेष सेवा प्रदान की एवं साथ ही विभिन्न जनप्रतिनिधि गण शामिल हुए जिसमें उपसरपंच परेश वैष्णव,पंच संतोष साहू,दाऊ राम,जितेन्द्र धुरंधर साथ ही विभाग के कर्मचारी गण उपस्थित थे।

### आयुष स्वास्थ्य शिविर में 300 से अधिक मरीज हुए लाभांवित

बलौदाबाजार, आयुष विभाग द्वारा पलारी विकासखण्ड के अंतर्गत ग्राम पंचायत कोदवा मे विकासखण्ड स्तरीय एक दिवसीय आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न रोगों से संबंधित लगभग 300 से अधिक मरीजों का ईलाज एवं निःशुल्क औषधि का वितरण किया गया। शिविर का शुभांरभ गाँव के सरपंच श्रीमती दुर्गा जन श्याम वर्मा ने भगवान धन्वन्तरि की पूजा अर्चना के साथ किया। इस दौरान जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ महेंद्र कश्यप एवं सरपंच प्रतिनिधि अशोक वर्मा भी उपस्थित थे। इस शिविर में कोरोना वायरस से बचाव के संबंध में लोगों को विस्तृत जानकारी विशेषज्ञ डॉक्टरो द्वारा दी गयी। इसके साथ ही घर मे का?ा कैसे बनाये जाते है उसकी भी पूरी विधि ग्रामीणों को बतायी गई। इस दौरान डॉक्टरों द्वारा इस मौसम में आहार सेवन सम्बंधित जानकारी, बुजुर्गों एवं बच्चों को ठंड से बचाव संबंधित जानकारी ग्रामीणों को दी गयी। विभाग द्वारा प्रकाशित प्रचार समाग्रियों का निःशुल्क वितरण भी किया गया। शिविर में डॉ.सुरेश कुमार मेहता,डॉ उत्तरा खण्डेल एवं डॉ एस एल ध्रुव ने अपनी विशेष सेवाए दी। इस अवसर पर आयुर्वेद विभाग के कर्मचारी मोहन लाल सिहानी,बृज राम पैकरा, किशन साहू, सम्मेंलाल धृतलहरे वेद प्रकाश, तिलक राम खुटे का विशेष योगदान रहा।

## विवेकानंद के जीवन वृत्त को आत्मसात करना युवाओं के आगे बढ़ने में सहायक : चित्तावर जायसवाल

# स्वामी विवेकानंद जयंती पर प्रतिभागी हुए पुरस्कृत

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com





स्वामी विवेकानंद जी के जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाते हुये नगर पालिका सभा कक्ष में मोहन यश फाउण्डेशन के द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर मुख्य अतिथि चित्तावर जायसवाल अध्यक्ष नगरपालिका का सम्मान किया गया। इस दौरान स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शो को आत्मसात करते हुये उनके बताये मार्गो का अनुसरण करते हुये युवाओं को अपने लक्ष्य तक पहुंचने में स्वामी विवेकानंद का जीवन वृत सहायक साबित होगा व युवा दिवस की सार्थकता साबित होगी, आयोजित कार्यक्रम की सराहना करते हुये कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों युवाओं के व्यक्तिगत विकास में सहायता मिलती है।

विवेकानंद के जयंती के दौरान आयोजित कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण त्वरित भाषण प्रतियोगिता था, जिसमें माय स्कूल वर्ल्ड के नन्हे छात्र-छात्राओं ने अपनी सक्रिय भागीदारी निभाते हुये हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा मे अपना उद्बोधन प्रस्तुत किया, आयोजित कार्यक्रम एवं प्रतियोगिता में अनामिका, रूपशिखा, वंशिका, खेमिका, आंचल एवं सत्यम पटेल के द्वारा सराहनीय प्रस्तुति पर प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया एवं कार्यक्रम में उपस्थित अन्य विद्यार्थियों को नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायवाल द्वारा उपहार एवं मिष्ठान देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम का संचालन फाउण्डेशन के अध्यक्ष मनीष बाजपेयी ने किया।

आयोजित कार्यक्रम की मुख्य वक्ता शिखाविद एवं मोटिवेशन स्पीकर व नीट एक्सपर्ट डॉ. योगिता बाजपेयी के आशिर्वचन से विद्यार्थियों को स्व-अनुशासन फस्ट रिडिंग और ओजस्वी व्यक्ति की प्रेरणा प्राप्त हुई। इस दौरान मुख्य रूप से पार्षद संकेत शुक्ला, अमितेष नेताम, कमल टण्डन, राजू सलूजा, प्रणम्य पाण्डेय, अमितेष तिवारी, कृष्णा द्विवेदी, सौरभ पटेल, गुरूदत्त तिवारी सहित नगर पालिका के अन्य कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# अग्रसेन यूथ क्लब की बैठक आयोजित

पायनियर संवाददाता < पिथौरा
www.dailypioneer.com



स्थानीय अग्रवाल धर्मशाला पिथौरा में अग्रसेन यूथ क्लब का बैठक आयोजित की गई। बैठक में अग्रसेन यूथ क्लब का विस्तार किया गया जिसमें सर्वसम्मति से नितिन जिंदल को अध्यक्ष व उपाध्यक्ष साकेत सिंघल ,शुभम अग्रवाल ,अंकित बंसल तथा कोषा अध्यक्ष सुयश गोयल सचिव सौरभ अग्रवाल सह सचिव अनुज अग्रवाल को बनाया गया। सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को वर्तमान अध्यक्ष अग्रवाल समाज मदन अग्रवाल, बजरंग अग्रवाल ,आकाश अग्रवाल सभी ने शुभकामनाएं प्रेषित कर उज्जवल भविष्य की कामना की।इस अवसर पर कुलदीप अग्रवाल सुमित अग्रवाल सतीश अग्रवाल अंकित बंसल पंकज अग्रवाल भरत , शुभम ,शेखर , मनीष अग्रवाल अनिल अग्रवाल संदीप अग्रवाल अमित गोयल शुभम चेतन राहुल चानू अग्रवाल यश अग्रवाल अनमोल अग्रवाल सहित समाजजन उपस्थित थे।इस अवसर पर अनुराग अग्रवाल राहुल अग्रवाल शुभ अग्रवाल एकांश अग्रवाल विशेष सहयोग रहा।

# सुपोषित आहर से बदल रही सुकमा की तस्वीर

# तनवी, ज्योति और अब्दुल संग सैकड़ों ने जीती कुपोषण से जंग

## संवरता सुकमा लक्ष्य की ओर अग्रसर

पायनियर संवाददाता < सुकमा
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा 2 अक्टूबर 2019 से शुरू किए गए मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के क्रियान्वयन से बच्चों और महिलाओं के कदम कुपोषण को मात देने में आगे बढ़ रहे हैं। अक्टूबर 2019 से प्रारम्भ इस योजना से जिले के 3 हजार से अधिक बच्चों को कुपोषण के दुष्चक्र से बाहर निकाला गया है। जिला प्रशासन के संवरता सुकमा कार्ययोजना के सफल क्रियान्वयन से जिले के कुपोषण दर में लगातार कमी आ रही है। इस अभियान के तहत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका और मितानिनों के माध्यम से कुपोषित बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्रों में सुपोषण आहार प्रदान किय जाता है जो बच्चों के वजन बढ़ाने के साथ ही अन्य पोषक तत्व प्राप्त करने में सहायक है। गंभीर कुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कर चिकित्सकों की सतत् निगरानी में आवश्यक उपचार, पौष्टिक आहार के साथ ही दवाईयां दी जाती है ताकि बच्चों के सेहत में जल्दी सुधार हो।





### बच्चों के खिलखिलाते चेहरे अभियान के सफलता का प्रमाण

आंगनबाड़ी में सुपोषण आहार ग्रहण करने आए छोटे बच्चों के मुस्कुराते चेहरे इस बात का प्रमाण है कि मुख्यमंत्री सुपोषण योजना का असर साफ तौर पर है। सुकमा विकासखंड अन्तर्गत आंगनबाड़ी केंद्र गीदम में जब बच्चों को गरमा गरम भोजन परोसा गया तो उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकर्ता श्रीमती सरिता पोड़ियामी ने बताया कि उनके केंद्र में 22 बच्चों को सुपोषण आहार दिया जा रहा है। जिसमें अधिकतर बच्चे विगत तीन माह से सामान्य श्रेणी में आ चुके हैं। रोजाना बच्चे सुबह से ही केंद्र में आकर खेलते हैं और अपना भोजन ग्रहण कर फिर से धमाचौकड़ी में लग जाते है।

सुबह के समय भी वह बच्चों को रेडी टू ईट से बने लड्डू और बर्फी का नाश्ता देती है। उन्होंने बताया कि बच्चों को शाम को परोसी जाने वाली दाल, मूंगफली, सोया बड़ी आदि सामग्रियों से बनी खिचड़ी बहुत पसंद है। बच्चे बड़े चाव से खिचड़ी खाते है।

### तनवी, अब्दुल, ज्योति सहित औरों ने भी दी कुपोषण को मात

संवरता सुकमा अभियान के तहत शारीरिक रूप से कमजोर और कुपोषित बच्चों को सामान्य श्रेणी में लाने के लिए किए जा रहे प्रयास का नतीजा साफ दिख रहा है। 4 वर्षीया बालिका तनवी का वजन सितंबर माह में 6.6 किलोग्राम था जो आज जनवरी माह में बढ़कर 8.89 किलोग्राम हो चुका है। इसी प्रकार अब्दुल का वजन भी 9.92 किलोग्राम से बढ़कर 10.5 किलो हो चुका है। बालिका ज्योति ने भी सुपोषित आहार का लाभ लेकर अपना वजन महज तीन माह में ही 7.91 किलो से 9.8 किलो कर कुपोषण को मात दी है। इसी प्रकार जिले के करीब 3 हजार से अधिक बच्चों को मुख्यमंत्री सुपोषण योजना की मदद से सुपोषित बच्चों की श्रेणी में लाया गया है। गौरतलब है कि इस योजना के तहत प्रदेश में 06 वर्ष से कम आयु के बच्चों में व्याप्त कुपोषण को जड़ से समाप्त करने के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों में निर्धारित सेवा के अतिरिक्त पोषण आहार बच्चों को प्रदाय किया जा रहा है। साथ ही पोषण केंद्र में बच्चों को नियमित तौर पर अंडा, दूध, रागी हलवा इत्यादि पौष्टिक भोजन परोसा जा रहा है। जिले में कुपोषण की दर में 13 प्रतिशत की कमी आई है।

# अयोध्या में श्रीराम मंदिर का निर्माण राष्ट्र का नवनिर्माण है

पायनियर संवाददाता < दुर्ग-भिलाई
www.dailypioneer.com





वैशाली नगर पुराना शिव मंदिर (कॉलोनी) में नगर के वरिष्ठ जनों के साथ ्रश्रीधामइअयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण हेतु गोष्ठी हुई। इस श्रीराम संगोष्ठी को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांतीय अधिकारी कौशलेंद्र प्रताप सिंह जी ने श्रीधाम अयोध्या में चल रहे मंदिर निर्माण विषय पर विस्तार से जानकारी दी।

उक्त गोष्ठी में आचार्य पण्डित विनोद चौबे जी ने उपस्थित गणमान्य लोगों को संबोधित करते हुए... ई.सन् 1528 से लेकर 5 अगस्त 2020 तक अयोध्या की ऐतिहासिक गाथा, प्रभु श्रीराम की वर्तमान में वैश्विक व्यापकता। श्रीराम मंदिर निर्माण साधारण मंदिर निर्माण नहीं बल्कि यह राष्ट्र निर्माण है इसमें जन जन की सहभागिता सुनिश्चित करने एवं वैदिक ग्रंथों में दान की महिमा आदि विषयों पर आचार्यश्री ने विस्तार से व्याख्यान दिया। गोष्ठी में उपस्थित सभी सदस्यों ने अयोध्या में मंदिर निर्माण को लेकर अपने-अपने विचार रखे। उक्त अवसर पर गोष्ठी को संबोधित करते हुए नगर के वरिष्ठ द्वय शारदा पाटकरजी एवं रतनलाल गोयलजी ने कहा कि- पूर्वाग्रह, दुराग्रह, विचारधारा, पक्ष एवं पार्टी से ऊपर उठकर हम सब हिन्दू समाज को एकजुट हो.. अयोध्या में मंदिर निर्माण हेतु यथेच्छ सहयोग करना चाहिए। आशा है इस पुनीत कार्य में हमारे वैशाली नगर के सभी नागरिक निश्चित रूप से सहयोग देंगे। गोयलजी ने विवेकानंद मंदिर निर्माण में एकनाथ रानाडे जी द्वारा चलाए गए जन-सहयोग अभियान का उल्लेख करते हुए अयोध्या में प्रभु श्रीरामजी के दिव्य एवं भव्य मंदिर निर्माण में जन-सहयोग का आह्वान किया।

इस अवसर पर उपस्थित सभी गणमान्य वरिष्ठ जनों ने अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर निर्माण हेतु 31 जनवरी को होने वाले ्रनिधिइसमर्पण जन-अभियान के लिए मुकेश भटनागरजी (रिटायर्ड अधिकारी बैंक ऑफ बड़ौदा एवं वरिष्ठ साहित्यकार) तथा ब्राह्मण समाज की वरिष्ठ सदस्या एवं ख्यातिलब्ध भजन गायिका बहन सुमन पुरोहितजी को वैशाली नगर, पुराना शिव मंदिर कॉलोनी का प्रमुख मनोनीत किया।

# एसईसीएल दीपका में कई व्यक्तियों ने गलत तरीके से हासिल की नौकरी, आईजी से हुई शिकायत

पायनियर संवाददाता < कोरबा
www.dailypioneer.com

कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी एसईसीएल दीपका में खुली खदान के लिए अर्जित की गई भूमि के असली मालिक आज भी नौकरी, मुआवजा व अन्य सुविधाओं के लिए दर-दर की ठोंकरे खाने को मजबूर हैं जबकि जमीन के फर्जी मालिक एशो-आराम की जिंदगी जी रहे हैं। इन लोगों ने जालसाजी कर एसईसीएल में नौकरी प्राप्त कर ली है और लगातार लाखों रुपए की माहवारी पगार उठा रहे हैं। इसकी शिकायत एसईसीएल प्रबंधन के साथ-साथ पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों से कई बार की जा चुकी है लेकिन अधिकारी कार्रवाई के बजाय जालसाजों का साथ देने में जुटे हुए हैं। उनके इस कृत्य से पीड़ितों की परेशानी और भी ज्यादा बढ़ गई है।

क्षेत्र के पीड़ति और परेशान लोगों ने एकजुट होकर अब बिलासपुर संभाग के नए पुलिस महानिरीक्षक रतनलाल डांगी का दरवाजा खटखटाते हुए उनसे न्याय की गुहार लगाई है। जानकारी के अनुसार आईजी ने उन्हें उचित कार्रवाई का आश्वासन दे दिया है। 11 जनवरी को आईजी को प्रेषित शिकायत में आकाश कुमार दिव्या पिता स्व. कलेश्वर दिव्या निवासी- पुराना गुरु घासीदास चौक, भदरापारा बालको ने कहा है कि उसके पिता स्व. कलेश्वर दिव्या पिता स्व. गोविंद राम दिव्या के स्वामित्व व आधिपत्य में कोरबा जिला अंतर्गत ग्राम सिरकी तहसील कटघोरा में खाता नं. 69, खसरा नं.107, 135 कुल रकबा 16.45 एक? की भूमि स्थित थी। उक्त भूमि को एसईसीएल दीपका द्वारा अर्जित किया गया था। इस भूमि के एवज में बृजलाल भारद्वाज - निवासी चाकाबु?ा जवाली, मनहरण लाल नारंग- निवासी सिरकी, मधुकर प्रसाद- निवासी प्रेमनगर सुराकछार तथा अवधेश कुमार भारद्वाज- निवासी चाकाबु?ा जवाली द्वारा झूठी जानकारी देते हुए एसईसीएल दीपका में फर्जी तरीके से नौकरी हासिल कर लिया है और लगातार ड्यूटी कर रहे हैं। श्री दिव्या के अनुसार जिस समय उसके पिता की भूमि को एसईसीएल प्रबंधन द्वारा अर्जित किया गया, उस समय उसके सभी भाई-बहन नाबालिग थे, जिसका फायदा फर्जी नौकरी हासिल करने वाले उपरोक्त लोगों ने उठा लिया। चूंकि हम सभी भाई-बहन अत्यंत गरीब हैं।

# दहेज के लिए प्रताड़ित करने पर तीन महिला सहित सात गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

थाना बेमेतरा सिटी कोतवाली में प्रार्थिया द्वारा थाना बेमेतरा आकर जुबानी रिपोर्ट दर्ज कराई की मेरे पति विदेश साहू, ससुर जनपरउ साहू, सास उर्मिला साहू, जेठ समारू साहू , जेठानी लता साहू व राजकुमारी साहू के द्वारा शादी के बाद से लगातार दहेज कम लाई हो करके मुझे मानसिक रूप से प्रताड़ति कर रहे हैं, व 1 एकड़ खेत को अपने पति के नाम से लिखवाओ करके बार-बार प्रताड़ति करते हैं व मेरा एक जेठ- अघनू साहू ,बुरी नीयत से मैं नहाती हूं तो ताक झाक करता है , व इन लोगो की हरकत से मै मानसिक रूप से प्रताड़ति हो रही हूं बताई मामले को देखते हुए महिला सेल प्रभारी द्वारा दोनों पक्षों को काउंसलिंग कराई गई, जिसमें जांच सही पाए जाने पर थाना बेमेतरा में प्रार्थीया के रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया व आज दिनांक 12/01/ 2021 को सभी सात आरोपीयों को गिरफ्तार कर सी.जी.एम. न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# विक्रम सोलर ने छत्तीसगढ़ में प्रवेश करके अपने खुदरा कारोबार का विस्तार किया

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

विक्रम सोलर, भारत के अग्रणी मॉड्यूल निर्माताओं में से एक और एक प्रमुख ईपीसी और रूफटॉप सौर समाधान प्रदाता ने रायपुर, छत्तीसगढ़ में प्रवेश के साथ अपने खुदरा व्यवसाय के विस्तार की घोषणा की। कंपनी ने रायपुर, छत्तीसगढ़ में खुदरा वितरण

नेटवर्क को बढ़ावा देने के लिए एक्सप्रेस ट्रेडकॉम प्राइवेट लिमिटेड (एक्सप्रेस ट्रेडकॉम) के साथ समझौता किया। एक्सप्रेस ट्रेडकॉम विद्युत खण्ड में विशाल ग्राहक आधार के साथ विद्युत उत्पादों के प्रमुख वितरकों में से एक है। एक्सप्रेस ट्रेडकॉम के साथ यह साझेदारी विक्रम सोलर को मध्य भारत में वितरण क्षमताओं को और मजबूत करने में सक्षम बनाएगी। विक्रम सोलर का रायपुर बाजार में प्रवेश, 40 शहरों में कंपनी के वितरण नेटवर्क को और मजबूत करता है, जिससे इसके सौर उत्पादों और समाधान की उपलब्धता पूरे भारत के 600 क्षेत्रों में सुनिश्चित होती है।

कंपनी वित्त वर्ष 2020-2021 के अंत तक अपनी वर्तमान खुदरा उपस्थिति का विस्तार लगभग 300 शहरों में करना चाहती है। मजबूत नेटवर्क तत्काल प्रेषण और बिक्री के बाद सेवा देने के लिए माल का तैयार होना सुनिश्चित करता है। कंपनी की क्षेत्रीय भंडारण क्षमता बड़ी मात्रा में ऑर्डर को पूरा करने के लिए एक बुनियादी ढाँचा प्रदान करती है। विक्रम सोलर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी साईबाबा वुटुकुरी ने कहा जलवायु परिवर्तन और नवीकरणीय ऊर्जा के बारे में उपभोक्ताओं की जागरूकता और चेतना बढ़ने से भारत का रूफटॉप सौर क्षेत्र तेजी से बढ़ने वाली माँग को पूरा करने के लिए तैयार है। इसके अतिरिक्त, सरकार की नीतियाँ और योजनाएँ, प्रौद्योगिकी में प्रगति के कारण सौर ऊर्जा संयंत्र को स्थापित करने में लागत में कमी उपभोक्ता को सौर ऊर्जा अपनाने की तरफ प्रेरित कर रही है। छत्तीसगढ़ सरकार के नेतृत्व में आगामी पूरी तरह से विकसित स्मार्ट सिटी नया रायपुर और अन्य परियोजनाएँ आवासीय के साथ-साथ वाणिज्यिक इकाइयों में अधिक सौर ऊर्जा अपनाने के लिए एक उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेंगी।

## मुस्लिम सांस्कृतिक भवन में लिया जावेगा आम जनता से आवेदन

**दुर्ग।** निगम के केलाबाड़ी वार्ड और कसारीडीह वार्ड 42 की आम जनता से उनके मूलभूत सुविधा की समस्या और शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए आवेदन लिया जावेगा। नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा केलाबाड़ी मुस्मिल सांस्कृतिक भवन में प्रातः 10.30 बजे से शाम 5.00 बजे तक वार्ड जनकलयाण शिविर का आयोजन किया जाएगा । शिविर के दौरान निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। शिविर में राशनकार्ड, निराश्रित पेंशन कार्ड, मजदूर कार्ड पंजीयन, पट्टा नवीनीकरण, तथा नया पट्टा संबंधित बनाने के आवेदन लिया जावेगा ।

## निधन

### जीएस राममूर्ति



**रायपुर।** आंध्रा एसोसिएशन के संस्थापक सदस्य, जी. एस. राममूर्ति, सेवानिवृत्त कार्यपालन अभियंता,जल संसाधन विभाग, निवासी शंकर नगर, 20, सेक्टर 1, का 13 जनवरी को सुबह 9.30 बजे स्वर्गवास हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 14 जनवरी को अपरान्ह 1 बजे उनके निवास से मारवाडी बूढ़ातालाब, के लिए आरम्भ होगी। वे अपर सचिव, छत्तीसगढ़ विधानसभा एवं डॉक्टर रमणेश मूर्ति, डीन, अम्बिकापुर मेडिकल कालेज के पिता थे।

# जब कोलेंग में रात बिता कर एसपी-कलेक्टर ने ग्रामीणों का भरोसा

- कलेक्टर व एसपी ने ग्रामीणों के साथ पंगत में बैठ दोने में खाना
- साबित कर दिया कि उनके चौखट में पहुंच चुका है विकास और



पायनियर संवाददाता < जगदलपुर
www.dailypioneer.com

बस्तर के कलेक्टर और एसपी इन दिनों लगातार साईकिल से घूम घूम कर निरीक्षण करने के लिए चर्चा में बने हुए हैं , पर आज इन दोनों की जोड़ी ने एक और कमाल कर दिया। दरअसल बस्तर जिले में कभी नक्सलियों की राजधानी के तौर पर पहचाने जाने वाले कोलेंग गांव में इन्होंने पूरी रात बिताई। कभी इन गांव में नक्सलियों की तूती बोला करती थी पर धीरे धीरे अब उनका आतंक कम जरूर हुआ है पर समाप्त नहीं। कोलेंग के आसपास के गांव मुण्डागढ और छिंदगुर जैसे गांव में तो आज भी नक्सली बेखौफ पहुँचते ही रहते हैं। ऐसे में जिले के दो बड़े अधिकारीयों का यहाँ रात बिताना निश्चित ही सराहनीय पहल माना जा रहा है। बस्तर कलेक्टर रजत बंसल और एसपी दीपक झा जब कोलेंग पहुंचे तो गांव के युवा क्रिकेट खेल रहे थे, मैदान पहुँच कर दोनों अधिकारियों ने भी बल्ले पर हाथ आजमाया। रात रुकने के लिए दोनों अधिकारियों ने पंचायत भवन को चुना तो ग्रामीणों ने भी आवभगत में कोई कमी नहीं छोड़ी और खुद सभी के लिए भोजन तैयार करने लगे।

ग्रामीण के घर पर ही जमीन पर बैठ कर सभी अधिकारीयों ने भोजन किया और इस दौरान ग्रामीणों से समस्याओं पर चर्चा भी करते रहे। आजादी के बाद पहली दफा इतने बड़े अधिकारीयों को इतने सहज रूप में अपने बीच पाकर पहले तो ग्रामीण झिझक रहे थे पर जल्द ही वे इन दोनों अधिकारीयों से ऐसे चर्चा करने लगे जैसे इनसे रोज की मुलकात हो।

रात बीती और सुबह की शुरुवात होते ही दोनों अधिकारीयों ने मुण्डागढ जाने का फैसला किया। अभी विधानसभ चुनाव के बाद भी इस गांव के ग्रामीणों की नक्सलियों ने मतदान करने पर जमकर पिटाई की थी। ऐसे इलाके में इन दोनों अधिकारीयों का पहुंचना ग्रामीणों में एक भरोसा और विश्वास पैदा कर रहा था।


**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी, केशकाल जिला कोण्डागांव (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 239/बी-121/2020-21

:: ईश्तहार ::

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक पल्ला लक्ष्मेय पिता रंगाराम जाति माला निवासी जी.कुन्दुर, तहसील कुन्दुर जिला कृष्णा आन्ध्रप्रदेश द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि आवेदक अपने भाई सिट्टीबाबू पिता रंगाराम का मृत्यु दिनांक 10.9.2020 को ग्राम बहीगांव तहसील केशकाल में वाहन दुर्घटना से होना बताया है। उसे भाई का मृत्यु प्रमाण हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/दावा हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 22.01.2021 को इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07.01.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

**दिनांक 07.01.2021**

मुहर

नायब तहसीलदार
एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी, केशकाल

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग (भवन/सड़क) उत्तर बस्तर संभाग क्रमांक 1 जगदलपुर**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक/132/17/वलेलि/2020-21 जगदलपुर, दिनांक 09.01.2021

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | निविदा क्र. | ठेके की अनुमानित लागत (लाख में) | कार्य का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1. | T0110 to T0112 | प्रत्येक कार्य रु. 50.00 | जगदलपुर उपसंभाग क्रमांक 1 के उपखण्ड क्रमांक 1, 02 एवं 03 अंतर्गत सड़कों/पुल पुलियों एवं मध्यम पुल के पहुँच मार्गों का बी.टी. कार्य एवं विशेष मरम्मत, लघुमूल गौण कार्य एवं जमा कार्य। |

नोटः-निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 28.01.2021
उपरोक्त निविदा की जानकारी विभागीय वेब पोर्टल www.cg.nic.in/pwdraipur में भी अवलोकन किया जा सकता है।
ऑनलाईन से डाउनलोड किया गया निविदा फार्म को प्रेषित करने पर मान्य नहीं किया जावेगा, इस कार्यालय में उपस्थित होकर निविदा फार्म हेतु आवेदन प्रस्तुत करने पर ही निविदा फार्म प्रदाय किया जावेगा।
अन्य विवरण एवं शर्तें कार्यालयीन दिवस में लोक निर्माण विभाग उत्तर बस्तर संभाग क्र. 1 जगदलपुर के कार्यालय में देखी जा सकती है।

जी-86294/5

**कार्यपालन अभियंता**
**लो.नि.वि. (भ./स.) उ.ब. संभाग क्र.1, जगदलपुर**

**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-

वार्ड का नाम - मेटल पार्क वार्ड
वार्ड क्र. 09, वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **11.02.2021** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 768/ 12.01.2021, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज सं.क्र.** -263/09, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - संगीता वर्मा W/o रेखराम वर्मा, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**-कोमल प्रसाद देवांगन S/o गोविन्द प्र. देवांगन.

मुहर

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**

**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-

वार्ड का नाम - चन्द्रशेखर आजाद वार्ड
वार्ड क्र. 31, वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **11.02.2021** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 769/ 12.01.2021, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज सं.क्र.** -301/31, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - भीखम विश्वकर्मा S/o फेरू राम विश्वकर्मा, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**- भागवत प्रसाद S/o गोपाल उईके.

मुहर

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**

**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-

वार्ड का नाम - डॉ. रविन्द्रनाथ टैगोर
वार्ड क्र. 40, वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **11.02.2021** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 770/ 12.01.2021, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज सं.क्र.** -335/40, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - पवन कुमार सिन्हा S/o रनसाय सिन्हा **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**- महेन्द्र कुमार सिन्हा S/o पवन कुमार सिन्हा.

मुहर

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**

**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-

वार्ड का नाम - डॉ. रविन्द्रनाथ टैगोर
वार्ड क्र. 40, वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **11.02.2021** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 771/ 12.01.2021, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज सं.क्र.** -335/40, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - पवन कुमार सिन्हा S/o रनसाय सिन्हा **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**- खिलेन्द्र कुमार S/o पवन कुमार सिन्हा.

मुहर

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02**

शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.) फोन नं.-0771-2436320
Email Id : eocghbzone04@gmail.com

-: आम सूचना :-

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि सामान्य आवास योजनांतर्गत बोरियाकला रायपुर में स्थित **बनयान-1 भवन क्रमांक-137, (1) डॉ. प्रमोद तिवारी पिता स्व.श्री वंशराज तिवारी (2) डॉ. नितिन तिवारी पिता डॉ. प्रमोद तिवारी,** के नाम पर आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का पूर्ण मूल्य जमा कर अपने पक्ष में दिनांक 13.07.2017 को लीजडीड पंजीकृत उपरांत दिनांक 10.12.2020 को हस्तांतरण विलेख (फ्री-होल्ड) निष्पादित करा लिया गया है। हस्तांतरण विलेख निष्पादन उपरांत भवन को क्रेता **डॉ. दीपेन मजुमदार पिता श्री राखाल मजुमदार,** निवासी - बी-18/4, सेक्टर-3, कृष्णा किड्स अकादमी के पास, गुरूद्वारा के पीछे, जी.ई.रोड, टाटीबंध, रायपुर के पक्ष में दिनांक **28.12.2020** को विक्रय कर दिया गया है। वर्तमान में **नवीन क्रेता डॉ. दीपेन मजुमदार पिता श्री राखाल मजुमदार,** द्वारा उक्त भवन को **फ्री-होल्ड** पश्चात् अपने नाम पर मण्डल में दर्ज किये जाने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भवन का फ्री-होल्ड उपरांत मण्डल में नाम दर्ज करने के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

मुहर

**सम्पदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, रायपुर**

**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-

वार्ड का नाम - स्वामी विवेकानंद
वार्ड क्र. 04, वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **11.02.2021** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 765/ 12.01.2021, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज सं.क्र.** -231/04, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - लक्ष्मी बाई W/o रामकुमार विश्वकर्मा, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**-रघूराई साहू S/o जुगुत राम साहु.

मुहर

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**

**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-

वार्ड का नाम - स्वामी विवेकानंद
वार्ड क्र. 04, वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **11.02.2021** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 766/ 12.01.2021, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज सं.क्र.** -231/04, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - लक्ष्मी बाई विश्वकर्मा W/o रामकुमार विश्वकर्मा, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**-उषा राजपूत W/o तारणी राजपूत.

मुहर

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**

**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-

वार्ड का नाम - स्वामी विवेकानंद
वार्ड क्र. 04, वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **11.02.2021** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 767/ 12.01.2021, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज सं.क्र.** -231/04, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - लक्ष्मी बाई विश्वकर्मा W/o रामकुमार विश्वकर्मा, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**- प्रहलाद साहू S/o परम राम साहू.

मुहर

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**

संपादकीय

# नए कृषि कानून सर्वोच्च न्यायालय का दृष्टिकोण

**सर्वोच्च** न्यायालय ने एक बार फिर कार्यपालिका को याद दिलाया है कि वह मामलों में कानूनी हस्तक्षेप के लिए उस पर निर्भर रहने के बजाय कार्यपालिका के रूप में अपना कामकाज सटीक तरीके से करे। उसने एक प्रकार से सरकार की खिंचाई करते हुए कहा है कि उसने अतीत में दी गई सलाह पर पूरी तरह अमल नहीं किया और जिम्मेदारी उस पर टालने का प्रयास किया है। सर्वोच्च न्यायालय ने सरकार को याद दिलाया है कि वह नए कृषि कानूनों पर गतिरोध पर अपनी जिम्मेदारी से मुंह न मोड़े तथा न्यायालय मूलतः नीतिगत मामले में अपनी भूमिका को अनदेखा नहीं कर सकता है। न्यायाधीशों ने पुनः जटिल मामलों के समाधान हेतु विचार-विमर्श की प्रक्रिया पर पुनः जोर दिया है। उसने सरकार से कहा कि वह कृषि कानूनों के क्रियान्वयन पर रोक लगाए अन्यथा यह काम अदालत कर देगी। उसने कहा है कि संवाद ही एकमात्र रास्ता है और पूछा है कि 'आपकी जिद क्या है?' तथा 'आप समस्या का हिस्सा हैं कि समाधान का?' सर्वोच्च न्यायालय ने पहले भी मध्यस्थता समिति गठित करने का महत्व स्पष्ट किया है। अदालत ने इस संस्तुति पर सरकार से गौर करने को कहा है। इस प्रकार देश की शीर्ष अदालत ने निश्चित रूप से लोकतांत्रिक विमर्श का महत्व उजागर किया है। उसने किसानों के प्रति केन्द्र की जिम्मेदारी मानते हुए कहा है कि किसान कानूनी जटिलताओं से मुक्ति चाहते हैं। अदालत ने अनेक याचिकाओं पर विचार किया जिनमें नए कृषि कानूनों तथा दिल्ली की सीमाओं पर आंदोलनकारी किसानों को चुनौती दी गई थी। उसे मानवीय समस्याओं के प्रति गंभीर चिन्ता है और उसने किसानों की आत्महत्याओं तथा खराब मौसम में वृद्धों एवं महिलाओं की आंदोलनकारियों में उपस्थिति पर सवाल उठाए हैं। स्पष्ट रूप से यह नागरिकों का एक आंदोलन है जो नियंत्रण के बाहर जा सकता है। न्यायालय ने कठोर कार्रवाई के खिलाफ चेतावनी दी है। भारत के प्रधान न्यायाधीश एस.ए. बोब्डे ने कहा है कि 'हम आपके हाथों पर खून नहीं देखना चाहते हैं।' अदालत ने यह संकेत भी किया कि कानूनों का क्रियान्वयन रोके जाने के बावजूद आंदोलन जारी रह सकता है और इसे स्पेस मिलना जरूरी है। केन्द्र इसके लिए 'पुरानी सरकारों को दोषी' नहीं ठहरा सकता है। उसने ऐसे मामलों में विपक्षी षडयंत्र की बात करने की प्रवृत्ति पर भी चिन्ता जताई। अदालत के कठोर दृष्टिकोण को किसान संगठनों की विजय के तौर पर पेश किया जा सकता है, लेकिन वास्तव में यह सरकार की राजनीतिक विफलता है। यदि सरकार ने कानूनों को जांच के लिए उच्च सदन में स्थाई समिति को भेजा होता तो शायद ऐसी स्थिति न पैदा होती। केन्द्र व राज्यों के बीच जीएसटी जैसी सहमति इस मामले में भी सहायक सिद्ध होती क्योंकि कृषि संबंधी कानून संविधान की सातवीं अनुसूची की राज्य सूची में शामिल हैं। ये कानून देखने में अच्छे इरादों वाले तथा सुधारवादी लगते हैं जो दीर्घकालीन रूप से किसानों की सहायता करना चाहते हैं। लेकिन सरकार ने कानून बनाते समय इनकी प्रत्येक धारा का समुचित विश्लेषण नहीं किया। इसके कारण किसानों में विरोध पैदा हुआ है। किसान बाजार अर्थव्यवस्था के खिलाफ नहीं हैं, पर वे उसमें अपना समान स्थान चाहते हैं। विशेषज्ञों का तर्क है कि यह विरोध मुख्यतः पंजाब और हरियाणा के किसानों का है जिनको सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी पर काफी मात्रा में खरीद की गारंटी का सबसे ज्यादा लाभ मिला है। लेकिन खेती की बढ़ती लागत को देखते हुए अब एमएसपी स्वयं लाभकारी नहीं रह गई है। ऐसे में किसानों को कम दाम पर फसलें बेचनी पड़ती हैं और वे स्वाभाविक रूप से खुले बाजार में प्रतियोगी कीमतों से चिन्तित हैं। इन कानूनों का उद्देश्य छोटे व सीमान्त किसानों की स्थिति सुधारना बताया गया है, पर सीमित संसाधनों के कारण वे स्थानीय मंडियों में भी अपने उत्पाद ठीक से नहीं ले जा पाते हैं। समुचित भंडारण व प्रसंस्करण सुविधाओं के अभाव में वे बड़ी खाद्य पदार्थ कंपनियों पर निर्भर रहेंगे। किसानों को असमान समझौते से कानूनी सुरक्षा देने की आवश्यकता है।

# महात्मा गांधी की राजनीति

## गांधीजी की स्वराज की अवधारणा उनके हिंदू विचारों से उपजी थी। लेकिन संभवतः उन्होंने वैश्विक इस्लामवाद के समक्ष हिंदू हितों की अनदेखी की।



प्रियदर्शी दत्ता
(लेखक स्वतंत्र शोधकर्ता हैं)



**वर्ष** 2003 में जे.के.बजाज, प्रोफेसर एम.डी. श्रीनिवास व ए.पी.जोशी ने एक उल्लेखनीय रचना 'रिलीजस डेमोग्राफी आफ इंडिया' पेश की। इसमें 1981 व 1991 के जनसंख्या आंकड़ों से भारत में विभिन्न धार्मिक समुदायों के बदलते हिस्से का खुलासा किया गया था। विभाजन भारत के अंतर-सामुदायिक संबंधों में एक परिवर्तनकारी समय था। हालांकि, इस अध्ययन ने स्पष्ट किया है कि यह प्रक्रिया उस समय समाप्त नहीं हुई थी। भारत में मुसलमानों की जनसंख्या तेजी से बढ़ रही थी। ऐसा खासकर सीमाओं या तटों से सटे क्षेत्रों में था। भारत के अनेक जिलों में मुस्लिम जनसंख्या की वृद्धि दर काफी अधिक पाई गई है। जम्मू कश्मीर, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, उत्तर पूर्वी बिहार, पश्चिम बंगाल व असम तथा बांग्लादेश से सटे जिलों में मुस्लिम जनसंख्या अधिक है। 1912 में कर्नल यू.एन. मुखर्जी ने 1881 से 1911 की जनगणना के आधार पर कहा था कि हिंदू एक 'मृतप्राय' नस्ल है। हालांकि, बजाज के साथियों ने जनगणना आंकड़ों का ज्यादा व्यापक विश्लेषण किया है, पर उन्होंने नतीजा निकाला है कि औपनिवेशिक भारत की तुलना में स्वतंत्र भारत में जमीनी स्थितियों में परिवर्तन बहुत गंभीर हैं। इन परिवर्तनों के भविष्य में भारत में गंभीर परिणाम हो सकते हैं।

भारत के भविष्य या इसके समक्ष आने वाली चुनौतियों के बारे में इस पुस्तक पर सत्तारूढ़ लोगों को गौर करना चाहिए। मई, 2004 में अटल बिहारी वाजपेयी सरकार की पराजय के बाद बनी संप्रग-1 सरकार ने मुस्लिमों का समर्थन करने वाली नीतियां बनाईं। उसने मुसलमानों में पिछड़ेपन का अध्ययन करने के लिए सच्चर कमेटी का गठन किया, अल्पसंख्यक मामलों का प्रमुख एक मुसलमान को बनाया तथा अल्पसंख्यकों के लिए लाखों रुपयों की स्कालरशिप घोषित की जिसका ज्यादातर हिस्सा मुसलमानों को मिला। इस प्रकार बजाज के पूर्वानुमान सही साबित हुए कि मुस्लिम जनसंख्या संरचना राज्य की नीतियों को बदल रही थी। लेकिन उन्होंने जिन शक्तियों के साथ अपना वैचारिक जुड़ाव प्रदर्शित किया था, उन्होंने भी उनकी रचना को ज्यादा महत्व नहीं दिया। उन्होंने शायद ही यह परिश्रमसाध्य ग्रंथ पढ़ा हो या उससे संदर्भ दिए हों। हालांकि, बजाज का सेंटर फार पालिसी स्टडीज़ अब भी काम कर रहा है और उसे केन्द्रीय दिल्ली में एक भवन भी मिल गया है जिसका अर्थ यह है कि वह अपनी परियोजनाओं का लाभ उठाने या फंडिंग पाने में सफल रहा है। लेकिन उनकी उल्लेखनीय रचना को उन लोगों ने महत्व नहीं दिया जिनसे इसकी उम्मीद सर्वाधिक थी।

2014 से भारत में एक अत्यधिक उल्लेखनीय प्रधानमंत्री बनने के बाद से हिंदू राष्ट्रवादी प्रसन्न हैं। लेकिन सरकार की अल्पसंख्यक या मुस्लिम समर्थक नीतियां केवल बड़ी व बेहतर हुई हैं। नई मंजिल, उस्ताद व गरीब नवाज़ जैसी नई योजनाओं की घोषणा मोदी सरकार ने की है। वित्त वर्ष 2019-20 में लगभग 2,082 करोड रुपया प्री-मैट्रिक, पोस्ट-मैट्रिक तथा मेरिट आधारित स्कालरशिपों के माध्यम से बांटा गया है, जबकि यह 2013-14 में 1,729 करोड़ था। पहले अल्पसंख्यकों के लिए मल्टी सेक्टोरल कार्यक्रम कहे जाने वाले प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम का विस्तार 308 जिलों तक किया गया, जबकि संप्रग सरकार में यह 90 जिलों तक था। पहले जिसे 'तुष्टीकरण' का आरोप बताया जाता है अब उसकी व्याख्या 'सशक्तीकरण' के रूप में की जाती है। धार्मिक अल्पसंख्यकों के लिए काम करने वाले कांग्रेस युग के सभी संस्थान अच्छी तरह काम कर रहे हैं। लेकिन इस सरकार ने कभी भाषाई अल्पसंख्यक आयुक्त की नियुक्ति नहीं की, जबकि यह संवैधानिक पद है।

बजाज व प्रोफेसर श्रीनिवास ने गांधीजी के विचारो पर 1,000 पेज की एक व्याख्या प्रस्तुत की है। 'मेकिंग आफ अ हिंदू पैट्रियटः बैकग्राउंड आफ गांधीज़ हिंद स्वराज' पुस्तक मुख्यतः गांधीजी के अपने पत्र व्यवहार व विचार-विमर्श पर केन्द्रित है। जैसा कि स्पष्ट है, इसका संबंध 1908 तक कालखंड से है जब हिंद स्वराज का प्रकाशन हुआ था। जनवरी, 1915 में भारत आने के पहले गांधीजी ने दक्षिण अफ्रीका में 24 साल बिताए थे। हालांकि, इस स्तंभकार ने यह पुस्तक अभी नहीं देखी है, पर उसे कोई संदेह नहीं है कि यह बहुत अच्छी रचना है। क्या यह विषय केवल दो लेखकों का काम था? क्या यह सचमुच पहले धार्मिक जनसंख्या संरचनाओं पर किए काम के आधार पर भारत के भविष्य के लिए कोई योगदान करता है?

लेखकों का मूल विचार यह है कि गांधीजी का राजनीतिक दृष्टिकोण मुख्यतः उनकी घोषित हिंदू प्रतिबद्धताओं से बना था। गांधीजी के भाषणों व पत्र व्यवहारों को पढ़ने वालों की नजर में यह बात ठीक है। 'मैं एक हिंदू की तरह बोलता हूं' तथा 'हमारे हिंदू धर्मग्रंथ बताते हैं' जैसे वाक्य इस साहित्य में बार-बार आते हैं। उन्होंने सत्याग्रह, ब्रह्मचर्य, रामराज्य, उपवास, मौन, दरिद्र नारायण, हरिजन जैसी अवधारणाओं को मुख्यधारा में ला कर भारतीय सोच को औपनिवेशीकरण से मुक्त कराया। लेकिन हिंदूवाद के गहरे प्रभाव वाले ऐसे व्यक्ति ने तुर्की में सत्ता पर कब्जा कराने के लिए खिलाफत आंदोलन को बहाल करने के लिए इतना परिश्रम क्यों किया? गांधीजी ने हिंदू-मुस्लिम एकता को किसी राजनीतिक कार्रवाई की पूर्वशर्त बनाया था। उन्होंने 'रघुपति राघव राजा राम' जैसे भजन में अल्लाह, रहीम और करीम जैसे शब्द डाल कर उसे विकृत किया। गांधीजी ने मलाबार के हत्यारे मोपलाओं को 'ईश्वर से डरने वाले लोग' कहा और 1926 की गोहाटी कांग्रेस में स्वामी श्रद्धानंद के हत्यारे अब्दुल राशिद की निन्दा करने से इनकार करते हुए उसे 'भाई' कहा, जैसे उसने कोई गलती न की हो। बी.आर. अंबेडकर ने अपनी उल्लेखनीय पुस्तक 'पाकिस्तान आर द पार्टीशन आफइंडिया' में आश्चर्य व्यक्त किया है कि क्या कोई समझदार व्यक्ति उस सीमा तक हिंदू-मुस्लिम एकता के लिए जा सकता है जिस सीमा तक महात्मा गांधी गए। लेकिन हिंदू हितों को नुकसान पहुंचाने के बावजूद गांधीजी मुसलमानों को प्रभावित नहीं कर सके। उन्होंने स्वयं को गांधीजी के नेतृत्व से अलग किया और जल्द ही खिलाफत असहयोग आंदोलन विफल हो गया। इसके बजाय मुसलमानों ने हिंदुओं का विरोध किया जैसे कि वे ही मुस्तफा कमाल पाशा द्वारा खलीफत समाप्त कराने के जिम्मेदार हों। गांधीजी को स्वीकार करना पड़ा कि हर मुसलमान दबंग तथा हर हिंदू कायर था। गांधीजी ने हुसेन शहीद सुहरावर्दी का समर्थन किया, जबकि अगस्त 1946 के कोलकाता दंगों में उसका हाथ था। वह नई दिल्ली के बिड़ला हाउस में गांधीजी की प्रार्थना सभाओं में भाग ले सकता था। बाद में भारत के विदेश सचिव बने सुबीमल दत्त ने उसे वहां देखा था। क्या 'हिंदू देशभक्त' को ऐसा काम करना चाहिए था?

आश्चर्य है कि गांधीजी ने स्वयं को दक्षिण अफ्रीका में 'हिंदू देशभक्त' के रूप में क्यों पेश किया। दक्षिण अफ्रीका में हिंदू-मुस्लिम सवाल का कोई अस्तित्व नहीं था और न ही यह औपनिवेशिक नीति का अंग था। प्रवासी भारतीय वहां बहुत छोटे अल्पसंख्यक समूह थे, जबकि थोड़े से श्वेत शासक विशाल अश्वेत जनसंख्या पर शासन करते थे। गांधीजी के हिंदुत्व की परीक्षा भारत में खिलाफत आंदोलन के वर्षों में हुई जब मुस्लिम लीग पाकिस्तान के लिए अभियान चला रही थी। वे इस परीक्षण में दयनीय रूप से विफल सिद्ध हुए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ-आरएएस प्रमुख मोहन भागवत द्वारा इस पुस्तक का विमोचन संभवतः 'आरएएस के गांधीकरण' का संकेत है, हालांकि हिंदू हित इस संगठन के केन्द्र में हैं।

यदि गांधी सचमुच 'हिंदू देशभक्त' होते तो के.बी.हेगड़ेवार को 1925 में आरएसएस की स्थापना की जरूरत न होती। इसके साथ ही हिंद स्वराज या इंडियन होम रूल से आगे निकलने के बाद गांधीजी ऐसे व्यक्ति थे जो स्वयं को सभी प्रकार की आधुनिकता और औद्योगीकरण, जैसे रेलवे, मशीनों, अदालतों, संसद, आदि से अलग कर लेना चाहते थे। क्या 'न्यू इंडिया' का यही भावी रास्ता होगा।

# अमेरिकी लोकतंत्र को ट्रंप का झटका

"अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 20 जनवरी को जो बिडेन के पद संभालने तक लोकतंत्र को बिगाड़ने के और भी प्रयास कर सकते हैं।"



कल्याणी शंकर
(लेखिका वरिष्ठ राजनीतिक टिप्पणीकार हैं)

**व्हा**ट्सऐप पर एक संदेश कुछ समय से चल रहा है : ''अमेरिकियों ने हाल ही में पाया है उनके देश की तुलना में अन्य देशों में राष्ट्रपति बदलना ज्यादा आसान है।'' अतः, किस तरह, लोकतंत्र को चलाने के मामले में दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र, भारत की तुलना सबसे पुराने लोकतंत्र, अमेरिका से की जा सकती है?

पूरे चुनाव प्रचार अभियान के दौरान, निवर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की थी कि वो पराजित हो गए तब भी व्हाइट हाउस नहीं छोड़ेंगे। उनके प्रतिद्वंद्वी, निर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडेन, ने कहा कि ट्रंप को सेना की मदद से बाहर निकाला जाएगा। लेकिन किसी ने भी कैपिटल हिल पर हमले की उम्मीद नहीं की थी जिसे अमेरिका में लोकतंत्र का मंदिर माना जाता है। ट्रंप ने पराजय स्वीकार करने से इनकार करने और चुनाव में घपलेबाजी होने का दावा करते हुए पिछले दो महीने गुजारे हैं। मगर सबसे बुरा था उनके द्वारा कैपिटल हिल दंगों को भड़काना। अमेरिकी मीडिया के अनुसार, ट्रंप ने पिछले बुधवार की सुबह की शुरुआत सत्ता में बने रहने के लिए किए गए अंतिम प्रयास के साथ की थी एक ट्वीट के साथ, जिसमें उपराष्ट्रपति माइक पेंस से हस्तक्षेप करने तथा जो बाइडेन का चुनाव उलट देने की बात कही थी। पेंस ने निर्वाचक मंडल को प्रमाणित करने के लिए अमेरिकी कांग्रेस का सम्मिलत सत्र आयोजित करने के कुछ मिनट पहले यह घोषणा करते हुए सार्वजनिक रूप से एक पत्र जारी किया कि वो अवैधानिक रूप से कांग्रेस में हस्तक्षेप नहीं करेंगे। ट्रंप ने लगभग 1 बजे दोपहर को अपने समर्थकों को संबोधित किया और घोषणा की : ''हम हार नहीं मानेंगे, हम झुकेंगे नहीं'', और घोषणा कर दी कि हम कैपिटल जा रहे हैं। ट्रंप ने अपने समर्थकों को उन्मादी बना दिया। हालांकि, वो दंगों में उनके साथ शामिल नहीं हुए थे जो कैपिटल हिल पर हुए और व्हाइट हाउस वापस जाकर टेलीविजन पर विध्वंस होता देखने लगे। बुधवार के अंत में, अमेरिकी कांग्रेस द्वारा बिडेन की जीत पुष्टि किए जाने के बाद, ट्रंप ने घोषणा की : ''यद्यपि मैं चुनाव परिणामों से असहमत हूं, इसके बावजूद 20 जनवरी को विधिसम्मत तरीके से सत्ता का हस्तांतरण किया जाएगा।''

ट्रंप के बर्ताव के पीछे बहुत से कारण हैं। सर्वप्रथम, वो बुरे तरीके से पराजित हुए हैं और पराजय स्वीकार करने से इनकार करते हैं। 2016 में भी, ट्रंप ने घोषणा की थी कि वो चुनाव परिणामों को तभी स्वीकार करेंगे यदि वो जीतते हैं अथवा वो कानूनी कार्रवाई का सहारा लेंगे। दूसरे, अब वो राष्ट्रपति चुनाव हार चुके हैं, वो अभियोजन के खिलाफ सभी परिसंघीय संरक्षणों को खो देंगे। वो चाहते हैं कि उनके अनुयायी उनके समर्थन का आधार बनें यदि वो 2024 में पुनः दांव आजमाते हैं। वो उन 73 मिलियन लोगों पर भी निर्भर हो गए हैं जिन्होंने इस बार उनके पक्ष में मत दिए हैं। अनुमान लगाया जा रहा है कि वो अगला चुनाव लड़ने की फिराक में हैं और शहीद की भूमिका निभाना चाहते हैं। चौथे, उन्हें उन रिपब्लिकनों के एक तबके को भी खुश रखना पड़ेगा जो पार्टी में उनका समर्थन करता है। अमेरिकी लोकतंत्र पर ऐसा अवमानना के योग्य हमला उसे सबसे बड़े लोकतंत्र भारत से तुलना करने को प्रेरित करता है जो पिछले 73 वर्षों में बहुत सी परीक्षाओं व पीड़ाओं से गुजर चुका है। भारत में 17 बार सत्ता का हस्तांतरण सुगमतापूर्वक हुआ है। मतदाता भी बीते दशकों में परिपक्व हो चुके हैं और आजादी के समय से उन्होंने स्वेच्छाचारी नेताओं को दंडित किया है। यहां तक कि स्वर्गीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जिन्होंने 1975 में आपातकाल घोषित किया था मगर व्यवस्था के भीतर रहकर ही काम किया था जिसको अमेरिकी की वर्तमान स्थिति के समानांतर नहीं रखा जा सकता।

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 352 के अंतर्गत आपातकाल घोषित करने के पश्चात, इंदिरा ने आंतरिक अशांति के पीछे सीआईए की छिपी भूमिका होने का आरोप लगाया था। स्वर्गीय राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी, जो आजीवन कांग्रेसी रहे, ने अपनी पुस्तक 'दि ड्रामैटिक डिकेड' में आपातकाल के बारे में जिक्र किया है। उन्होंने उस अवधि की व्याख्या इस प्रकार की : ''मूल अधिकारों तथा राजनीतिक गतिविधियों को निलंबित किया जाना, बड़े पैमाने पर राजनीतिक नेताओं व एक्टिविस्टों की गिरफ्तारियां, प्रेस पर प्रतिबंध एवं चुनाव न करवाकर विधायिका का कार्यकाल बढ़ा देना आदि आपातकाल के कुछ उदाहरण हैं जिनके कारण जनता के हितों पर बुरा असर पड़ा। कांग्रेस और इंदिरा गांधी को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ी थी।''

23 मार्च 1977 को आपातकाल आधिकारिक रूप से समाप्त हो गया था। कांग्रेस 1977 के लोकसभा चुनावों में 352 सीटों से गिरकर 189 सीटों पर आ गई थी। जनता पार्टी सत्ता में आई। हालांकि, एक बार जब जनता का गुस्सा ठंडा पड़ गया तो 1980 में इंदिरा गांधी पुनः सत्ता में वापस आ गईं जब जनता पार्टी की सरकार गिर गई। तब से, उनके उत्तरवर्तियों ने स्वयं को संविधान की सीमाओं के भीतर बांधे रखा। यहां तक उन राज्यों में भी जहां तमिलनाडु की मुख्यमंत्री जे जयललिता अथवा राजद नेता लालू यादव जैसे बड़े कद वाले नेताओं ने स्वेच्छाचारी ढंग से शासन किया, मगर यह काम भी उन्होंने संविधान की सीमाओं के भीतर ही किया। अतः, उस हद तक, भारत भाग्यशाली रहा है कि लोकतंत्र निर्बाध रूप से कायम रहा है। बुधवार को अमेरिकी लोकतंत्र को बड़ा धक्का पहुंचा और अभी भी ट्रंप 20 जनवरी को बिडेन के राष्ट्रपत पद संभालने के समय तक लोकतंत्र को ध्वस्त करने के और प्रयास भली कर सकते हैं। अमेरिकी संविधान निर्माताओं ने एक पदसीन राष्ट्रपति द्वारा ऐसे शर्मनाक व्यवहार की उम्मीद नहीं की होगी। बॉब वुडवर्ड के शब्दों में : ''जब इतिहास लिखा जाएगा, दी गई चेतावनियों को सुनने में ट्रंप की विफलता संभवतः अमेरिकी राष्ट्रपतित्व की विफलता एवं अमेरिकी व्यवस्था द्वारा किसी ऐसे व्यक्ति को नामित एिवं विर्चाचित करने में विफलता की कहानी होगी जो राष्ट्रपति के दायित्वों का जिम्मेदारी से निर्वहन कर सके।''

## फरमाया



**हमारे** लोकतंत्र और संविधान की रक्षा करने के लिए हम तत्काल काम करेंगे क्योंकि यह राष्ट्रपति दोनों चीजों के लिए खतरा है।

**- नैंसी पेलोसी**
अमेरिकी निम्न सदन स्पीकर



**हम** तीन कृषि कानूनों के क्रियान्वयन को क्षणिक विराम देकर माहौल को अनुकूल बनाने का प्रयास कर रहे हैं।

**- अरविंद बोबडे**
भारत के प्रधान न्यायाधीश



**कोई** भी कानून तब तक स्थगित नहीं किया जा सकता जब तक वह विधायी सामर्थ्य से परे अथवा मूल अधिकारों का उल्लंघन न करता हो।

**- के के वेणुगोपाल**
भारत के महान्यायवादी

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

## भारतवंशी की भूमिका

**भारत** अपने नागरिकों के दम पर, समस्त विश्व में लोहा मनवा सकता है। भारत की आबादी, वैसे ही विश्व में दूसरे स्थान पर है।जिसका सदुपयोग कर, हम अपनी संस्कृति, भाषा, विचार को अनेकों देशों तक पहुंचा सकते हैं। आत्मनिर्भर भारत का अर्थ सिर्फ एक देश को नहीं, बल्कि सभी देशवासियों को भी अपने स्तर पर, चाहे शिक्षा के क्षेत्र में हो या व्यापार के आत्मनिर्भर बनने की ओर बढ़ना है। हाल ही में प्रवासी भारतीय दिवस को मनाया गया, जिसमें भारत के लोग, विश्व के अनेक कोने में रहते हुए भी, अपने देश की उन्नति को लेकर तत्पर हैं।भारत के इंजीनियर, डॉक्टर, वैज्ञानिक अपने ज्ञान और शक्ति को दूसरे देश में लगाते हैं। जरूरत है सरकार ऐसी मुहिम या स्कीम लाए, जिससे कि वे अपने ज्ञान और अनुभव को देश में ही सदुपयोग कर सके।भारत में बढ़ता ब्रेन ड्रेन, किसी भी देश के लिए अच्छा नहीं कहा जा सकता।ब्रेन ड्रेन को कम करने का, हरसंभव प्रयास किया जाए, तभी हम हर स्तर पर सशक्त भारत का निर्माण कर सकेंगे। विश्व बैंक के द्वारा किए गए सर्वे में भारत की 2.9 फीसद जीडीपी का योगदान, एनआरआई से होती है जो कि विश्व में अन्य देशों के मुकाबले पहले पायदान पर है।

– **अमन जायसवाल**, दिल्ली विवि

## मोदी से ईर्ष्या का कारण

**कांग्रेसी** और वामपंथियों को मोदी से तकलीफ क्या है? तकलीफ इस बात की है कि मोदी ने उनके भिखारी, गरीब, कमजोर, पिछड़े भारत के नैरेटिव को छीन लिया। आज तक भाजपविरोधी दल भारत की गरीबी बेंचकर दुनिया भर से पैसा जुटाने की दुकान चला रहे थे। मोदी ने सबकी दुकाने बंद कर दी। वे चाहते है मोदी ने उनकी तरह गरीबी, बेरोजगारी, अशिक्षा का रोना रोते रहना चाहिये। लेकिन मोदी ये समस्याएं दूर करने में लगा रहा है। मोदी स्वाभिमान, स्वरोजगार, स्वावलंबन, सशक्तिकरण की बात करते हैं, दबे कुचले डरे सहमे भारत की नहीं, बल्कि दंबग सशक्त मजबूत भारत की छवि रखते है। मोदी दुनिया भर की मंदी के बावजूद भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का सपना देखते है। मोदी अमेरिका या राशिया या चीन के राष्ट्राध्यक्ष के सामने कंधे झुकाकर आहिस्ता कदमों से उनके पीछे पीछे नहीं चलते। मोदी मजबूती से सीना चौड़ा करके उनके साथ चलते है, आंखों में आंखें डालकर उनसे बात करते हैं। ये बात विपक्ष सह नहीं सकता क्योंकि विदेशी प्रधानमंत्रियों से इस तरह पेश आने की क्षमता उनके किसी नेता के पास नहीं है। विपक्षी दलों को इस मजबूत मोदी और मोदी के पीछे खड़े मजबूत भारत से नफरत है।

– **अरविंद तापकिरे**, कांदीवली, मुंबई

## ग्रामीण प्रौद्योगिकी विकास

**अभी** कोरोना काल में हमने देखा कि किस तरह हमारी शिक्षा प्रभावित हुई है। और साथ साथ ग्रामीण इलाकों में तो हाल बहुत ही बुरा है। बहुत सारे लोगों को अपनी नोकरी छोड़नी पड़ी। और वो लोग कोई अन्य साधन भी नही पहुंच पाए और पूरे साल बेरोजगार की तरह काटा। हम आत्मनिर्भरता की बात करते है तो उसमें प्रौद्योगिकी का भी एक प्रमुख योगदान है। हाल ही में आए डिजिटल क्वालिटी ऑफ लाइफ इंडेक्स में भारत की स्थिती बहुत ही निराशाजनक रही है। इसके अलावा डिजिटल निरक्षरता ,सांख्यिकी बोध का अभाव और एक बड़ी आबादी का प्रौद्योगिकी से अपरिचित होना डिजिटल उत्पादों के पूर्ण उत्थान के कार्य को बाधित करता है। हालांकि इसके लिए प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान भी चालू किया गया परंतु इससे कोई असर देखने को नही मिल रहा है। आज के समय में सबसे जरूरी ये हो गया है कि हम ग्रामीण इलाकों में तकनीकी सुविधा को और ज्यादा अच्छे तरीके से बढ़ाए। ग्रामीण इलाकों में प्रौद्योगिकी विकास बहुत ज्यादा जरूरी हो गया है।

– **सुदर्शन सोराड़ी**, नैनीताल

## क्विक न्यूज

### छत्तीसगढ़ मेहर समाज में नये पदाधिकारियों की हुई नियुक्ति



**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ मेहर समाज में कोरोना काल के चलते लम्बे अंतराल के बाद आयोजनों का सिलसिला शुरू हुआ, रविवार को पिपरोलडीह बेरला के समाजिक भवन में जिला समिति बेमेतरा का चुनाव सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में निम्न पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई, जिसमें जिला अध्यक्ष गणेश शिवारे उपाध्यक्ष रामबृज लहरें, भावसिंग राज, रमेश पाठक कोषाध्यक्ष बलदाऊ शिवारे प्रवक्ता बसंत जोशी सचिव मोहित पाठक मीडिया प्रभारी विमल कर्माकर व कार्यकारिणी शामिल हैं। बैठक में जिला संयोजक शिक्षक व समाजसेवी स्व. सतीश राकेश को समाज के लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित किया। निष्पक्ष पारदर्शिता निर्वाचन में चुनाव अधिकारी के रूप में राजेन्द्र रात्रे, राम अवतार शिवारे, होरी लाल मिर्झा, जगदीश मिर्झा व देवीलाल रात्रे ने अहम भूमिका निभाई।


# समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कर कबीर धाम जिला पहुंचा प्रदेश में टॉप पर

### अब तक 88 हजार 690 किसानों से 614 करोड़ की हुई धान खरीदी

### कलेक्टर ने कहा-किसान भाई धान खरीदी के मामले में किसी भी अफवाहों पर ध्यान ना दे, सभी पंजीकृत किसानों से धान खरीदे जाएंगे

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

पूरे प्रदेश में कबीरधाम जिला खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 में समर्थन मूल्य पर किसानों से शांतिपूर्ण और सुचारू रूप से धान खरीदी करने के मामले लगातार टॉप पर अपना स्थान बनाए हुए है। जिले में धान खरीदी के शुरूआत से लेकर अब तक 88 प्रतिशत किसानो से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कर लिया गया है। कबीरधाम जिले में धान उपार्जन के लिए खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 में जिले के कुल 1 लाख 385 किसानों ने धान बेचने के लिए पंजीयन कराया है। जिसका कुल पंजीकृत रकबा 1 लाख 8 हजार 764 हेक्टेयर है। धान खरीदी से शुरूआत से लेकर अब तक (11 जनवरी की स्थिति में) जिले के 88 हजार 690 किसानों ने समर्थन मूल्य पर 3267940 क्विंटल धान बेच लिया है। इस लिहाज से जिले मे अब तक पंजीकृत रकबा में से 88 हजार हेक्टयर का धान किसानों से समर्थन मूल्य पर खरीदी कर लिया गया है। किसानों के द्वारा विक्रय किए गए धान का कुल मूल्य 614 करोड़ रूपए है। प्रदेश में किसानों के पंजीकृत रकबे में से सर्वाधिक रकबा प्रतिशत का धान का क्रय कर कबीरधाम प्रथम स्थान पर है। कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा ने कहा कि जिले के पंजीकृत किसान भाई, धान खरीदी के मामले में फैलाई जा रही किसी भी प्रकार के भ्रम में नहीं आए। जिले के सभी पंजीकृत किसानों से धान की खरीदी की जाएगी।



कबीरधाम जिले में 2.5 एकड़ तक के पंजीकृत कृषक 64090 है। जिसमें से 55469 किसान एक बार में ही समिति में अपना समस्त धान विक्रय कर चुके हैं। उन्हें धान विक्रय के लिए दोबारा समिति आने की आवश्यकता ही पड़ी। जिले में 2.5 एकड़ से 5 एकड़ भूमि वाले 24878 पंजीकृत किसानों में से 22700 किसान धान विक्रय कर चुके है। इस प्रकार जिले में 5 एकड़ तक भूमि धारण करने वाले कुल पंजीकृत 88968 लघु/सीमांत कृषको में से 78169 किसान अपना धान विक्रय कर चुके हैं, जो कुल लघु कृषकों का 88 प्रतिशत होता है।

5 एकड़ से अधिक भूमि धारण करने वाले मध्यम/दीर्घ पंजीकृत किसान 11743 में से 10521 किसान अपने धान का विक्रय कर चुके हैं। इस वर्ष जिले में 16682 किसानों द्वारा 11325 हैक्टेयर भूमि का धान विक्रय के लिए नवीन पंजीयन कराया गया है। जिले में कुल पंजीकृत कृषकों में से 4477 किसानों द्वारा एक बार से अधिक धान विक्रय किया गया है।

### धान उठाव में आई तेजी, 1040127 क्विंटल धान का उठाव

धान खरीदी के जिला नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेकट संदीप सिंह ठाकुर ने बताया कि जिले में संचालित 94 धान उपार्जन केन्द्रों से जिले के दो संग्रहण केन्द्रों के लिए धान उठाव में तेजी आई है। जिले में मार्कफेड के कुल दो संग्रहण केन्द्रों में 379197 क्विंटल धान आज तक संग्रहित किया जा चुका है। जिले के राईस मिलर्स के द्वारा डिलवरी आर्डर के माध्यम से कुल 660930 क्विंटल धान उपार्जन केन्द्रों से उठाया जा चुका है। इस प्रकार जिले के धान उपार्जन केन्द्रों से कुल 1040127 क्विंटल धान का उठाव हो चुका है। जिले में धान उपार्जन हेतु कुल 94 समितियां कार्यरत है। 11 जनवरी की स्थिति में अब तक किसी भी समिति में धान उपार्जन कार्य विशेष परिस्थिति को छोड़कर बंद नहीं हुआ है। कम जगह वाली समितियों में तौलाई के लिए वैकल्पिक भूमि की व्यवस्था कर धान खरीदी कार्य लगातार किया जा रहा है।

# जिला अस्पताल, सीएचसी बेरला एवं नवागढ़ में 16 जनवरी को दी जाएगी वैक्सीन

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



कोरोना से बचाव के लिए प्रथम चरण का वैक्सीन लगाने को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने तैयारियां पूरी कर ली है। वैक्सीन के भंडारण से लेकर परिवहन के लिए कोल्ड चैन की व्यवस्था जिला स्तर से लेकर वैक्सीनेशन साइट तक ट्रायल भी कर लिया गया है। सीएमएचओ डॉ. एसके शर्मा ने बताया, प्रथम चरण में 16 जनवरी को पहले दिन कोरोना वैक्सीन जिले में 3 अस्पतालों में दी जाएगी। स्वास्थ्य विभाग से मिले निर्देशों के अनुसार जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेरला व नवागढ़ में पंजीकृत स्वास्थ्य कर्मियों को टीका लगेगा। फिर हर दिन 100-100 हितग्राहियों को ही टीका लगाया जाएगा। प्रत्येक वैक्सीनेशन साइट पर पांच सदस्यीय टीम का गठन टीकाकरण के लिए किया गया। उन्होंने कहा कोरोना टीकाकरण अभियान को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से सतर्क और सजग है। डॉ. शर्मा ने बताया जिला और ब्लॉक सहित शहरी क्षेत्रों में चिह्नित स्थलों पर प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों की तैनाती की जाएगी। स्वास्थ्यकर्मियों को को-विन पोर्टल में पंजीकृत लाभार्थियों को वैक्सीनेशन केंद्र सरकार की गाइडलाइन के अनुसार करने का निर्देश दिया गया है। टीकाकरण को लेकर स्वास्थ्य मंत्रालय का भी मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है। प्रदेश में 99 चिह्नित वैक्सीनेशन साइटों पर 16 जनवरी से कोरोना टीकाकरण का शुभारंभ होना है, उनमें 5 संभागों में (रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, जगदलपुर व अंबिकापुर) 30 वैक्सनैशन साइट्स बनेगी और बाकी के 23 जिलों में 69 वैक्सीनेशन साइट्स पर टीके लगाए जायेगें।

### प्रथम चरण में टीकाकरण के लिए तैयारियां

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. शरद कोहाड़े ने बताया कोरोना वायरस को मात देने के लिए प्रथम चरण में 5,126 सरकारी व प्राइवेट हेल्थ वर्करों को वैक्सीन दी जाएगी। जिले में टीकाकरण के लिए 26 वैक्सीन कोल्ड चैन पाइंट बनाए गए हैं। वैक्सीन लगाने के लिए 20 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 4 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, एक जिला व सिविल अस्पताल सहित कुल 26 वैक्सीनेशन साइट बनाए हैं। वैक्सीनेशन के लिए रजिस्टर्ड फोन नंबर पर एसएमएस के जरिए जानकारी दे दी जाएगी कि आपको किस समय वैक्सीन बूथ पर पहुंचना है।

# मुर्गी पालन के व्यवसाय से जुड़कर महिला समूह हुई आत्मनिर्भर

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com



विभिन्न शासकीय योजनाओं के बेहतर तालमेल से मिलने वाला परिणाम हमेशा सुखद ही रहता है। जिसकी एक बानगी विकासखण्ड कवर्धा के ग्राम पंचायत पर्थरा में जय बुढ़ादेव महिला स्व.सहायता समूह की महिलाओं द्वारा मुर्गी पालन व्यवसाय के रूप में देखा जा सकता है। ऐसे ग्रामीण महिलाएं जो प्रतिदिन अपने घरेलू कार्यो में व्यस्थ रहते हुए बाहर दूसरे के खेत में रोजी-मजदूरी करना जिनका दिनचर्या रहा उससे थोड़ी बहुत आमदनी हुआ करती थी। ऐसी बारह महिलाओं को एक साथ संगठित कर व्यवसाय से जोड़ने के लिए प्रोत्साहित करने का काम राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' योजना के द्वारा किया गया। मुर्गी पालन व्यवसाय के लिए लगने वाले पोल्ट्री फार्म भवन को महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के द्वारा सामुदायिक पोल्ट्री फार्म भवन के रूप में पुरा किया गया। जिसमें महिला समूह के लिए कडकनाथ मुर्गी पालन, बकरी शेड, पशु शेड, वर्मी टेंक का कार्य कराया गया जिसमें क्रमशः 374 दिन, 889 दिन, 712 दिन एवं 678 दिवस सहित कुल 2653 मानव दिवस रोजगार का भी सृजन किया गया। इन सभी कार्यो के लिए महात्मा गांधी नरेगा योजना से 30 लाख 91 हजार रूपए स्वीकृति किया गया था। जिसमे 4 लाख 91 हजार रुपए मजदूरी पर व्यय किया गया तथा शेष बचे राशि का उपयोग सामग्रियों में किया गया। विभिन्न प्रजाति के मुर्गो के लालन-पालन एवं रख-रखाव की जानकारी तथा अन्य आवश्यक जरूरी व्यवस्थाओं की पूर्ति कृषि विज्ञान केन्द्र कवर्धा तथा पशु पालन विभाग द्वारा किया गया। इस तरह एक छत के नीचे शासन के विभिन्न विभाग ने साथ में मिलकर महिलाओं के आजीविका संर्वधन की नई राह खोल दी।

जय बुढ़ा देव महिला स्व सहायता समूह, की महिलाएं मुर्गी पालन के द्वारा निरंतर लाभ कमा रहीं है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना के अवधरणा अनुसार ग्रामीण महिलाएं आर्थिक स्वलंबन की ओर निरंतर बढ़ रहीं है। कड़कनाथ, काकरेल, देशी जैसे विभिन्न प्रजाती के मुर्गी पालन से महिला समूह द्वारा गत् 6 से 7 माह में 100525 रूपए की आमदनी अर्जित की गई है। जय बुढ़ा देव महिला समूह कि अध्यक्ष श्रीमती कुन्ती नेताम ने बताया कि बिहान के तहत हम महिलाएं एक समूह के रूप में जुड़ी है। उन्होंने बताया कि समूह के सदस्यों ने मुर्गी पालन व्यवसाय करने का मन बनाया और हमारे भवन के आवश्यकता की पूर्ति महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना ने पूरा किया। जिसमें एक सामुदायिक मुर्गी पालन शेड बन कर प्राप्त हुआ। कृषि विज्ञान केन्द्र एवं पशु चिकित्सा विभाग द्वारा मुर्गी पालन की बारीकियों से समूह के सभी सदस्यों को निरंतर प्रशिक्षित किया जा रहा है और समय-समय पर हमारा ज्ञानवर्धन कर रहें है। कुन्ती नेताम बताया कि हमारे केन्द्र से 325 नग देशी मुर्गी 36000 रूपए मूल्य का, 690 काकरेल मुर्गी 64525 रूपए का कुल 1015 मुर्गी का विक्रय कर 100525 रूपए का आमदनी हुई है। जिसमें हम सभी महिला समूह ने मिल कर काम किया है और लाभान्श का बराबर हिस्सा रखे है।

## स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर सम्मान समारोह आयोजित

**कवर्धा।** नेहरू युवा केन्द्र के जिला युवा अधिकारी सौरभ कुमार निषाद ने बताया कि विकासखंड बोड़ला के ग्राम पंचायत कांपा में 4 से 6 बजे तक स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर युवा उत्सव एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। समारोह में फुलबासन बाई यादव (पद्मश्री) एवं नीतेश साहू (राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित) युवा एवं महिला समूह शामिल होंगे।

## एक विपत्तिग्रस्त परिवार को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता मंजूर

**कवर्धा।** कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा ने राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत एक विपत्तिग्रस्त परिवार के सदस्य को चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत दी है।

इसके तहत सहसपुर लोहारा तहसील के ग्राम मजगांव निवासी फिरत पटेल को सर्प कांटन से इलाज के दौरान मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त मनटोरा (मृतक की पत्नी) को को चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है।

## तालाब में डूबने से युवक की मौत



पायनियर संवाददाता < कुम्हारी
www.dailypioneer.com

स्टेशन चौक गैंग खोली निवासी लक्की तांडी पिता गणेश (18 वर्ष) तांडी सुबह 10 बजे अपने दोस्तों के साथ पास ही स्थित 12 फिट गहरे तालाब में नहाने गया। इस दौरान लक्की तांडी बीच गहरे पानी में जा पहुँचा और निकल नही पाया जिससे गहरे वाणी में डूबने से उसकी मौत हो गई। घटना की खबर जैसे ही परिवार वालों को लगी कुछ लोगों द्वारा तालाब में उतरकर उसे ढूंढने की कोशिश की गई इस बीच नगर पालिका के दो तैराकों को युवक के शव को खोजने भेजा गया लेकिन सफलता नहीं मिली। कड़ी मशक्कत के बावजूद जब युवक का शव नहीं मिला तब SDRF की टीम को बुलवाया गया। मौके पर पहुंच कर SDRF के गोताखोरों द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद करीब युवक के शव को बाहर निकाला गया। युवक के शव के बाहर आते ही वहां का माहौल गमगीन हो गया। फिलहाल कुम्हारी पुलिस द्वारा शव का पंचनामा कर लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# बच्चों को सुरक्षित रखने सभी विभाग आए आगे : प्रभा दुबे



पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष प्रभा दुबे अपने एक दिवसीय कबीरधाम प्रवास के दौरान आज स्थानीय विश्राम गृह में प्रदेश में बच्चों के विरुद्ध होने वाले अतिक्रमण से निपटने के लिए एक रणनीति बनाकर मुहिम चलाई जाने हेतु समीक्षा बैठक के माध्यम से कार्यवाही के लिए मार्गदर्शन व निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बच्चों के विरुद्ध हो रही घटनाओं की संख्या बड़ रही है जो काफी चिंताजनक है। इसके लिए समेकित बाल संरक्षण इकाई, बाल कल्याण समिति ,पुलिस प्रशासन, महिला एवं बाल विकास विभाग, श्रम विभाग, स्वास्थ्य विभाग, नगरीय प्रशासन विभाग को मिलकर बेहतर कार्य योजना बनानी होगी। उन्होंने इसी के साथ बच्चों के पुनर्वास की व्यवस्था करते हुए उन्हें शिक्षा की मुख्य धारा में लाना होगा। उन्होंने कृत कार्यवाही को प्रमुखता से प्रचारित करने को भी निर्देशित किए। उन्होंने आश्वस्त किया की बाल अधिकार संरक्षण आयोग भी उपस्थित रहेगा और हर प्रकार से सहायता करेगा। इसके साथ ही पोक्सो एक्ट के तहत प्रकरणों में कृत कार्यवाही और राहत, चिकित्सकीय सहायता व मुआवजा राशि देने तथा अन्य बिंदुओं पर समीक्षा भी की। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग आनंद तिवारी, जिला बाल संरक्षण अधिकारी, बाल कल्याण समिति एवं जेजेबी के सदस्यों सहित बाल संरक्षण इकाई के कर्मचारी उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री स्वावलंबन की दो दुकानों के लिए एक अपात्र और 6 पात्र



**दुर्ग।** नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा निगम स्वामित्व की अग्रसेन चैक में रिक्त दो दुकान क्रमांक 28 और 30 अनारक्षित के लिए 5 नवंबर 2020 तक आफर आमंत्रण मंगाया गया था। जिसमें दुकान क्रं0 28 के लिए मो अतीक केलाबाड़ी, सीता साहू सिकोला बस्ती, दिनेश कुमार साहू पचरीपारा, अरशद खोखर तकियापारा तथा दुकान ं0 30 के लिए मो. अतीक केलाबाड़ी, किरण कुमार नागरे गयानगर, और दीपक साहू पचरीपारा द्वारा आवेदन दिया गया है। प्राप्त आवेदनों में सीता साहू सिकोला बस्ती अपात्र हो गई हैं। शेष पात्रता की श्रेणी में हैं। इस संबंध में किसी भी व्यक्ति या संस्था विशेष को पात्र आवेदकों के सबंध में कोई आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति 19 जनवरी 2021 तक 7 दिवस में कार्यालयीन अवधि में लिखित रुप से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगा।

# जन्म-मृत्यु का पंजीयन ऑनलाइन करना अनिवार्य : कलेक्टर

### कलेक्टर ने दिए जन्म-मृत्यु पंजीयन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा ने समय सीमा की बैठक के साथ-साथ जन्म-मृत्यु पंजीयन के संबंध में गठित जिला स्तरीय अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक ली। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियो को निर्देशित करते हुए कहा कि भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के तहत अब जन्म-मृत्यु का पंजीयन अब ऑफलाईन अथवा मैन्यूअल नहीं होगा। जन्म अथवा मृत्यु का अब ऑनलाईन पंजीयन किया जाएगा। इसके लिए भारत सरकार महारजिस्ट्रार नई दिल्ली द्वारा साफ्टवेयर तैयार किए गए है, इन साफ्टवेयर के माध्यम से ही ऑनलाईन पंजीयन करना अनिवार्य किया गया है।



### कलेक्टर ने लंबित प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए

कलेक्टररमेश कुमार शर्मा ने समय सीमा की बैठक में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की और उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में नविनिर्मित मल्टीयूटीलिटी सेन्टर के आसपास सामुदायिक कृषि के लिए 10-10 एकड़ की शासकीय भूमि चिन्हांकित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मैनपुरी ग्राम पंचायत में सुराजी गांव योजना के तहत प्रस्तावित गौठान निर्माण के लिए स्थल चिन्हांकित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने जिला खनिज अधिकारी को अवैध उत्खनन तथा अवैध परिवहनों पर अभियान चलाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने ऑनलाईन पंजीयन के लिए जिला पंचायत, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, जनपद पंचायत और स्वास्थ्य विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। कलेक्टर ने जिला रजिस्टार व जिला योजना सांख्यिकीय अधिकारी और स्वास्थ्य विभाग को जन्म-मृत्यु के पंजीयन के आंकडे मिलान करने और सुधार करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। जिला पंचायत सीईओ व सहायक मुख्य रजिस्टार विजय दयाराम के एवं सर्व अनुविभागीय अधिकारी व जनपद पंचाययत सीईओ नगर पालिका अधिकारी और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी विशेष रूप से उपस्थित थे।

जिला योजना सांख्यिकीय अधिकारी व जिला रजिस्टार एसएस कुर्रे ने बैठक में बताया कि भारत सरकार के महारजिस्ट्रार नई दिल्ली द्वारा जारी दिशा-निर्देश एवं जारी साफ्टवेयर के माध्यम से ही जन्म अथवा मृत्यु का पंजीयन किया जाएगा। जन्म अथवा मृत्यु का ऑन लाईन पंजीयन करने के लिए जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, जिला अस्पताल और नगरीय निकायों को आईडी और पासवर्ड दिए गए है, जहां ऑनलाईन पंजीयन किए जा रहे है।

### शासन ने जारी किया शोकॉज नोटिस, जारी हो सकता है निलबंन का आदेश भी

# सहा. खाद्य अधिकारी विजय किरण ने एकपक्षीय भारमुक्त आदेश के बाद भी सूरजपुर में नहीं दी ज्वानिंग

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com

जिले के सहायक खाद्य अधिकारी विजय किरण ने शासन द्वारा जारी एकपक्षीय भारमुक्त आदेश की अवहेलना करते हुए सूरजपुर में अभी तक ज्वाइनिंग नही दी हैं। जिसके चलते शासन स्तर से उन्हें शोकॉड नोटिस जारी किया गया हैं और आगे निलबंन की कार्यवाही की जाएगी, ऐसी जानकारी प्राप्त हो रही हैं। तबादला और फिर एकपक्षीय भार मुक्त आदेश के बाद भी विजय किरण का नवीन स्थल ज्वाइन न करना शासन द्वारा जारी आदेश को सीधे चैलेंज करना हैं। गौरतलब हो कि 1 दिसम्बर 2020 को खाद्य विभाग ने थोक में स्थानांतरण आदेश जारी किया था। जिसमें 54 खाद्य निरीक्षक एवं 10 सहायक खाद्य अधिकारीयों को इधर से उधर किया गया था। जिसमें बालोद जिले के खाद्य विभाग में सहायक खाद्य अधिकारी के पद पर पदस्थ विजय किरण का स्थानांतरण सूरजपुर में प्रभारी खाद्य अधिकारी के पद पर किया गया हैं। तबादला आदेश को जारी हुए 44 दिन हो गए हैं। जिसके बाद स्थानांतरण आदेश के पश्चात 14 दिसंबर 2020 को पत्र क्रमांक एफ 1-42/2020/29-1 आदेश जारी करते हुए नवीन पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने हेतु तत्काल प्रभाव से एकपक्षीय भारमुक्त किया गया था।


सहा. खाद्य अधिकारी का जिले से नहीं छूट रहा मोह

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com

पायनियर खास

1 दिसम्बर को खाद्य विभाग ने थोक में स्थानांतरण आदेश जारी किया था। जिसमें 54 खाद्य निरीक्षक एवं [illegible] अधिकारियों को [illegible] गया था। जिसमें [illegible] खाद्य विभाग में [illegible] कारी के पद पर [illegible] का स्थानांतरण [illegible] खाद्य अधिकारी के पद पर किया गया है। तबादला आदेश को जारी हुए 26 दिन हो गए है। जिसके बाद स्थानांतरण आदेश के पश्चात 14 दिसंबर 2020 को पत्र क्रमांक एफ 1-42/2020/29-1 आदेश जारी करते हुए नवीन पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने हेतु तत्काल प्रभाव से एकपक्षीय भारमुक्त किया गया है। साथ ही जारी आदेश पत्र में यह भी कहा गया है कि आगामी माह का वेतन आहरण उनके नवीन पदस्थापना स्थल पर किया जावे। बावजूद उक्त एकपक्षीय भारमुक्त के [illegible] पदभार ग्रहण नही किया है। हो सकता है, शायद उनका बालोद जिले से मोह नही छूट रहा। मामले में जब विजय किरण से बात की गई तो उन्होंने कहा कि वो कोरोना पॉजिटिव आये थे। जिसके बाद वे होम आईसोलेशन में थे और इलाज जारी था। इसके अलावा अभी धान की खरीदी शुरू है, इसीलिए कलेक्टर सर ने मुझे अभी रिलीव नही किया है। जब वे रिलीव करेंगे मैं सूरजपुर ज्वाइन कर लूंगा। आपको बता दे कि 14 दिसंबर को जारी पत्र क्रमांक एफ 1-42/2020/29-1 में साफतौर पर भार से मुक्त होकर नवीन स्थल पर ज्वॉइन करने आदेश जारी किया गया है। साथ ही जारी आदेश पत्र में यह भी कहा गया है कि आगामी माह का वेतन आहरण उनके नवीन पदस्थापना स्थल पर किया जावे। जिसके लिए कोषालय अधिकारी को नही सूचनार्थ किया गया है। अब देखने वाली बात होगी कि सहायक खाद्य अधिकारी विजय किरण का वेतन कहा से उन्हें प्राप्त [illegible]

साथ ही जारी आदेश पत्र में यह भी कहा गया था कि आगामी माह का वेतन आहरण उनके नवीन पदस्थापना स्थल पर किया जावे। बावजूद उक्त एकपक्षीय भारमुक्त के आदेश की धज्जियां उड़ाते हुए नियम कायदों को ताक में रख सहायक खाद्य अधिकारी विजय किरण ने अब तक नवीन स्थल सूरजपुर में पदभार ग्रहण नही किया हैं। इतना ही नही विजय किरण का माह दिसम्बर का वेतन बालोद से ही जारी हुआ हैं। आपको बता दे कि 14 दिसंबर को जारी पत्र क्रमांक एफ 1-42/2020/29-1 में साफतौर पर भार से मुक्त होकर नवीन स्थल पर ज्वॉइन करने आदेश जारी किया गया था। साथ ही जारी आदेश पत्र में यह भी कहा गया है कि आगामी माह का वेतन आहरण उनके नवीन पदस्थापना स्थल पर किया जावे। जिसके लिए कोषालय अधिकारी को भी सूचनार्थ किया गया था। बावजूद किरण का वेतन बालोद जिले से ही जारी हुआ हैं। जिला प्रशासन के नाक के नीचे सारे नियम कायदों को ताक में रख सारे कार्य किये जा रहे है।

# कवर्धा सखी "वन स्टॉप सेंटर" महिलाओं का कर रही पुनर्वास

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com



महिला एवं बाल विकास विभाग जिला द्वारा जिले में सखी ''वन स्टॉप सेंटर'' का संचालन अम्बेडकर चौक के पास किया जा रहा है। सेंटर द्वारा एक ही छत के नीचे महिलाओं को निशुल्क विधिक, चिकित्सा, परामर्श एवं अधिकतम 5 दिवस आश्रय देने का प्रावधान है, जिसके लिए सेंटर में में कुल 21 सेवाप्रदाता सेवारत है साथ ही पुलिस विभाग से एक महिला पुलिस अधिकारी, विधिक सेवा प्राधिकरण से एक पैरालीगल वोलिंटियर, स्वास्थ्य विभाग से एक नर्स एवं 2 नगर सैनिक प्रतिनियुक्ति आधार पर अपनी सेवा दे रहे है। जिनके द्वारा सेंटर में 24 घंटे 7 दिन अपनी सेवा जिले की पीड़ित, असहाय महिला एवं बालिकाओ को दी जा रही है। सेंटर द्वारा परिवार से परित्यक्त, असहाय, मानसिक मंद महिलाओं का पुनर्वास किया जा रहा है।

महिला बाल विकास अधिकारी ने बताया कि 6 जनवरी को रात्रि 7 बजे चौकी पोडी को एक अज्ञात युवती चौकी के आस पास घूमती हुई मिली जिसे आश्रय एवं पुनर्वास के सम्बन्ध में उचित कार्यवाही हेतु सेंटर में लाया गया। उक्त युवती अपना नाम, पता या स्वयं के सम्बन्ध में किसी तरह की जानकारी देने में असमर्थ थी। प्रथम दृष्टया युवती मानसिक मंद परिलच्छित हो रही थी, जिसे जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग कवर्धा के निर्देशानुसार जिला चिकित्सालय में मानसिक एवं स्वस्थ्य परीक्षण कराया गया। न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेशानुसार महिला को उचित उपचार हेतु राज्य मानसिक चिकित्सालय सेंदरी, जिला बिलासपुर उपचार हेतु भेजा गया। क्रमंशः 7 जनवरी को थाना पांडातराई द्वारा लगभग 48 वर्षीय भटकती महिला को आश्रय एवं पुनर्वास सम्बन्धी उचित कार्यवाही हेतु सखी वन स्टॉप सेंटर लाया गया। उक्त महिला के सम्बंध में सखी वन स्टॉप सेंटर के सेवाप्रदाओं द्वारा पतासाजी किया गया, तथा महिला के परिजनो से सम्पर्क किया गया। प्रारंभ में महिला के परिजन महिला को साथ नहीं रखना चाहते थे एवं महिला भी अपने परिजनो के व्यावहार से मानसिक रूप से प्रताड़ित थी। सखी वन स्टॉप सेंटर के सेवाप्रदाताओं द्वारा लगातार प्रयास किया जाता रहा है व महिला के परिजनों को बुलाकर परामर्श किया गया। जिसके पश्चात महिला के परिजन महिला को ससम्मान साथ ले जाने को तैयार हुये व महिला भी स्वयं अपने पति, बेटो के व्यवहार में परिवर्तन देख सहर्ष साथ जाने को सहमत हुई।

# बाराद्वार पुलिस टीम ने सुलझाई अंधे कत्ल की गुत्थी, दो आरोपी गिरफ्त में

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

जांजगीर चाम्पा जिले के बाराद्वार थाना अंतर्गत ग्राम नवागांव के अंधेकत्ल की गुत्थी को बाराद्वार पुलिस ने सुलझा लिया है, हत्या का मामला कुछ इस प्रकार है कि सूचक सचिन कुमार लोहार पिता स्व.घनश्याम प्रसाद उम्र 27 वर्ष निवासी रायपुरा थाना बाराद्वार का 09जन के प्रातः 08.00 बजे थाना बाराद्वार पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराया था कि उनके चाचा शंकर प्रसाद लोहार पिता स्व.सरजू प्रसाद लोहार उम्र 33 वर्ष निवासी रायपुरा 08जन के 07.15 बजे मोटर सायकल कावासाकी कैलिवर क्रमांक 12 2187 से अपनी दीदी गायत्री के घर जा रहा हूँ कहकर निकला था लेकिन 09/जन के प्रातः 06.30 बजे घर वालों को पता चला कि शंकर लोहार का शव ग्राम नवागांव निवासी कुमारी बाई यादव के घर के टायलेट के सामने बिही पेड़ के नीचे आंगन मे पड़ा है शंकर प्रसाद लोहार के सिर में चोट के निशान एवं गले मे रस्सी के निशान दिख रहा था जिस पर थाना बाराद्वार मे मर्ग क्रमांक 05/21 धारा 174 जा.फौ. कायम कर मर्ग जांच पंचनामा कार्यवाही में लिया गया मृतक के शव का पीएम कराया गया पीएम रिपोर्ट पर मेडिकल आफिसर द्वारा मृतक शंकर प्रसाद लोहार की मृत्यु कड़ा एवं मजबूत वस्तु द्वारा बल पूर्वक प्रहार करने से सिर में गंभीर चोट लगने तथा रस्सी एवं हाथ से गला को बल पूर्वक दबाने पश्चात गला की हड्डी टूटने एवं श्वसन तथा हृदयगति अवरुद्ध होने से मृतक की मृत्यु होना बताए जिस पर 09/जन को मर्ग जांच पर से अपराध क्रमांक 13/21 धारा 302 भादवि कायम कर विवेचना मे लिया गया । अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह के दिशा निर्देश एवं अनुविभागीय पुलिस अधिकारी चांपा पद्मश्री तंवर के कुशल मार्गदर्शन पर थाना स्तर पर विशेष टीम गठित कर प्रकरण की गंभीरता को देखते विवेचना प्रारंभ की गई । विवेचना के दौरान प्रकरण के संदेहिया कुमारी बाई यादव एवं उसकी मां सावित्री बाई यादव से पुछताछ पर घटना को करने से इंकार किये बार बार एवं मनोवैज्ञानिक ढंग से पूछताछ करने पर बताई की 08जन के रात्रि 02.00 बजे शंकर प्रसाद लोहार , कुमारी बाई यादव के घर ग्राम नवागांव पहुंचा और कुमारी बाई को बोला कि मै तुमसे प्रेम करता हूं तब कुमारी बाई यादव एवं उसकी मां सावित्री बाई यादव दोनों शंकर प्रसाद को वापस चले जाने के लिए बोले फिर भी शंकर वापस नही गया और कुमारी बाई के हाथ बाह को पकड़ने लगा तब कुमारी बाई ने घर के परछी में चूल्हे के पास रखे रोटी बनाने के लोहे के गोल तवा से शंकर प्रसाद के सिर में जोर से मारी जिससे शंकर जमीन में नीचे गिर गया । फिर कुमारी बाई एवं कुमारी की मां सावित्री बाई यादव दोनो ने मिलकर प्लास्टीक की रस्सी को शंकर प्रसाद लोहार के गले में बांधकर ताकत लगाकर खींच कर हत्या करना बताये ।

आरोपिया के विरूद्ध अपराध धारा का अपराध करना पाये जाने से 11जन के क्रमश 17.00 बजे व 17.10 बजे गिरफ्तार कर 12 जन को न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय सक्ती भेजा गया उपरोक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी निरीक्षक देवेश सिंह राठौर , सउनि केशव जायसवाल , प्र.आर.यशवंत राठौर , बलदेव सिंह , आर.डमरू गबेल , श्याम ओग्रे , अश्वनी राठौर , कमलेश धारिया , म.आर.रूपा लहरे , हेमलता राठौर , चन्द्रकला सोन का सराहनीय योगदान रहा ।




## क्विक न्यूज

### व्यंग संग्रह पर अंतराष्ट्रीय वेब संवाद 14 को




**सक्ती।** प्रयास प्रकाशन बिलासपुर के तत्वावधान में भारतीय ज्ञानपीठ दिल्ली द्वारा प्रकाशित एवं ऋषभ जैन द्वारा रचित व्यंग संग्रह रंग रंगीला प्रजातंत्र पर अंतरराष्ट्रीय वेब संवाद का ऑनलाइन आयोजन प्रो. डॉ सुधांशु शुक्ला, वर्षा विश्वविद्यालय पोलैंड के मुख्य आतिथ्य, डॉ विनय कुमार पाठक, भाषाविद एवं पूर्व राजभाषा आयोग अध्यक्ष, छ. ग. की अध्यक्षता में 14 जनवरी दिन गुरुवार को अपरान्ह 01 बजे सम्पन्न होगा। इस अंतराष्ट्रीय वेब संवाद में प्रमुख वक्ता के रूप में प्रो. डॉ व्यासमणि त्रिपाठी, अंडमान निकोबार द्वीप समूह तथा विशेष वक्ता के रूप में डॉ. मुरारी लाल अग्रवाल, साहित्यकार आगरा एवं डॉ. मीना पांडेय सहायक प्राध्यापक दिल्ली विश्वविद्यालय उपस्थित रहेंगी।

### गृहस्थी बिखरने के पूर्व रक्षा टीम ने कराई पति-पत्नी में सुलह

**रायगढ़।** दाम्पत्य जीवन में मनभेद होने से जशपुर कुनकुरी की महिला सुनिता बघेल पति विक्रम बघेल एक माह पहले रायगढ़ अपने रिस्तेदार के यहां आकर रह रही थी। एक माह बाद सुनिता रिश्तों में आई कड़वाहट भुलाकर पति को कॉल कर रायगढ़ लेने आने को बोली पर पति इंकार किया। अपने स्तर पर हर प्रयास कर हार चुकी सुनिता रायगढ़ पुलिस महिला रक्षा टीम के कार्यालय जाकर प्रभारी मंजू मिश्रा को पारिवारिक कलह बताई। मंजू मिश्रा द्वारा लिखित में आवेदन लेकर उसके पति को कार्यालय तलब की। मंगलवार की सुबह सुनिता व उसका पति विक्रम बघेल रक्षा टीम के कार्यालय पहुंचे। जहां प्रभारी रक्षा टीम द्वारा दोनों की बातों को सुनकर विक्रम को सुनिता के साथ अच्छा व्यवहार करने की नसीहत दी। प्रभारी द्वारा दोनों को समझा-बुझाकर बिखरने की स्थिति में आ पहुंची उनकी गृहस्थी को फिर से बसाया गया।

## शासकीय कॉलेज में राष्ट्रीय युवा दिवस पर वर्चुअल प्रोग्राम आयोजित की

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



शासकीय क्रांति कुमार भारतीय महाविद्यालय सक्ति, जिला- जांजगीर-चांपा, (छत्तीसगढ़) के राष्ट्रीय योजना इकाई द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस का वर्चुअल प्रोग्राम का सफल आयोजन किया गया ।राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी के 157 वां जयंती को पूरे हर्षोल्लास के साथ वर्चुअल प्रोग्राम के माध्यम से राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया, इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एके चतुर्वेदी, महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉक्टर शकुंतला राज सहित 99 विद्यार्थियों ने भाग लिया । कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ राज्य की राजकीय गीत अरपा पैरी के धार, महानदी हे अपार की सुंदर प्रस्तुति कर कुश कुमार महंत एमएससी तृतीय सेमेस्टर रसायन शास्त्र के द्वारा किया गया । तत्पश्चात डॉक्टर पी आर कठोतिया कार्यक्रम अधिकारी (राष्ट्रीय सेवा योजना) ने कार्यक्रम का उद्देश्य, स्वामी विवेकानंद को राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रेरणा स्त्रोत क्यों माना जाता है पर विचार रखते हुए युवाओं के लिए स्वामी विवेकानंद जी के विचारों पर व्याख्यान दिए, कार्यक्रम में स्त्रोत विद्यार्थी के रूप में देवेंद्र कुमार साहू एम ए प्रथम सेमेस्टर राजनीति विज्ञान ने स्वामी विवेकानंद जी की जीवनी पर प्रकाश डाला, कुमारी उर्मिला भारद्वाज एम ए तृतीय सेमेस्टर राजनीति विज्ञान ने राष्ट्रीय युवा दिवस और स्वामी विवेकानंद जी के युवाओं के प्रति उनके विचारों पर अपना विचार रखें तत्पश्चात किरण कुमार तंबोली,. एम ए तृतीय सेमेस्टर राजनीति विज्ञान ने स्वामी विवेकानंद के सामाजिक विचार पर प्रकाश डालें , तथा कुश कुमार महंत एमएससी तृतीय सेमेस्टर रसायन शास्त्र ने स्वामी विवेकानंद जी के युवाओं के प्रति विचारों को विद्यार्थियों तक इस वर्चुअल प्रोग्राम के माध्यम से पहुचाया। और एनएसएस गीत उठे समाज के लिए उठे उठे, प्रस्तुत कर कार्यक्रम का शान बढ़ाया और इसके पश्चात कुमारी रिया लहरें बीएससी प्रथम वर्ष ने स्वामी विवेकानंद जी के विचारों को जो युवाओं के लिए संदेश थे।

## हाथी के हमले में वृद्ध की मौत

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

लैलूंगा वन परिक्षेत्र के फुटहामुड़ा जंगल में हाथी ने फिर एक वृद्ध पर हमला कर उसकी जान ले ली। दो दिन बाद मंगलवार को जंगल में शव मिलने पर इस घटना की जानकारी मिली। फिलहाल शव का पंचनामा कराकर आगे की कार्रवाई की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार लैलूंगा थाना अंतर्गत ब्राम्हण पारा निवासी कार्तिकराम पिता भुजबल यादव 65 वर्ष, दो दिन पूर्व फटहामुड़ा जंगल की ओर लकड़ी लेने गया हुआ था। बताया जा रहा है कि जंगल में हाथी से उसका सामना हो गया और हाथी ने उस पर हमला कर दिया। जिससे कार्तिकराम की मौके पर ही मौत हो गई। दो दिनों तक कार्तिकराम के नहीं लौटने पर परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। पर उसका पता नहीं चल पा रहा था। मंगलवार को जंगल में एक व्यक्ति का शव मिलने की सूचना मिली और परिजनों ने कार्तिकराम के रूप में उसकी पुष्टि की। वहीं मौका मुआयना में हाथी के द्वारा उसे मारे जाने की जानकारी सामने आई है।



## कलेक्टोरेट में महकी लैलूंगा के जवाफूल चावल की खुशबू

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



जिले के लैलूंगा विकासखण्ड में उगाए जाने वाले खुशबूदार जवाफूल चावल की महक प्रदेश ही नहीं बल्कि देश मे भी मशहूर है। जैविक विधि से उत्पादित यह चावल केमिकल फ्री रहता है लिहाजा सेहत के लिए भी फायदेमंद है। जिला प्रशासन द्वारा इस चावल की खेती को बढ़ावा देने समिति का गठन किया गया है। साथ ही विभिन्न जगहों पर प्रशासन के माध्यम से समिति द्वारा प्रदर्शनी व विक्रय काउंटर लगाए जाते है। इसी क्रम में मंगलवार को जिला मुख्यालय के कलेक्टोरेट में स्टॉल लगाया गया। जहां अधिकारी, कर्मचारियों के अलावा शहरवासी भी चावल खरीदने पहुंचे।

लैलूंगा क्षेत्र में उगाए जाने वाले खुशबुदार जवाफूल चावल की महक पूरे देश में मशहूर है। जैविक विधि से उत्पादित आर्गेनिक और एरोमेटिक जवाफूल चावल स्वाद के साथ सेहत के लिए भी फायदेमंद है। जिला प्रशासन द्वारा कृषि विभाग के माध्यम से इस चावल की खेती के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने विभिन्न समितियां बनाई गई है तथा खेती के लिए ग ण भी उपलब्ध कराया जाता है। दिगी स्थित छत्तीसगढ़ भवन सहित देश के अन्य शहरों में भी प्रदर्शनी लगा कर बिक्री की गई है। जिसमें जवाफूल की काफी डिमांड रही है। वहीं मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय के परिसर में प्रदर्शनी लगाई गई।

किसानों के द्वारा बनाई गई समितियों के संबंध में कृषक उत्पादन संगठन (एफपीओ) के प्रभारी लोभन साय ने बताया कि करीब चार महीने पहले कलेक्टर भीम सिंह, सीईओ ग चा प्रकाश चौधरी और उप संचालक कृषि के मार्गदर्शन में पांच समितियों का गठन किया गया था। एक माह पूर्व सोसायटी का रजिस्ट्रेशन होनें के बाद केलो ब्रांड नेम से इसकी बिक्री शुरू की गई है। इस प्रदर्शनी में 40 क्विंटल धान लाया गया है। उन्हें उम्मीद है कि यह पूरा चावल तत्काल बिक जाएगा। प्रदर्शनी में पांचो समूह के अध्यक्ष, सचिव सहित लगभग 12 किसान उपस्थित थे। प्रशासन द्वारा प्रत्येक समिति को खेती के लिए 15 लाख की राशि दी जाती है। जिसमें से 14 लाख ग ण के रूप में होता है और एक लाख का अनुदान दिया जाता है। इस वर्ष 215 हेक्टेयर में जवाफूल की खेती की गई है, लेकिन डिमांड को देखते हुए अगले वर्ष तक बढ़ा कर 15 सौ से 2 हजार हेक्टेयर तक करने का लक्ष्य रखा गया है।

## अयोध्या में श्री राम मंदिर निर्माण के लिए दिखा भारी उत्साह



पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

शक्ति शहर सहित पूरे अंचल एवं जांजगीर-चांपा जिले में इन दिनों 14 जनवरी से 26 फरवरी तक चलने वाले अयोध्या के श्री राम मंदिर को लेकर श्री राम मंदिर तीर्थ निर्माण धन संग्रह समिति द्वारा विशेष अभियान का काफी उत्साह देखने को मिल रहा है, तथा विगत दिनों शहर के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यालय में जहां राम मंदिर निर्माण को लेकर धन संग्रह समिति द्वारा कुपन का विमोचन करते हुए पत्रकार वार्ता आयोजित की गई, तो वही प्रतिदिन शहर तथा ग्रामीण अंचलों में राम भक्तों की टोली लोगों के घरों में जा जाकर इस अभियान को गति देगी एवं शहर के राम भक्तों द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से एक भव्य मोटरसाइकिल रैली का आयोजन किया गया जो कि शहर के विभिन्न वार्डों, प्रमुख मार्गो का भ्रमण करते हुए जय श्रीराम के नारे लगाते हुए घूम रही थी, एवं राम भक्तों ने प्रत्येक नागरिक बंधुओं को अयोध्या के श्री राम मंदिर निर्माण हेतु अपना यथासंभव सहयोग करने का आग्रह किया है।

## सांठ-गांठ कर कोटवारी सेवा भूमि बेचकर मालामाल हो रहे हैं राजस्व अधिकारी

पायनियर संवाददाता ◄ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

कोटवार ने बिक्री की भूमि और भवन लेकिन रजिस्ट्री कराया केवल भूमि का जिससे शासन को हुई पंजीयन शुल्क के रूप में लाखों रूपये की राजस्व क्षति। यह मामला जांजगीर-चांपा जिले के महत्वपूर्ण धार्मिक एवं व्यवसायिक नगरी शिवरीनारायण का है। जहां प्रकाश सहिस भोगहापारा शिवरीनारायण के कोटवार है ,उन्हें कोटवारी के एवज में जीवन निर्वाह हेतु शासन से लगभग 10 एकड़, काश्तकारी कोटवारी शासकीय सेवाभूमि मिली है। लेकिन कोटवार प्रकाश सहिस ने इस कोटवारी शासकीय सेवा भूमि पर काश्तकारी कर जीवन निर्वाह करने के बजाय राजस्व अधिकारियों से सांठ-गांठ कर कोटवारी सेवा भूमि को ही बेचकर मालामाल हो रहे हैं । कुछ नागरिकों ने कोटवार प्रकाश सहिस व्दारा कोटवारी भूमि को बेचे जाने की शिकायत कर उन पर कड़ी कार्यवाही हेतु अनेक बार जिले के उच्चाधिकारियों से निवेदन भी की है लेकिन उसके खिलाफ आज पर्यन्त कोई कार्यवाही नही हुई है,जिसे लेकर नगर में अनेक तरह की चर्चाएं व्याप्त है । वही हाल ही में कोटवार प्रकाश सहिस का एक और काले कारनामे प्रकाश में आया है । भोगहापारा शबरी सेतु मार्ग पर अवस्थित कोटवारी सेवाभूमि खसरा नं. 734 रकबा 0.42 एकड़ जमीन में से लगभग 10 डिसमिल भू भाग पर लगभग चार वर्ष पूर्व व्यवसायिक भवन का निर्माण कराया गया था कोटवार प्रकाश सहिस ने उक्त खसरा नं. पर बने भवन व जमीन को वर्ष 2019 में अगस्त से नवम्बर माह के मध्य कुछ स्थानीय व्यक्तियो को बिक्रय कर दिया है और रजिस्ट्री दस्तावेज में भवन वाले भू भाग को भी प्लेन जमीन का बिक्रय दर्शाया गया है । कोटवार एवं भवन खरीदारों के इस करनामें से भवन के बिक्रय मूल्य पर शासन को मिलने वाली लाखों रूपये पंजीयन शुल्क की राजस्व क्षति हुई है। इस संबंध में नगर के एक नागरिक ने शिकायत भी किया है लेकिन इस पर भी अभी तक कोई कार्यवाही नही हुई है। इससे स्पस्ट है कि कोटवार इस तरह के कार्य को राजस्व अधिकारी , कर्मचारी एवं रजिस्टार से सांठ-गांठ कर अंजाम दे रहे हैं।इन शासकीय कोटवारी सेवा भूमि की खरीद-फरोख्त की शिकायत एक महिला नंदनी सहिस ने भी नगर के पार्षद से लेकर प्रदेश के राजस्व मंत्री सहित मुख्यमंत्री तक की है इसके बावजूद भी इस पर कार्रवाई के नाम पर आज पर्यंत सिफर रहा है। जो शासन-प्रशासन की कार्यशैली पर एक बहुत बड़ा प्रश्न चिन्ह है।

## नटवर स्कूल मैदान के लिए अब खिलाड़ी फ्रंट फुट पर

■ जिला कलेक्टर से कार्यक्रम रद्द करने की मांग

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

शहर के नटवर हाई स्कूल मैदान में लगभग एक महीने की व्यवसायिक प्रदर्शनी लगाई जानी है। इसका खेल प्रेमी खिलाड़ी और सामाजिक संगठन सभी विरोध कर रहे हैं। पिछले 4 दिनों से सोशल मीडिया में से लेकर काफी हंगामा भी हुआ है। एक सुर में सभी इस प्रदर्शनी को अनुमति दिए जाने के विरोध में है। मंगलवार को खेल प्रेमी एवं खिलाड़ियों की टीम ने जिला कलेक्टर को इस प्रदर्शनी को इस मैदान से हटाने के लिए ज्ञापन दिया है। अपने ज्ञापन में उन्होंने नटवर हाई स्कूल में व्यवसायिक प्रयोजन को अनुमति नहीं देने की मांग की है इसके साथ ही उन्होंने कहा है कि रायगढ़ में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है अगर कमी है तो खेल मैदानों की। खेल मैदानों को खिलाड़ियों के अभ्यास के लिए सुरक्षित रखा जाना चाहिए लेकिन व्यवसायिक प्रयोजन के लिए इसका प्रयोग समझ के परे है। उन्होंने अपनी मांग में कहा है कि इस व्यवसायिक प्रयोजन को यहां से हटाया जाए और मैदान को खेल और खिलाड़ियों के अभ्यास के लिए सुरक्षित रखा जाए। नटवर हाई स्कूल में 12 जनवरी से सात फरवरी तक प्रदर्शनी का आयोजन किया जाना है। जिसके के लिए प्रशासन ने अनुमति दे दी है। सूत्रों और खिलाड़ियों का कहना है कि कुछ कांग्रेसी नेताओं द्वारा खेल मैदान में इस व्यवसाय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है और खिलाड़ियों को इस पर सहमति बनाने के लिए दबाव प्रलोभन भी दिया जा रहा है। जिसका खिलाड़ियों ने कल सोशल मीडिया में खुलेआम भंडाफोड़ भी किया था। बताया जा रहा है कि खिलाड़ियों की मांगे नहीं मांगी जाती है।



## झोलाछाप डॉक्टर के इलाज से बुजुर्ग महिला ने गंवायी जान

■ प्रशासन ने क्लीनिक सील किया, ताला तोड़कर मरीजों का डॉक्टर कर रहा उपचार

पायनियर संवाददाता ◄ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

झोलाछाप डॉक्टर द्वारा प्रशासन की निर्देशों का उल्लंघन करते हुए सील किए गए क्लीनिक को खोलकर किया जा रहा था मरीजों का उपचार। मामले की शिकायत मिलने के पश्चात भी प्रशासन के द्वारा किसी भी प्रकार की कोई भी कार्यवाही नहीं की गई जिसके परिणाम स्वरूप झोलाछाप डॉक्टर की लापरवाही पूर्वक इलाज के दौरान एक महिला ने अपनी जान गवा दी । जिससे पूरे क्षेत्र में हड़कंप मची हुई है, पूरा मामला जांजगीर-चांपा जिले के हसौद थाना क्षेत्र अंतर्गत हसौद में स्थित बंगाली क्लीनिक की है। इलाज के दौरान मृतक महिला का नाम रामिन बाई साहू उम्र 65 वर्ष है ,जो कि हसौद थाना क्षेत्र अंतर्गत नरियरा नामक गांव की निवासी हैं। आपको बता दें कि बंगाली क्लिनिक के इलाज के दौरान पूर्व में भी एक महिला की मौत हो चुकी है। जिसे तहसीलदार जैजैपुर चंद्रशिला जायसावल के द्वारा क्लिनिक को सील कर दिया था सील करने के बाद भी डॉक्टर अपने क्लिनिक को खोल कर नरियरा निवासी रामिन बाई साहू उम्र 65 वर्षिय महिला की इलाज कर रहा था। जिसकी इलाज दौरान मौत हो गई है । वही डॉक्टर एस .के.विश्वास ने अपनी गलती को स्वीकार करते हुए महिला की इलाज करने की बात कही , सील करने के बावजूद बंगाली क्लिनिक के संचालक बिना आदेश के ताला को जबरजस्ती तोड़कर 1 सप्ताह से कर रहा था।




कार्यालय अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 2 (छत्तीसगढ़)

ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना
(प्रथम आमंत्रण)

दिनांक 02.01.2021

निम्नांकित कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदा ''डी'' श्रेणी एवं अधिक श्रेणी के ठेकेदारों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है, डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 22.01.2021 है।

| एन.आई.टी. क्र./ निविदा क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| NIT NO. 140 Tender No. 70516 | मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजनान्तर्गत सरायपाली के शासकीय हाईस्कूल भवन भूथिया में पहुँच मार्ग का निर्माण कार्य। | रु. 26.46 लाख |
| NIT NO. 141 Tender No. 70517 | मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजनान्तर्गत सरायपाली के कन्या छात्रावास भवन बिछिया में पहुँच मार्ग का निर्माण कार्य। | रु. 48.75 लाख |
| NIT NO. 142 Tender No. 70518 | मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजनान्तर्गत सरायपाली के शासकीय हाईस्कूल भवन कनकेवा में पहुँच मार्ग का निर्माण कार्य। | रु. 26.65 लाख |
| NIT NO. 143 Tender No. 70519 | मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजनान्तर्गत सरायपाली के शासकीय हाईस्कूल भवन केन्दुढार में पहुँच मार्ग का निर्माण कार्य। | रु. 25.23 लाख |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। (राशि रु. 100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पर शपथ-पत्र एवं (बिडकेपेसीटी उपलब्धता बाबत् जानकारी एवं शपथ पत्र) एनआईटी के 2.10 में संलग्न प्रपत्रानुसार प्रस्तुत करें।) निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

अधीक्षण अभियंता
लो.नि.वि. रायपुर मण्डल क्र. 2 (छ.ग.)

जी-86299/4

Credible Chhattisgarh
विश्वसनीय छत्तीसगढ़

आपकी थी चाह
हमने बनाई राह


## पेज 1 के शेष...

### किसानों ने कृषि सुधार ...

पिछले 50 दिनों से लगातार देश की जनता और किसान नेताओं के सामने इस बात की कोई सच्चाई पेश नहीं की है कि ये कानून कैसे किसानों को लाभ पहुचाएंगे। उसका ये तर्क कि तकनीकी विकास होगा, पूंजी का निवेश होगा और कुल मिलाकर विकास बढ़ेगा। सरकार ने निजी निवेशकों को मदद देने के लिए एक लाख करोड़ रुपये आवंटित किये हैं, पर तकनीकी विकास, पूंजीगत निवेश और अन्य जरूरी मुद्दों पर धन नहीं लगाना चाहती। कारपोरेट जब यह निवेश करेगा तो उसका लक्ष्य ऊंचा मुनाफा कमाना और भूमि एवं जल स्त्रोतों पर कब्जा करना होगा। संगठन ने आरोप लगाया है कि सरकार न केवल किसानों के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करने में विफल रही है बल्कि उसने देश के सर्वोच्च न्यायालय के सामने सही तथ्यों को भी पेश नहीं किया है।

## निगम के ठेकेदार संजय अग्रवाल होंगे ब्लैक लिस्टेड

**रायगढ़।** नगर निगम में बिना काम किए चार लाख की फर्जी बिलिंग के मामले में निगमायुक्त ने घोटाले की परत खोल दी है। आयुक्त ने ठेकेदार से रिकवरी और तथा साइट इंजीनियर को नोटिस जारी कर कारण बताने कहा है इंजीनियरों की एक वेतन वृद्धि भी इस कार्यवाही में रुक सकती है। निगम आयुक्त के द्वारा कराई गई जांच में निगम ईई तिग्गा के कृपापात्र ठेकेदार संजय अग्रवाल को बिना काम कराए 2 लाख का भुगतान किए जाने का मामला सहीं पाया गया है। ठेकेदार ने 4 लाख रुपए की बिलिंग की थी। जांच कमेटी ने पंचनामा बनाकर रिपोर्ट कमिश्नर को सौंप दिया है। विदित रहे कि ठेकेदार संजय अग्रवाल ने वार्ड क्रमांक 41 में पचरी निर्माण का ठेका लिया था, लेकिन तकनीकी अधिकारियों से मिलीभगत कर संजय अग्रवाल ने पुरानी पचरी को नया बताकर 4 लाख की बिलिंग नगर निगम में की थी। यह जानते हुए की ठेकेदार ने फर्जी बिलिंग की है उसके बाद भी इंजिनियरों ने उसका बिल पास कर दिया और दो लाख का भुगतान कर दिया। इस बात की जानकारी मिलते ही निगमायुक्त आशुतोष पांडेय ने एक जांच कमेटी बनाकर मामले का पर्दाफाश कर दिया। जांच में पुराने पचरी को नया बताना पाया गया। घोटाले की परत खुलने के बाद निगमायुक्त ने ठेकेदार संजय अग्रवाल को दो लाख की रिकवरी का नोटिस जारी किया है।


बजाज फाइनैंस लिमिटेड

कार्पोरेट कार्यालय : तृतीय तल, पंचशील टेक पार्क, विमान नगर, पुणे-411014, महाराष्ट्र
शाखा कार्यालय : प्रथम तल, स्काई पार्क प्लॉट नंबर 3/10, राजा तालाब, पढारी, निकट टावरी नर्सिंग होम, रवि नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़ – 492001

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की 13 (2) के तहत मांग सूचना

अधोहस्ताक्षरी मैसर्स बजाज फाइनैंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में एतद्द्वारा निम्नलिखित सूचना कर्जदार(रों)/सह-कर्जदार(रों) को जारी कर रहा है, जो अपनी देयता का निर्वहन करने में असफल रहे हैं अर्थात बजाज फाइनैंस लिमिटेड द्वारा उनको सम्पत्ति के संबंध में दिए गए होम लोन/लोन के मूलधन और उसपर उद्भूत ब्याज एवं अन्य प्रभारों के प्रतिभुगतान में असफल रहे हैं और उसके परिणामस्वरूप लोन 02 मार्च, 2020 को अनार्जक आस्ति (एनपीए) हो गए हैं। तदनुसार उनको वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की 13 (2) और उनके नियमों के तहत सूचनाएं, उनके अंतिम ज्ञात पते पर, जारी की गई थीं। तथापि वे बिना सुपुर्दगी/बिना तामील वापस प्राप्त हो चुकी हैं, अतः कर्जदार(रों)/सह-कर्जदार(रों) को इस प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि वे उनके द्वारा समय समय पर प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के तहत बकाया रशियों का भुगतान करें।

| ऋण खाता नंबर/कर्जदार(रों)/ सह-कर्जदार(रों) /गारंटर(रों) का नाम | प्रतिभूत/बंधक अचल सम्पत्ति/प्रवर्तित की जाने वाली सम्पत्ति का पता | मांग सूचना तिथि और राशि |
|---|---|---|
| (एलएएन नंबर **454GVH52298361, 454HML51889112** तथा **454THL51890921**) 1. श्री वीएसके प्रभाकर (कर्जदार) 2. श्रीमती पद्मावती वारांसी (सह-कर्जदार) दोनों निवासी : जनता क्वार्टर एच 1, पद्मनाभपुर, वार्ड नंबर 46, दुर्ग, छत्तीसगढ़-491001 | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : निम्न वर्णित गैर – कृषि भूमि : "मकान नंबर बी-3, सेक्टर-3, स्ट्रीट बी, खसरा नंबर 558, सितारा पीएचएन 90/20, धारसिवा -1, बीजीके टाउनशिप, रायपुर, छत्तीसगढ़-491001" उत्तर : रोड, पूरब : रोड, दक्षिण : मकान नंबर बी 2, पश्चिम : विक्रेता की भूमि | 15 दिसम्बर, 2020 रू. 68,05,850/– (रूपए अड़सठ लाख पांच हजार आठ सौ पचास मात्र) |

सूचना की वैकल्पिक तामील हेतु कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदारों तथा/अथवा सह-कर्जदारों गारंटरों को सलाह दी जाती है कि वे बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर कर दें, जिसमें असफल रहने पर वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (4) के प्रावधानों के अनुसार प्रतिभूति आस्ति/बंधक सम्पत्ति का कब्जा लेने हेतु आगे कार्यवाही (बजाज फाइनैंस लिमिटेड के पास उपलब्ध अन्य अधिकार उपायों को प्रतिकूल प्रभावित किए बगैर) की जाएगी।
उपरोक्त नामक पार्टियों को उपरिवर्णित सम्पत्तियों को हस्तांतरित नहीं करने, तृतीय पक्ष हित सृजित नहीं करने की सलाह भी दी जाती है ।
.तिथि : 14-01-2021 स्थान : रायपुर
प्राधिकृत अधिकारी विनय सोब्ती` बजाज फाइनैंस लिमिटेड

## क्विक न्यूज

### रामभांठा के पांच मकानों पर बगैर नोटिस के चला निगम का बुलडोजर



**रायगढ़।** नजूल जमीनों को कब्जा मुक्त कराने की दिशा में जहां नगर निगम का तोड़ूदस्ता सक्रिय हो चुका है तो वहीं रामभांठा के कुछ गरीब परिवार के लोगों ने निगम के अधिकारियों पर बगैर नोटिस दिए मकान तोड़ देने का आरोप लगाया है और कलेक्टर से शिकायत करते हुए इंसाफ की गुहार लगाई है। पीड़ित परिवार के लोगो ने यहां तक बताया कि जब नगर निगम के कर्मचारियों ने जेसीबी ने उस वक्त घर में तोड़फोड़ की जब वह घरों में खाना बना रहे थे और उन्हे जबरन घर में बाहर निकाल दिया गया और जेसीबी चला दी। इसमें उन्हे घर से समान तक नहीं निकालने दिया गया। रामभांठा निवासी कविता साहू, लता, सहोद्रा बाई, शारदा एवं पिंकी, सुमित्रा बाई ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि नगर निगम के अधिकारियों ने नजूल में बसे रामभांठा के मात्र चार पांच लोगों के मकानो में बिना नोटिस दिए ही तोड़फोड़ कर दी।

# लोगों को बसाना है हमारी प्राथमिकता : सीएम भूपेश

## मुख्यमंत्री ने राजीव गांधी आश्रय योजना के अंतर्गत 443 हितग्राहियों को सौंपे भू-अधिकार पत्र

- 12 करोड़ 60 लाख के विकासकार्यों का किया भूमिपूजन-शिलान्यास
- मुख्यमंत्री कला मन्दिर सिविक सेंटर में नगर पालिक निगम भिलाई के कार्यक्रम में हुए शामिल

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com





मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सिविक सेन्टर भिलाई स्थित महात्मा गांधी कला मन्दिर में विभिन्न विकासकार्यों के भूमिपूजन तथा राजीव गांधी आश्रय योजना के अंतर्गत पट्टा वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने भिलाई नगर निगम क्षेत्र के 434 हितग्राहियों सहित कुल 443 हितग्राहियों को राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत भूअधिकार पत्र सौंपे और 12 करोड़ 60 लाख के विकासकार्यों का भूमिपूजन-शिलान्यास किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि लोगों को बसाना हमारी प्राथमिकता है। राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत गरीब भूमिहीनों को जमीन का मालिकाना हक दिया जा रहा है।कालातीत हो चुके पट्टों का भी नवीनीकरण किया जा रहा है। इसका सीधा लाभ आम जनता को मिल रहा है। मुख्यमंत्री बघेल ने बताया कि राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत अब तक 2768 लोग लाभान्वित हुए हैं। 1984 के 6700 पट्टों का नवीनीकरण किया गया है, 6336 नगरीय आबादी पट्टे तथा 115 भू स्वामी हक दिए गए हैं।आज अकेले भिलाई में 443 भू अधिकार पत्र दिए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने पट्टा वितरण कार्य में जुटे जिला प्रशासन और नगर पालिक निगम, भिलाई के अधिकारियों-कर्मचारियों सहित अन्य लोगों को बधाई देते हुए कहा कि पट्टा वितरण के लिए भूमि सीमांकन-चिन्हांकन आदि की प्रक्रिया बहुत कठिन और मेहनत भरी है, जिसके सफलतापूर्वक निष्पादन के लिए वे बधाई के पात्र हैं। मुख्यमंत्री ने प्रतीकात्मक रूप से 10 हितग्राहियों को भू अधिकार पत्र सौंपे जिनमें कलावती साहू, सन्तोषी यादव, कचरू राम साहू, दुर्गा यादव, चन्दा बाई, रतन बेहरा और रोहन बेहरा शामिल रहे। मुख्यमंत्री बघेल ने सभी हितग्राहियों को भी बधाई एवं शुभकामनाएं दीं तथा उनके के साथ समूह फोटोग्राफ भी खिंचवाई।

नगरीय प्रशासन मंत्री शिव डहरिया ने हितग्राहियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा किये जा रहे सर्व जन कल्याण के कार्यो की प्रशंसा पूरे देश मे हो रही है। राजीव गांधी आश्रय योजना द्वारा पट्टा वितरण से नगरीय क्षेत्र में रहने वाले आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को सीधा लाभ मिलेगा। विधायक तथा भिलाई नगर निगम के महापौर देवेंद्र यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में ही पहली बार ऐसा हो पा रहा है कि भू-अधिकार पत्र वितरण का असल में क्रियान्वयन कर लोगों को उनकी जमीन का हक दिलवाया जा रहा है । इस अवसर पर नगरीय प्रशासन मंत्री शिव डहरिया, गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, वन मंत्री मोहम्मद अकबर, भिलाई विधायक देवेंद्र यादव, विधायक अरुण वोरा सहित अन्य गणमान्य नागरिक व आमजन उपस्थित रहे।

# किसानों की मांगों पर भाजपा का प्रदर्शन



पायनियर संवाददाता < सुकमा
www.dailypioneer.com

धान खरीदी को लेकर होने वाली समस्या व अन्य मांगों को लेकर। भाजपा ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। जिसमें ज्ञापन दिया गया और सरकार से किसानों की समस्या का निराकरण करने की मांग की गई।

बुधवार को जिले के कोण्टा ब्लाक मुख्यालय में भाजपा पार्टी के द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। बस स्टैंड पर भाजपा के नेताओ ने प्रदेश सरकार पर जमकर बरसे और किसानों की मांगों का निराकरण करने की मांग रखी। उसके बाद भाजपा ने 6 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन महामहिम राज्यपाल के नाम का सौपा जिसमे समस्याओ का जिक्र किया गया। इस दौरान हुंगाराम, धनीराम बारसे, दिलीप पिद्दी, महेंद्र सिंह, संजय शुक्ला, सोयम मुक्का, नरेश, धर्मेंद्र भदौरिया समेत भाजपा के नेता मौजूद रहे।

### गंगाजल लेकर किया वादा पूरा करे सरकार - हुंगाराम मरकाम

भाजपा जिला अध्यक्ष हुंगाराम मरकाम ने कहा कि जब सत्ता में आना था तब कांग्रेस हाथ में गंगाजल लेकर बड़े बड़े वादे की थी कि धान खरीदी और बोनस दिया जाएगा लेकिन आज धान बेचने में किसानों को परेशान होना पड़ रहा है। केंद्रों में बारदाने नहीं है और बोनस की राशि अभी तक नही मिली। जबकि केंद्र सरकार किसानों से धान खरीदने को कह रहा है लेकिन राज्य सरकार किसानों से धान नही खरीद पा रही है। हमारी मांग है कि किसानों की समस्या को दूर किया जाए।

# पार्षद शकून सोनी के नेतृत्व में नागरिकों ने पीएम आवास के लिए जमीन का पट्टा मागंने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

वाहिद खान < सक्ति
www.dailypioneer.com



सक्ति नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक- 10 अखराभाटा की चांगोपार मोहल्ला के अनेको परिवारों ने 13 जनवरी को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शक्ति को वार्ड क्रमांक 10 की पार्षद शकुंतला सोनी के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि चांगो पार मोहल्ले में करीब 200 परिवार विगत कई दशकों से रह रहे हैं, एवं इन परिवारों के पास जमीन का पट्टा नहीं होने का कारण प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है तथा यथाशीघ्र इन सभी परिवारों को जमीन का पट्टा दिलाया जाए जिससे इन्हें पीएम आवास योजना का लाभ मिल सके उपरोक्त संबंध में पार्षद प्रतिनिधि एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा नगर मंडल के महामंत्री लव सोनी ने बताया कि वार्ड क्रमांक 10 के ऐसे सैकड़ों परिवार आज भी इस योजना से वंचित हैं एवं केंद्र सरकार की इस महत्वपूर्ण पीएम आवास योजना का लाभ नहीं मिल पाने से यह परिवार परेशान हैं तथा उन्होंने एसडीएम से मांग की है तथा उसके बावजूद यदि समस्या का निराकरण नहीं होगा तो वह शास्त्री प्रयास कर जमीन का पट्टा दिलाएंगे।

# सुप्रीम कोर्ट ने समझा किसानों का दर्द

पायनियर संवाददाता < डोंगरीडीह
www.dailypioneer.com

### देश के सभी किसानों और आम नागरिकों को समझना भी जरूरी

छत्तीसगढ़ कांग्रेस के विमल साहू ने कहा कृषि प्रधान हमारे देश भारत में किसानों की स्थिति पहले ही अत्यंत दयनीय है। देश भर में बिजली, पानी, खाद बीज, कर्ज, धान खरीदी में अनियमितता आदि समस्याओं से ग्रसित होकर गरीब किसान आए दिन आत्महत्या करते रहते हैं। ऐसे में केंद्र सरकार के किसान विरोधी तीन नए कानून जिसमें किसानों का मंदिर कहा जाने वाली मंडी की व्यवस्था को ही समाप्त कर उद्योगपतियों और बड़े घरानों को लाभ पहुंचाने वाले इस कानून के साथ ही एमएसपी के संबंध में स्पष्ट रूप से कोई नीति नहीं होने से परेशान देश के किसानों ने देश की राजधानी दिल्ली में लंबे समय से लगातार आंदोलन कर रहे है। किसान आंदोलन में अब तक लगभग 40 किसानों ने अपना जीवन त्याग दिया है फिर भी केंद्र सरकार के कान में जूं नहीं रेंगी, ऐसे में देश की सर्वोच्च अदालत ने केंद्र सरकार को इस संबंध में कड़ी फटकार लगाते हुए इस कानून को रोकने की भी चेतावनी दी है और एक कमेटी बनाने की घोषणा की है जोकि एक अच्छी पहल है। देश के नागरिकों के मूल अधिकारों की रक्षा करने वाली सर्वोच्च न्यायालय ने किसानों का दर्द समझा और उनके हित में आवश्यक दिशा निर्देश केंद्र सरकार को दिए। विमल साहू ने हमारे संवाददाता एवं वरिष्ठ पत्रकार गोलू कैवर्त को बताया कि अन्नदाता किसान देश का आधार है, किसान खुश रहेगा तो हमारा समाज और देश खुश रहेगा ऐसी स्थिति में कोई भी सरकार किसानों का अहित करके देश का विकास नहीं कर सकती।संसद में कानून जनहित में देश की जनता के लिए बनाया जाता है। ऐसा कानून जिसे जनता ही पसंद नहीं करती उस कानून जबरदस्ती नहीं थोपना चाहिए बल्कि किसान विरोधी नए तीन कृषि कानूनों को रोक लगाना चाहिए।

# खरीफ विपणन में करोड़ों रुपए के गबन का आरोपी समिति उपाध्यक्ष व सदस्य गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक रायगढ़ संतोष कुमार सिंह के मार्गदर्शन पर मंगलवार को धान उपार्जन केन्द्र जैमुरा एवं बसनाझर में हुई करोड़ों के गबन के दो आरोपियों को खरसिया पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। मामले में दो अन्य आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा जा चुका है।

जानकारी के मुताबिक 18 सितंबर 2020 को थाना खरसिया में खाद्य निरीक्षक खरसिया द्वारा कार्यालय कलेक्टर (खाद्य शाखा) रायगढ़ का प्रतिवेदन प्रस्तुत कर धान उपार्जन केन्द्र जैमुरा एवं बसनाझर के समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में समिति प्रबंधक अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्य, फड़ प्रभारी, बारदाना प्रभारी, लिपिक, लेखापाल एवं कम्प्यूटर आपरेटर द्वारा अनियमितता कर कुल 1,29,89,156.80 का धान, बारदाना, शासकीय रकम का गबन करने के संबंध में प्रथम सूचना दर्ज कराया गया।

आदिम जाति सेवा सहकारी मर्यादित जैमुरा विकासखण्ड खरसिया की जांच में जैमुरा के धान उपार्जन केन्द्र जैमुरा एवं बसनाझर के जांच एवं भौतिक सत्यापन निरीक्षण दौरान भारी अव्यवस्थाएं, अनियमितताएं, घोर लापरवाही एवं उपार्जित धान तथा खाली बारदाना का स्कंध कमी कर गबन करना पाया गया एवं दोनो केन्द्रों के फड़ व गोदाम में शेष धान व बारदानों का अशं नहीं पाया गया। धान खरीदी केन्द्र में संलगन कर्मचारियों एवं पदाधिकारियों के द्वारा भारी अनियमितता बरतते हुए धान उपार्जन केन्द्र जैमुरा एवं बसनाझर में कुल धान 3592.93 क्विन. की राशि 8982325.00 एवं बारदाना कुल राशि 5686257.00 गबन कर शासन को आर्थिक क्षति पहुंचाई गई है जिसके लिये संयुक्त रूप से जिम्मेदार धान उपार्जन केन्द्र जैमुरा उप केन्द्र बसनाझर में संचालक समिति के अध्यक्ष सुमति बाई सिदार उपाध्यक्ष तेजराम पटैल, उपाध्यक्ष मथुरा बाई सिदार एवं सदस्य हरिनंदन डनसेना, गंगेलाल साहू, बंधुराम पटेल, रामाधार बंजारे, बुधेश्वर डनसेना, बगभ सिंह राठिया, रामकुमार सिदार, हलधर डनसेना के खिलाफ धारा 409, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया।

# जशपुर विकास योजना के अन्तर्गत् 16 ग्राम के भूमि-उपयोग की जानकारी की गई ऑनलाईन

**जशपुरनगर।** कलेक्टर महादेव कांवरे के मार्गदर्शन एवं सहायक संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश जशपुर के दिशा-निर्देश में जशपुर विकास योजना (2031) के तहत् 16 ग्राम-भभरी, नवाटोली, दासडुमरटोली, बघिमा, टिकैतगंज, गम्हरिया, जुरगुम, बम्हनीडांड़, कोमड़ो सारूडीह, जोबला, कनमोरा, पुरनानगर, बालाछापर, डीपाटोली, जशपुर (नगर पालिका क्षेत्र) अंतर्गत् के भूमि उपयोग की जानकारी 01 जनवरी को लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से ऑनलाईन किया गया है।

सहायक संचालक ने जानकारी दी की आम नागरिकों को भू-उपयोग की जानकारी प्राप्त करने के लिए आवेदन एवं आवश्यक दस्तावेज (बी-1, पी-2, खसरा नक्शा, चालान की मूल प्रति एवं ऋष्टा पुस्तिका/रजिस्ट्री की छायाप्रति) लोक सेवा केन्द्र में जमा करना होगा तत्पश्चात् भू-उपयोग की जानकारी कार्यालय द्वारा ऑनलाईन ही प्रदाय की जायेगी।

# धान खरीदी में हो रही दिक्कतों को लेकर बीजेपी ने कांग्रेस पर बोला हमला, बगीचा में 3 हजार की भीड़

### कृष्ण कुमार राय ने 22 को सरकार की नीतियों के खिलाफ खड़े होने का किया आह्वान

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com





प्रदेश में धान बेचने के दौरान किसानों को हो रही समस्याओं को लेकर भारतीय जनता पार्टी की ओर से प्रदेश सरकार के खिलाफ आंदोलन शुरू कर दिया है। जिले में पत्थलगांव में बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु देव साय ने सरकार के खिलाफ हुंका भरी तो बगीचा में जिला मुख्यालय के दिग्गज नेता कृष्ण कुमार राय, नरेश नंदे, गणेश राम भगत, रायमुनी भगत, दीपक चौहान उपस्थित रहें। वहीं बगीचा का कार्यक्रम मुकेश शर्मा के नेतृत्व में बतौर प्रभारी आयोजित कराया गया। गिरदावरी कर किसानों के खेतों को गायब कर देने और बारदाना का संकट जान बूझकर करने का आरोप लगाकर व्यापक धरना प्रदर्शन किया गया। कृष्ण कुमार राय ने कहा कि भूमि पुत्र किसानों को छत्तीसगढ़ सरकार उपेक्षित कर रही है।

### किसान और कार्यकर्ताओं का आंदोलन

गणेश राम भगत ने कहा कि प्रदेश में किसानों और कार्यकर्ताओं के साथ रधरना प्रदर्शन कर सरकार से जवाब मांगा जा रहा है। और 22 जनवरी को प्रदेश के सभी जिलों में धरना प्रदर्शन होंगे। उन्होंने कहा कि बारदाना की कमी और गिरदावरी में रकबा कम करने के पीछे सरकार की सिर्फ एक धान खरीदी में कटौती करना है। इस मुदद्े को लेकर किसानों को साथ लेकर आंदोलन किया जाएगा जिसका नेतृत्व बीजेपी के कार्यकर्ता करेंगे।

# व्यापारी संगठन ने उत्तर विधान में भाजपा से मांगी एक सीट

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com




राष्ट्र के प्रमुख व्यापारिक संगठन फेडरेशन आफ आल इंडिया व्यापार मंडल (फैम) द्वारा उत्तर प्रदेश के सत्तारूढ़दल भारतीय जनता पार्टी से आगामी विधान परिषद् चुनाव में गैर राजनैतिक निष्पक्ष व्यापारी प्रतिनिधि को मनोनीत करने की मांग की है। उत्तर प्रदेश में विधान परिषद् के 12 सदस्यों का चुनाव आगामी 28 जनवरी को होने जा रहा है,सुनील बंसल प्रदेश भाजपा के महामंत्री संगठन को भेजे अपने पत्र में फैम की राष्ट्रीय इकाई द्वारा अवगत कराया गया है कि उत्तर प्रदेश एक व्यापारिक प्रदेश माना जाता रहा है। प्रदेश का एक बहुत बड़ा वर्ग /समुदाय व्यापारिक गतिविधियों से प्रदेश के विकास में अपना भरपूर योगदान दे रहा है। सरकार को राजस्व ,युवाओं को रोजगार, प्रदेश अर्थव्यवस्था को गति एवं सामाजिक ,धार्मिक एवं राजनैतिक कार्य में पूर्ण योगदान देने वाला वर्ग सिर्फ व्यापारिक समुदाय ही है,अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए फैम ने लिखा है राज्य में एक महत्वपूर्ण भूमिका होने के पश्चात भी, व्यापारिक वर्ग की राजनैतिक भागीदारी शून्य है। वर्तमान में ऐसा कोई भी मंच नहीं है जहाँ जिसके द्वारा व्यापारी अपने समक्ष आ रही विभिन्न कठिनाइयों पर गैर राजनैतिक ,निष्पक्षता एवं निर्भयता से बोल सके। पत्र की प्रतिलिपि माननीय मुख्यमंत्री जी ,भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेवसिंह एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा को भी भेजी गयी है।

## कलेक्टर ने आयोजन के संबंध में अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

# गणतंत्र दिवस पर नहीं बनेगी झांकी और कोई सांस्कृतिक कार्यक्रम भी नहीं होंगे

### कार्यक्रम में मास्क उपयोग एवं सोशल डिस्टेंस के नियमों का करना होगा पालन

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर महादेव कावरे ने कोविड-19 महामारी को ध्यान में रखते हुए अगामी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस कार्यक्रम रणजीता स्टेडियम में गरिमापूर्ण मनाने के लिए विशेष सावधानी बरतने के लिए भारत सरकार, गृह मंत्रालय एवं स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा कोविड-19 से बचाव के लिए जारी सभी निर्देशों का पालन के लिए आावश्यक उपाय अपनाने के निर्देश अधिकारियों को दिए है। उन्होंने इस के लिए कार्यक्रम के आयोजन में कटौती करने की हिदायत दी।

### कोरोना योध्दाओं का होगा सम्मान

कलेक्टर कावरे ने जानकारी देते हुए बताया कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला स्तर पर मुख्यअतिथि के द्वारा ध्वजा रोहण किया जाएगा। ध्वजा रोहण उपरांत पुलिस एवं नगर सैनिक की टुकड़ियों द्वारा सलामी दी जाएगी। तत्पश्चात् मुख्य अतिथि द्वारा मुख्यमंत्री का जनता के नाम संदेश का वाचन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में कोरोना वारियर्स, डॉक्टरों, पुलिस कर्मी, स्वास्थ्य कर्मी एवं स्वच्छता कर्मियों विशेष रूप से आमंत्रित होंगे एवं उन्हें सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित सभी को मास्क उपयोग एवं सोशल डिस्टेंस के नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा। जिला मुख्यालयों में स्थित शासकीय कार्यालयों में ध्वजारोहण कार्यक्रम प्रातः 8 बजे के पूर्व सम्पन्न किया जाएगा। सभी विभाग एवं कार्यालय प्रमुख द्वारा उनके कार्यलयों सहित सभी शासकीय एवं सार्वजनिक भवनों में ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय गान गाया जाएगा। सभी शासकीय एवं सार्वजनिक भवनों, राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों पर रात्रि समय रोशनी की जाएगी।

### तहसील स्तर पर नहीं होंगे आयोजन

कलेक्टर ने बताया कि गणतंत्र दिवस पर जनपद पचांयत एवं तहसील स्तर पर सार्वजनिक समारोह आयोजित नहीं किए जाएंगे। जनपद पंचायत कार्यालयों में जनपद पचांयत अध्यक्ष एवं नगरीय निकायों में अध्यक्षों द्वारा धवजारोहण किया जाएगा। पंचायत मुख्यालयों में सरपंच द्वारा एवं बड़े गावों में गांव के मुखिया द्वारा ध्वजारोहण कर सामुहिक रूप से राष्ट्रीय गान गाया जाएगा। उन्होंने बताया कि किसी भी जिला, ब्लाक, अथवा पंचायत स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में किसी भी स्थिति में स्कूली छात्र-छात्राओं को एकत्रित नहीं किया जाएगा। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं झांकी का आयोजन नहीं किया जाएगा। साथ ही कार्यक्रम के दौरान बैठक व्यवस्था में भी सामाजिक एवं व्यक्तिगत दूरी का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

# प्रदेश सरकार के वादा खिलाफी के विरोध में भाजपा का गुंडरदेही में प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com




भाजपा ने धान खरीदी में अव्यवस्था एवं भूपेश सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगाकर जिले के तीनों विधानसभा बालोद, गुंडरदेही और डौंडीलोहारा में धरना- प्रदर्शन किया गया और भूपेश सरकार के खिलाफ जमकर हल्ला बोला। जिले के गुंडरदेही मुख्यालय के धमतरी चौक में अर्जुन्दा, गुंडरदेही और खेरथा मंडल के द्वारा विधानसभा स्तरीय एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन भाजपा द्वारा किया गया। जहां भाजपाईयों में भूपेश सरकार पर जमकर हल्ला बोला। धरना प्रदर्शन के दौरान केंद्र द्वारा भूपेश सरकार को दी गई 9 हजार करोड़ रुपये का हिसाब मांगा गया। भाजपाईयों ने विभिन्न मुद्दों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। जिसमे मुख्य रूप से गिरदावरी में काटे गए रकबे कल जोड़ने, धान खरीदी केंद्रों में बारदाने की व्यवस्था तत्काल करने, किसानो को 3 दिन के अंदर धान का भुगतान करने, धान खरीदी की समय सीमा 1 माह बढाने, घोषणा पत्र के अनुसार 2 वर्ष का बोनस देने, वनअधिकार पट्टा प्राप्त वनवासियों का धान खरीदने एवं धान खरीदी में अव्यवस्था के कारण आत्महत्या करने वाले किसानों के परिवारों को 25 लाख सहायता राशि देने के मुद्दों को लेकर प्रदर्शन किया गया। एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में गुंडरदेही विधानसभा के पूर्व विधायक वीरेन्द्र साहू, राजेन्द्र राय, जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर, संध्या भारद्वाज, मोंटी यादव, गुंडरदेही मंडल अध्यक्ष दुष्यंत सोनवानी, जिला उपाध्यक्ष नरेश यदु, जिला महामंत्री किशोरी साहू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष कोमल सोनकर, भाजपा नेता दीपक ताराचंद साहू, मोहन जैन, आरके सोनकर, विश्वास गुप्ता, प्रणेश जैन, तोमन साहू, जितेंद्र साहू, चेमन देशमुख, ठाकुरराम चन्द्राकर, भानुमति साहू, थानसिंह मण्डावी, पवन सोनवर्षा, सेवक महीपाल, इंद्रपाल चन्द्राकर, राजू अग्रवाल, रोशन अमृत, चेतन साहू, रोशन यादव, सौरभ चोपड़ा, प्रमोद पटेल, सहित अर्जुन्दा, गुंडरदेही एवं खेरथा मंडल के तमाम भाजपा के नेता, पदाधिकारी व कार्यकर्ता गण मौजूद रहे।

# दोपहर को पुलिस ने थपथपाई अपनी पीठ और रात को युवक को दर्जन भर आरोपियों ने बेस बैट, हॉकी से पीटा

## पुलिस के दावों के इतर शहर में बढ़ रहा अपराध, मामला पुरानी रंजिश का बताया जा रहा

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




बीते मंगलवार की दोपहर जिला पुलिस की ओर से पुलिस अधीक्षक डी. श्रवण वर्ष 2020 में पुलिस की उपलब्धियां गिना रहे थे। इसी रात शहर के बीचों-बीच गौरवपथ पर फिल्मी तरीके से लड़कों एक झुंड ने दो युवकों की पिटाई कर दी। संवेदनशील माने जाने वाले इस इलाके में इस दौरान कोई भी पुलिसकर्मी मौजूद नहीं था। न ही गश्त की गाड़ियां शहर में आजकल दिखाई देती हैं। मारपीट की इस घटना में एक युवक को काफी चोटें आई हैं। मामला पुरानी रंजीश का बताया जा रहा है। इससे इतर पुलिस की कार्यशैली को लेकर भी सवाल खड़े हो गए हैं।

मंगलवार की रात 8 से 9 बजे के बीच शंकरपुर, उड़िया मोहल्ले और बाजार एरिया के कुछ युवकों ने एक बड़ी घटना को अंजाम दिया। गौरवपथ पर राजीव नगर निवासी संजय गुप्ता और उसके साथी राहुल यादव को घेर कर दर्जनों लड़कों ने पीट दिया। इस दौरान राहुल मौके से भागकर पुलिस के पास पहुंचा। जबकि आरोपी युवक पीड़ित संजय गुप्ता को साथ लेकर शहर से बाहर लेकर चले गए। बताया जाता है कि उसे टप्पा ग्राउंड ले जाया गया था। यहां पुलिस के पहुंचने के बाद आरोपी युवक संजय को कहीं और लेकर गए और वहां उससे बैस बेट, हॉकी स्टीक, लाठी-डंडे से पीटा गया। शहर के बाहर घटनास्थल से मौका देकर पीड़ित भाग निकला और बसंतपुर थाने पहुंचा।

इस घटना में पीड़ित का कंधा, हाथ और पैर फ्रेक्चर हुआ है। उसे बसंतपुर स्थित मेडिकल कॉलेज संबंद्ध जिला अस्पताल दाखिल किया गया है। बुधवार की देर शाम पुलिस ने पीड़ित को थाने लाकर इस मामले में आगे की कार्रवाई शुरु की है। प्रशिक्षु आईपीएस व बसंतपुर थाना प्रभारी योगेश पटेल ने बताया कि इस पूरे मामले में 5-6 आरोपी युवकों को गिरफ्तार किया गया है जिनसे देर शाम तक पूछताछ होती रही। युवकों के बीच पुरानी रंजीश का मामला निकलकर सामने आया है। जनवरी के पहले गुरुवार को बसंतपुर से सांई पालकी निकली थी। आयोजक समिति के सदस्यों से आरोपी युवकों का कुछ विवाद हुआ था। इस समिति में संजय भी सदस्य है जिसे पीटा गया है। आरोपी युवकों ने उसे फोनकर बहाने से गौरव पथ बुलाया था जहां उससे मारपीट की गई।

### ऐसे ही विवाद के बाद हत्या हुई थी

सांई पालकी के ऐसे ही एक आयोजन के दौरान दो लोगों में विवाद हुआ था। इसके बाद चौखड़िया पारा में एक युवक ने दूसरे की चाकू घोपकर हत्या कर दी थी। शहर में छोटे-छोटे विवादों में हत्या का प्रयास या हत्या के मामले बढ़ते जा रहे हैं। पुलिस के उपलब्ध कराए आंकड़ों पर भी गौर करें तो वर्ष 2020 में 44 हत्या के मामले दर्ज हुए हैं। जबकि 2019 में यह आंकड़ा 20 का था। बीते साल शहर में ही गैंगवार को लेकर दो विभत्स मामले सामने आए जिनमें दो युवकों की हत्या हुई। इनमें स्टेशनपारा निवासी परवेज की कंचनबाग में युवकों ने मिलकर हत्या की थी। वहीं नई मंडी में राजीव नगर निवासी गोल्डी मरकाम की भी यहीं के युवकों ने मिलकर छोटे से विवाद पर हत्या कर दी थी।

### बढ़ रहीं आपराधिक घटनाएं

गैंगवार या शहरी इलाके में युवकों के उपद्रव पर पुलिसिया लगाम नहीं पा रही है। शहर के कई क्षेत्र संवेदनशील हैं। अब तक ऐसे इलाकों के युवक शहर में उधम मचा रहे हैं। पुलिस की गश्त से ऐसे मामले कम हो सकते हैं लेकिन ऐसा होता दिखाई नहीं दे रहा है। बीते लंबे समय से पुलिस की गश्त न होने की बात सामने आ रही है। बीते कुछ महिनों में रातों को कई दुकानों के ताले तक टूटे हैं। कई मामलों में आरोपी अब भी पुलिस के हाथ नहीं लग पाए हैं। इस बीच शहर में अपराधिक घटनाएं बढ़ती ही जा रही है। लगातार हत्या की बड़ी वारदातों के बाद भी पुलिस अपराधिक प्रवृत्ति के युवकों पर नकेल कसने को लेकर किसी रणनीति पर काम करती नज़र नहीं आ रही है। नतीजन युवाओं में अपराधिक प्रवृत्ति बढ़ रही है।

### संवेदनशील इलाकों में तैनाती जरुरी

गौरवपथ युवाओं की पसंद बना हुआ है लेकिन इन्हीं की मौजूदगी में यह इलाका संवेदनशील भी हो चुका है। पूरा दिन यहां ऊर्जा पार्क और यहां बने ओपन गार्डन में युवक-युवतियां अपना वक्त गुज़ारते नज़र आते हैं। इसी बीच युवाओं में आपसी तकरार, रंजीश के मामले होते हैं। बाद में यह मामले बढ़कर बढ़ी घटना में तब्दील हो जाते हैं। रात में यह इलाका सुनसान होता है और इस दौरान यहां अपराधिक प्रवृत्तियों के युवक अपना डेरा जमा लेते हैं और इस बात की खबर पुलिस विभाग के आला अधिकारियों को भी है। बावजूद इसके न इन क्षेत्र में गश्त बढ़ाई गई है और न ही अपराधों की रोकथाम के लिए कोई अभियान चलाया गया है।

# खरीदी केंद्र में मजदूर, हमालों को भड़का रहे पूर्व ठेकेदार को पुलिस ने उठाया

■ नायब तहसीलदार की मौजूदगी में हुई कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

धान खरीदी केंद्र पटेवा में मजदूर और हमलों को भड़का कर काम करने से मना करते हुए गाली गलौज करने के चलते लेबर ठेकेदार अंगद साहू को नायब तहसीलदार राजू पटेल के निर्देश पर घुमका पुलिस ने धान खरीदी केंद्र से उठा लिया गया। घटना दोपहर 3.00 बजे की बताई जा रही है। खबरों के अनुसार धान खरीदी केंद्र पटेवा में आश्रित गांव के किसानों का प्रतिदिन बंपर मात्रा में धान की आवक हो रही है।

खरीदी और तौलाई के बाद व्यवस्थित ढंग से स्टैकिंग और नियमित परिवहन नहीं हो पाने के कारण समिति में धान रखने की जगह नहीं है। इसके चलते धान खरीदी केंद्र के मुख्य द्वार और खैरागढ़ मार्ग में धान लदे किसानों के ट्रैक्टर से पूरा सड़क जाम हो गया। किसानों को हो रही परेशानी को देखते हुए समिति प्रभारी द्वारा उच्चाधिकारियों को अवगत करा कर व्यवस्था बनाने का प्रयास किया जा रहा था। इसी बीच शहीद की विधवा से अभद्रता के मामले में कथित तौर पर हटाए गए लेबर ठेकेदार अंगद साहू समिति में कार्यरत मजदूरों को भुगतान नहीं होने का हवाला देते हुए कार्य करने से मना कर धान खरीदी की शासकीय प्रक्रिया में अवरोध उत्पन्न कर रहा था। इसके कारण धान खरीदी केंद्र में अशांति का माहौल बनते देख नायब तहसीलदार की शिकायत पर घुमका पुलिस ने मौके से उक्त उपद्रवी ठेकेदार को हिरासत में ले लिया।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार बहरहाल स्थिति को नियंत्रित करने के लिए आरोपी को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है और घुमका थाने में बैठा कर रखा गया है। नियमानुसार कार्यवाही करने की तैयारी की खबर मिल रही है। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के मामले में घुमका पटेवा समेत क्षेत्र की समितियों में लगातार कई तरह की अनियमितताओं की शिकायतें मिलती रही है।

### दिखावे की कार्रवाई का सच आया सामने

घुमका समिति में इसी चक्क र में एक किसान की मौत हो गई थी और पटेवा में शहीद जवान की विधवा से अभद्रता पूर्ण व्यवहार हुआ था। तब इस मामले में कार्यवाही के नाम पर प्रशासन की काफी किरकिरी हुई थी और किसानों के कड़े विरोध के बाद उक्त आरोपी ठेकेदार को हटाने की औपचारिकता मात्र का दिखावा करते हुए ठेकेदार के करीबी रिश्तेदार को मजदूरी का पूरा कार्य सौंप दिया गया था। इस घटना के बाद कार्रवाई के नाम पर औपचारिकता पूरा किए जाने का भंडा फिर एक बार फूट गया है। प्रशासन की कलई खुल गई है। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के मामले में किसानों के साथ लगातार हो रहे अन्याय और तकलीफों को नजरअंदाज किए जाने के कारण इस तरह की घटनाएं स्वाभाविक बताई जा रही हैं। जबकि दोपहर तक आज के लिए वितरित किए गए टोकन प्राप्त कर चुके किसानों का धान खरीदी नहीं किया जा सका था।

# पंचायत सचिव और रोजगार सहायक भूख हड़ताल में बैठे



पायनियर संवाददाता ➤ छुरिया
www.dailypioneer.com

प्रदेश पंचायत सचिव संघ व रोजगार सहायक के आह्वान पर जनपद पंचायत छुरिया के पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायक आज भूख हड़ताल में बैठ गए।

भूख हड़ताल में बैठने वालों में पंचायत सचिव तेजकुमार उइके, सुरेशकुमार सहारे, गोविंदा बाघमारे, निर्भय यादव, लक्ष्मीनारायण साहू, कुलेश्वर चंद्रवंशी, हिंसाराम साहू, खिलावन चंद्रवंशी, शिशुपाल पटेल, बिहारी साहू, रामविलास बांधे, खेमचंद साहू, टूम्मन जांगड़े, धरमपाल वर्मा शामिल थे। वहीं रोजगार सहायकों में विनोद कुमार, रोशन कंवर, बसंता सांकरे, रविकुमार साहू, तोमन लाल साहू, कृपाराम साहू, अजय मेश्राम, त्रिवेंद्र देवांगन, द्रोपदी सोनवानी, अनिता कंवर शामिल थे।

### नशे में धुत युवक ने नाबालिग छात्रा से की छेड़छाड़

**छुरिया।** बागनदी थाना क्षेत्र की रहवासी 11वीं की छात्रा से शादीशुदा युवक द्वारा छेडख़ानी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित व परिजनों की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी इसाद खान उर्फ रिज्जू के खिलाफ धारा 354, 506 व पाक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच में लिया है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार छात्रा अपने स्कूल में असाइनमेंट जमा करने जा रही थी। इस बीच नशे में धुत आरोपी इसाद द्वारा छात्रा से छेडख़ानी किया गया। आरोपी बाइक पर सवार था। परिजनों ने बताया कि इससे पहले भी उक्त आरोपी युवक ने बच्ची से छेड़छाड़ कर चुका है। समझाइश के बाद उसे छोड़ दिया गया था, लेकिन व छात्रा से लगातार छेड़छाड़ करने लगा था।

# 8 हजार 5 सौ वैक्सीन की पहली खेप पहुंची, 64 सेंटरों में 10 दिनों तक चलेगा टीकाकरण का प्रथम चरण

■ हेल्थवर्कर्स को मिलेगी पहली डोज

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

कोरोना वैक्सीन की पहली खेप आज शाम 7 बजे जिला मुख्यालय पहुंची। सुबह ही यहां से वैक्सीन वैन को रायपुर रवाना किया गया था। बुधवार की सुबह हवाई जहाज से वैक्सीन छत्तीसगढ़ पहुंची थी। इसके बाद इसे जिलों तक रवाना कर दिया गया। राजनांदगांव में वैक्सीन स्टोर के लिए गौरवपथ में कोल्ड चैन प्वाइंट बनाया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथलेश चौधरी ने बताया कि पहली खेप में जिले को 8 हजार 5 सौ वैक्सीन उपलब्ध कराई गई है। टीकाकरण अभियान की शुरुआत 16 जनवरी से होगी।

सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया, पुणे की कोविशील्ड की पहले खेप जिले में पहुंचने के साथ ही वैक्सिनेशन प्रोग्राम के प्रथम चरण की तैयारियां अंतिम दौर में पहुंच गई है। सीएमएचओ डॉ. चौधरी ने बताया कि कोरोना फ्रंटलाईन वॉरियर्स से ही टीकाकरण की शुरुआत होगी। कोशिश होगी की जल्द से जल्द और सभी ऐहतियात बरतते हुए टीकाकरण का प्रथम चरण पूरा हो। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित कर्मी ही टीकाकरण करेंगे। इस कार्यक्रम में टीका लगवाने वाले व्यक्ति को निगरानी में रखे जाने जैसे नियम नहीं है।

### सात सवाल, जरुरी जवाब

| | | |
|---|---|---|
| टीकाकरण शुरु होगा | - | 16 जनवरी से |
| कितनी वैक्सीन मिली | - | 8 हजार 500 |
| कितने कर्मी प्रशिक्षित हैं | - | 350 |
| जिले में कितने सेंटर बनाए गए हैं | - | 64 |
| कितने दिनों का होगा प्रथम चरण | - | 8 से 10 दिन |

**पहले दिन 3 सेंटरों पर 3 सौ का होगा टीकाकरण :** 16 जनवरी को टीकाकरण की शुरुआत होगी। पहले दिन जिले के महज तीन सेंटरों पर वैक्सिनेशन होगा। इनमें मेडिकल कॉलेज संबंद्ध जिला अस्पताल, मेडिकल कॉलेज पेंड्री और डोंगरगढ़ के स्वास्थ्य केंद्र में ही पहले दिन टीकाकरण किया जाना है। इस दिन तीन सौ कोरोना फ्रंट लाईन वॉरियर्स को टीका लगाने का लक्ष्य तय किया गया है। प्रथम चरण में ही जिले भर के 8 हजार 5 सौ स्वास्थ्य कर्मियों को टीका लगाया जाएगा।

**आधे घंटे निगरानी में रहेंगे :** सीएमएचओ डॉ. चौधरी ने बताया कि टीकाकरण अभियान को लेकर मॉकड्रील पहले ही की जा चुकी है। इन सब की जानकारी कोविन पोर्टल में एंट्री की गई है। आज शाम कोल्ड-बॉक्स में वैक्सीन की पहली खेप पहुंचते ही उसे गौरवपथ स्थित कोल्ड चैन प्वाइंट में 2 से 8 डिग्री के तापमान पर स्टोर किया गया है। डॉ. चौधरी ने बताया कि टीकाकरण के दौरान जिन्हें वैक्सीन लगेगी उन्हें आधे घंटे की निगरानी में रखकर घर भेज दिया जाएगा। जिन्हें टीका लगना है उनमें हेल्थ-केयर वर्कर, राज्य व केंद्रीय कर्मचारियों तथा सशस्त्र बल शामिल होंगे।

# अत्याचार की पर्याय बन चुकी केंद्र की भाजपा सरकार : कांग्रेस

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने टोल में फास्टैग के मामले को लेकर केंद्र की भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा है कि जब से केंद्र में भाजपा की सरकार बैठी है तब से नोटबंदी, जीएसटी, कृषि कानून और अब सड़कों पर टोल वसूली के लिए फास्टैग की अनिवार्यता के कारण अत्याचार की पर्याय बन चुकी है।

प्रवक्ता दुबे ने कहा कि केंद्र में बैठी भाजपा की सरकार पूंजीपतियों की हितैषी है। कृषि कानून लागू कर पूरे देश की कृषि और किसानो बर्बाद करने की साजिश अपने पूंजीपति मित्रों के इशारों पर कर रही थी। अब केंद्र की मोदी सरकार 15 जनवरी से राजमार्गों में लगे टोल मे राशि वसूली के लिए नए नए नियम बनाकर आम जनता को परेशान करने का फरमान जारी कर दिया है। केंद्र सरकार टोल कंपनियों को फायदा पहुंचाने के लिए वाहनों में फास्टैग लगाने एवं नहीं लगाने की दशा में कैश लेन में दुगनी राशि वसूलने का अन्याय कारी फरमान जारी किया है।

उन्होंने कहा कि यह बताना आवश्यक है कि टोल में फास्टटैग एक सुविधा है जिसे अनिवार्य बनाया जाना किसी भी परिस्थिति में उचित नहीं है। व्यक्ति यदि लाइन लगाकर पैसा पटाना चाहता है वह उसकी स्वतंत्रता है कि वह सुविधा ना लेकर नगद राशि जमा कर टोल पार करना चाहता है। इसमें कोई बाध्यता नहीं होनी चाहिए। सबसे बड़ा अन्याय कारक पहलू यह है कि केंद्र सरकार ने थर्ड पार्टी बीमा फास्ट टैग के अभाव में नहीं होने एवं बीमा क्लेम भी नहीं मिलने की बात कहकर अपनी अन्यायकारी और आतंकी रवैया को प्रदर्शित किया है। आने वाले दिनों में टोल कंपनियों के खिलाफ भी दुगनी राशि वसूलने की कार्यवाही के लिए भी आंदोलन होने पर जिम्मेदार केंद्र सरकार रहेगी। ऐसी दशा में सुविधा को वसूली का माध्यम बनाने का हट छोड़ वर्तमान स्थिति अनुरूप कार्य चलने का देने आदेश जारी करे।

# रक्तदान कर स्वामी विवेकानंद की 158 वीं जयंती मनाई

■ युवा महोत्सव के अवसर पर युवाओं ने 130 यूनिट रक्तदान किया

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



धर्मनगरी डोंगरगढ़ में श्री हनुमान भक्त युवा समिति के तत्वाधान में स्वामी विवेकानंद की 158 वीं जयंती युवा महोत्सव के शुभ अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या पर युवाओं व महिलाओं ने रक्तदान किया। इसमे ग्रामीण अंचल से आये युवाओं में भी उत्साह देखने को मिला। रक्तदान शिविर में 130 यूनिट ब्लड दान किया गया।

समिति के हनी गुप्ता ने बताया कि आज के शिविर में सर्व समाज के लोगो ने रक्तदान कर सकारात्मक संदेश दिया। आने वाले माह पर प्रत्येक पंचायत व ग्रामीण क्षेत्र में रक्तदान शिविर व जागरुकता अभियान चलाए जाने की बात कही। रक्तदान शिविर में नगर के संजीव गोमस्ता, सत्य प्रकाश मिश्रा, नवीन अग्रवाल, तजिंदर भाटिया व भाभी, गोपाल खेमका, सन्तु राव, डिकेश साहू,फिरोज खान, सब्बीर हुसैन, राजा पटियाला, भूषण सिन्हा व ग्रुप, आनंद कोठारी व पूजा कोठारी, विवेक गुप्ता, बबलू नरेडी, मयूर हथेल, परविंदर मोंटी भाटिया, सीमा मोटघरे, शारदा अग्रवाल व अन्य लोगो ने रक्तदान किया।

## जनपद सदस्य से दुर्व्यवहार, डोंगरगांव भाजपा फिसड्डी, महिला जनपद सदस्य के सम्मान से भाजपा का किनारा

# महिला जनप्रतिनिधि से दुर्व्यवहार पर बेपरवाह भाजपा

पायनियर संवाददाता ➤ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

जनपद पंचायत की निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधि के एक्सिडेंट होने उपरान्त सरकारी अस्पताल में पुरुषकर्मी द्वारा कमर में इंजेक्शन देने के मामले में भाजपा बेपरवाह और फिसड्डी साबित हुई है। एक्सिडेंट में घायल भाजपा की महिला जनपद सदस्य से अस्पताल में विभाग की महिलाकर्मी द्वारा दुर्व्यवहार करने से पुरुषकर्मी द्वारा कमर में इंजेक्शन लगाने को लेकर डोंगरगांव भाजपा घटनाक्रम को नजरअंदाज करते हुए पार्टी की महिला जनप्रतिनिधि से किनारा कर लिया है।

दरअसल पार्टी सूत्रों ने मीडिया में घटनाक्रम को वायरल कर प्रतिक्रिया जाहिर तो की। लेकिन उक्त महिला जनपद सदस्य गरीब परिवार की युवती के लिए किसी ने आगे आकर पार्टी की ही महिला जनप्रतिनिधि के सम्मान के लिए आवाज मुखर नही कर सके। देशभर में महिला सम्मान व नारी उत्थान नारे से जनता के मध्य स्वयं को तारणहार बताने की कोशिश करने वाले भाजपा नेताओं ने पार्टी की ही महिला जनप्रतिनिधि के सम्मान से खुद को किनारा कर लिया। सरकारी कार्यालयों में ब?ी ब?ी बातें करने वाले युवा भाजपाई भी महिला सदस्य के लिए शायद अपनी ठेकेदारी की फिक्र से दुबके रहे। उधर डोंगरगांव भाजपा के कुछ जनाधारविहीन नुमाइंदे दिनभर पार्टी मंच में ही सिमट कर रह गए।




**ये है अस्पताल का घटनाक्रम :** पार्टी सूत्रों के मुताबिक सोमवार दोपहर में एक अविवाहित महिला जनपद सदस्य नगर के आउटर में एक्सिडेंट होने के बाद अपनी बहन के साथ पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी की सहायता से विधानसभा मुख्यालय नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगांव उपचारार्थ गई थीं। अस्पताल में मौजूद किसी महिलाकर्मी को जनपद सदस्य की सहयोगी ने एक्सिडेंट से चोट की जानकारी देते हुए परिचय बताया। इस बात से अस्पताल की महिला कर्मी ने अपना बेरुखी दिखाते हुए उपचार करने से मना कर दिया था। अस्पताल में हाथ व पैर में चोट के दर्द से कराहती महिला जनपद सदस्य कुछ बोलने की स्थिति में नही थी। तब आधी बेसुध जनपद सदस्य को किसी पुरुषकर्मी ने ड्रेसिंग शुरू की, तभी कुछ कार्यकर्ता पहुंचे तो कोई पुरुषकर्मी महिला जनपद सदस्य को कमर में इंजेक्शन लगा रहे थे।

### जनपद सदस्यों ने निभाई औपचारिकता

घटना म से वाकिफ हुए जनपद सदस्यगण लामबंद होकर एक दूसरे को मैसेज भेजते रहे। दूसरे दिन पार्टी कार्य म की आड़ में अपनी साथी महिला जनपद के सम्मान को सिर्फ एक आधे अधूरे ज्ञापन में समेटकर एसडीएम को सौपकर औपचारिकता पूरी कर ली। इस शर्मनाक घटना म के बाद महिला या युवती के मान सम्मान जैसे मसले में भाजपा शायद अपना वजूद खो चुकी है। नए नवेले एसडीएम को ज्ञापन सौंपने से मामले के ठंडे बस्ते में जाने के आसार हैं।

# देहदान की मिसाल महिला का देहावसान

■ महिला की मृत शरीर मेडिकल कॉलेज को सुपुर्द

पायनियर संवाददाता ➤ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



तहसील साहू संघ डोंगरगांव के वरिष्ठ सलाहकार व राजनांदगांव जिले में देहदान अभियान चलाने वाले, सेवा निवृत्त शिक्षक पुनारद दास पीडी साहू की धर्मपत्नी श्रीमती जंत्री साहू का देहावसान हो गया है। परिवार के सभी सदस्य देहदान कर चुके है, जिसमे जंत्री बाई साहू भी शामिल थी। उनके मृत शरीर को विधिविधान से अंतिम संस्कार कर मेडिकल कॉलेज के सुपुर्द कर दिया गया। जंत्री साहू अपने पुत्र विष्णुदास, पुरषोत्तम दास, संतोष कुमार, फलेश कुमार साहू सहित भरे पूरे परिवार को छोड़कर इस दुनिया से विदा ले ली है। श्रीमती जंत्री साहू के निधन पर जिला साहू संघ के अध्यक्ष कमल किशोर साहू, महामंत्री अमरनाथ साहू, तहसील साहू संघ डोंगरगांव के सचिव हेमंत साहू सहित जिला तहसील साहू संघ के पदाधिकारियों ने शोक व्यक्त किया है।

## क्विक न्यूज

### उपजेल में 144 कैदियों और 6 जेल स्टाफ की टीबी स्क्रीनिंग, 15 मिले संदेहास्पद



**सक्ती।** टीबी खोज अभियान के तहत सोमवार को उप जेल सक्ती में निरुद्ध बंदियों और स्टाफ सहित 150 लोगों की टीबी स्क्रीनिंग की गई। जिसमें से 15 संदेहास्पद टीबी मरीज की पहचान की गई।।राज्य क्षय नियंत्रण अधिकारी एवं संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं, रायपुर से मिले निर्देश के बाद यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। ब्लॉक के शहरी मलिन बस्तियो, खदानों, पहुँचविहीन क्षेत्रों में जन जागरुकता अभियान, लगातार जारी हैं। टीबी बीमारी के संबंध में जागरूक कर निःशुल्क जांच व उपचार के लिये प्रयास जारी हैं। टीबी खोज अभियान के तहत कैदियों की स्क्रीनिंग की गई। 15 का बलगम जांच के लिये नमूना लेकर सीबीनाट भेजा गया हैं। शिविर में डॉ अनिल कुमार चौधरी बीएमओ सक्ती के मार्गदर्शन पर टीम में डॉ संतोष सोनी, विनोद राठौर , संजय बंजारे, हितेश्वर सिदार, चन्द्र किशोर साहू, राधे बंजारे, बाबू लाल राठौर एवं जेल प्रशासन के कर्मचारी मौजूद थे।

# 16 जनवरी से जिले में लगेगा को वैक्सीन का टीका

■ **पहले चरण 17 हजार 8 सौ 5 कोरोना वारियर्स को टीका लगाये जाने का टारगेट**

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com




जिले के 17 हजार 8 सौ 5 कोरोना वारियर्स को पहले चरण में कोवैक्सीन टीका लगाया जाएगा , स्वास्थ्य विभाग ने की एक टीम को आज 1.30 बजे रायपुर के लिए रवाना किया गया है। लंबे इंतजार के बाद केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने अलग अलग राज्य के लिए को-वैक्सीन की सप्लाई शुरू कर दी है।

छत्तीसगढ़ प्रदेश में 3 लाख 23 हजार वैक्सीन राजधानी पहुंच चुकी है । जहां से अलग जिलों के लिए टारगेट अनुरुप भेजा जाएगा। बिलासपुर जिले से एक टीम को-वैक्सीन लेने 1=30 बजे राजधानी रायपुर के लिए रवानगी की जा चुकी है । आज शाम या देर रात तक वैक्सीन लेकर टीम के पहुंचने की उम्मीद है ।

सीएमओ डॉ. प्रमोद महाजन ने जानकारी देते हुए बताया की जिले में को-वैक्सीन सेंटरों की पूर्ण तैयारियां की जा चुकी है , 16 जनवरी को पहले चरण में 17 हजार 8 सौ 5 कोरोना वारियर्स को टीका लगाये जाने का टारगेट बनाया है । लेकिन बिलासपुर जिले को कितनी वैक्सीन दी जाएगी, यह तो नही मालूम जितनी भी वैक्सीन उपलब्ध होगी उसके अनुसार ही टीका लगाया जाएगा।

### कोविड-19 वैक्सीन लगवाने के लिए क्या करना होगा?

वैक्सीन के लिए सभी लोगो को भारत सरकार द्वारा जारी ऐप को-विन डॉट इन पर अपना रजिस्ट्रेशन करवाना होगा । ग़ौरतलब है कि रजिस्ट्रेशन कराए बिना किसी को भी वैक्सीन नहीं दी जाएगी। इस ऐप पर रजिस्ट्रेशन होने के बाद आपके मोबाइल पर एक मैसेज आएगा जिसमें वैक्सीन लगाने का समय, तारीख़ और केंद्र का पूरा ब्योरा होगा। रजिस्ट्रेशन के लिए कोई एक फ़ोटो आईडी दर्ज करना होगा जिसमें से आप ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, पासपोर्ट, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक या पोस्ट ऑफिस खाते की पासबुक, एमपी/एमएलपी/एमएलसी द्वारा जारी किया गया कोई पहचान पत्र या फिर पेंशन कार्ड या एम्पलॉयर द्वारा जारी किया गया पहचान पत्र या फिर वोटर आईकार्ड भी जमा करवा सकते हैं। जरूरी बात यही है कि जिस आईडी को रजिस्ट्रेशन के समय दिया जाएगा, टीकाकरण उसी के आधार पर होगा किसी दूसरी आई डी पर नहीं। क्योंकि वैक्सीन दो चरण में दी जाने वाली है तो अगली तारीख़ भी एसएमएस के ही जरिए पता चलेगा।

# ट्रेन चलाए जाने में पक्षपात के विरुद्ध याचिका दाखिल

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

रेल्वे बोर्ड द्वारा बंगाल और बिहार में पैसेंजर समेत कई ट्रेनें चलवाने और कोराना का हवाला दे छत्तीसगढ़ में पैसेंजर ट्रेन अब तक शुरू नहीं करने व सामान्य ट्रेनों को एक्सप्रेस, मेल बताकर चलाते हुए यात्रियों से ज्यादा किराया। वसूली किए जाने की लेकर दायर याचिका पर हाई कोर्ट ने रेलवे बोर्ड को जवाब देने नोटिस जारी किया है ।

याचिका कर्ता अधिवक्ता सुदीप श्रीवास्तव ने बताया कि बिहार में चुनाव हो गए और बंगाल में चुनाव होने वाले है शायद इसीलिए रेलवे बोर्ड ने उन दोनों राज्यों में पैसेंजर ट्रेनों के साथ ही कुछ और ट्रेनों का संचालन शुरू कर दिया है जबकि छत्तीसगढ़ में पैसेंजर ट्रेनों का संचालन अभी भी बन्द है ।पैसेंजर ट्रेनों में आम आदमी सफ़र करते है । छत्तीसगढ़ में कुछ एक्सप्रेस व मेल ट्रेनें चलाई जा रही है जिसका किराया दो गुना वसूल किया जा रहा है ।इसी तरह राजधानी एक्सप्रेस में कोराना का हवाला दे यात्रियों को भोजन सुविधा नहीं दी जा रही है मगर टिकट में भोजन का 400 रुपए कम नहीं कर भोजन की राशि भी वसूली जा रही है ।रेलवे ने अवैध वेंडरों को अनुमति दे उनके माध्यम से यात्रियों को भोंजन उपलब्ध करा अलग से राशि वेंडरों द्वारा लिए जा रहे है । ट्रेनें नहीं चलाये जाने के खिलाफ हाईकोर्ट में लगी याचिका पर आज सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस ने मामले की सुनवाई करते हुए रेलवे को दो सप्ताह में जवाब पेश करने के लिए कहा है।

याचिकाकर्ता अधिवक्ता सुदीप श्रीवास्तव ने अपनी याचिका में आरोप लगया है कि बिलासपुर रेल्वे जोन के पास पर्याप्त सुविधा होने के बाद भी पैसेंजर ट्रेन नहीं चलाई जा रही है और स्पेशल ट्रेन के नाम से यात्रियों से डेढ से दोगुना किराया वसूला जा रहा है। अधिवक्ता सुदीप श्रीवास्तव ने अपनी दलील में कहा कि कोरोना के नाम से यात्री ट्रेन रोकी गई है जबकि बिहार और बंगाल में पैसेंजर ट्रेन चलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि राजधानी एक्सप्रेस में खाने का पैसा यात्रियों से लिया जा रहा है लेकिन खाना नही दिया जा रहा है। मामले में कोर्ट ने सुनवाई की अगली तिथि दो सप्ताह के बाद निर्धारित की गई है।

## स्व. शेख गफ्फार की याद में तारबहार अंग्रेजी माध्यम स्कूल का नामकरण



पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

यंग बिलासपुर मुस्लिम कमेटी जुनी लाइन बिलासपुर के द्वारा कौमी एकता के प्रतीक मरहूम शेख गफ्फार की याद में तारबहार अंग्रेजी माध्यम स्कूल का नामकरण करने एवं बिलासपुर में विभिन्न विकास कार्यों की सौगात देने पर जूनी लाइन में अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रुप में शहर विधायक शैलेश पांडेय, रहे, नगर विधायक ने स्व शेख गफ्फार के कार्यो पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वो जनता के सच्चे सेवक थे, अक्सर उन्हें अस्पतालों में मरीजों की मदद करते देखा जाता रहा, बी.डी. ए. के अध्यक्ष रहते हुए उन्होंने बिलासपुर को कई विकास कार्यों की सौगात दी। कार्यक्रम में कमेटी की ओर से वार्ड में जीम निर्माण की मांग की जिसको तत्काल नगर विधायक ने सहमति जताई कार्यक्रम में पार्षद स्वर्णा शुक्ला, रामा बघेल, ब्लॉक अध्यक्ष आदित्य दिक्षित, मोती थावरानी, एल्डरमैन काशी रात्रे, सुबोध केसरी, शेख असलम, शेख जब्बार, एस.डी. कार्टर रेड्डू, सुदेश दुबे, पूर्व पार्षद मुकीम कुरैशी, सुदेश नंदनी ठाकुर, रिंकू छाबड़ा, साद खान, राजा खान सहित वार्डवासी, वरिष्ठ जन उपस्थित थे।

# आईजी रतनलाल डांगी बनवा रहे हैं सब थानों की कुंडली

■ **गलत पाये जाने पर टीआई पे होगी सीधी कार्रवाई**

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

बिलासपुर रेंज के थानों में पदस्थ थानेदारों की मनमानी अब ज्यादा दिनों तक नहीं चलेगी। आईजी रतनलाल डांगी रेंज के सभी थानेदारों की शिकायतों को लेकर कुंडली तैयार करा रहे हैं। जिस टीआई की ज्यादा शिकायतें मिलेंगी, उन्हें सजा भुगतनी पड़ेगी। बिलासपुर रेंज का प्रभार संभालने के बाद आईजी डांगी ने जुआ, सट्?टा और नशे के कारोबार पर लगाम लगाने को अपनी प्राथमिकता में लिया है। इसके लिए उन्होंने एक मोबाइल नंबर जारी किया है, जिसमें कोई भी किसी भी अपराध की सूचना दे सकता है। इस मोबाइल नंबर पर शिकायतें आनी भी शुरू हो गई हैं, जिस पर लगातार कार्रवाई जारी है। बिलासपुर में प्रभार संभालने के बाद से आईजी कार्यालय में संभागभर के किसी न किसी थाने के टीआई के खिलाफ शिकायतें रोजाना आ रही हैं।

किसी को यह शिकायत रहती है कि उसकी रिपोर्ट नहीं लिखी गई। शिकायत लेकर उसे चलता कर दिया गया। कोई यह अर्जी लेकर आ रहा है कि सूदखोर तीन लाख रुपए के बदले नौ लाख रुपए वसूल चुका है। अब 16 लाख रुपए और मांग रहा है। वहां थानेदार से लेकर एसपी कार्यालय का चक्कर काटकर वह थक चुका है। कुछ लोग आईजी से यह गुहार भी लगा रहे हैं कि उनके यहां अवैध शराब की बिक्री जोरों पर है, लेकिन शिकायत करने के बाद भी संबंधित थानेदार कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। उल्टे शिकायतकर्ता को ही झूठे मामले में फंसाने की धमकी देता है। यानी कि सीधे शब्दों में कहें तो रेंज के थानेदार बेलगाम हो गए हैं और अपनी मनमानी चला रहे हैं। ऐसे थानेदारों की मनमानी पर लगाम लगाने के लिए आईजी डांगी ने एक नया प्लान बनाया है। इसके तहत वे कंप्यूटर में रेंजभर के थानों के खिलाफ आ रही शिकायतों को दर्ज करा रहे हैं। इसमें शिकायतों का प्रकार उल्लेख कराया जा रहा है। इस तरह से हरेक थानों की कुंडली तैयार कराई जा रही है, जिसकी कुछ महीने बाद समीक्षा की जाएगी। उस समय जिस थाने की शिकायतें ज्यादा होंगी, वहां के टीआई को सजा दी जाएगी।

### नामवार भी तैयार कराए जा रहे हैं आंकड़े

हर थाने की कुंडली तैयार कराने के अलावा आईजी डांगी ने एक और बड़ी योजना बनाई है। इसके तहत वे टीआई के खिलाफ नामवार शिकायतों के आंकड़े दर्ज करा रहे हैं। मसलन, कोई टीआई जब सिविल लाइन थाने में पदस्थ था, तब उनके खिलाफ कितनी शिकायतें आई थीं और जब वह चकरभाठा थाने में है तो कितनी शिकायतें आ रही हैं।

### आईजी बोले- तो टीआई को मिलेगी सजा

आईजी डांगी ने बताया कि रेंज के थानों से आ रही शिकायतों की जांच तो करा रहे हैं। साथ ही उसे थानेवार कंप्यूटर में दर्ज भी करा रहे हैं। इसके अलावा व्यक्ति गत शिकायतों के आंकड़े भी तैयार करा रहे हैं। कुछ महीने बाद इसकी समीक्षा की जाएगी, उस समय जिन थानेदारों के खिलाफ ज्यादा शिकायतें मिलेंगी, उन्हें सजा दी जाएगी।

## गौ सेवा ही ईश्वरीय सेवा हैं : रामसुंदर दास

पायनियर संवाददाता < जांजगीर
www.dailypioneer.com



गौ माता विश्व की माता हैं इसमें उच्चकोटि के देवी-देवताओं का वास होता हैं! गौ माता की सेवा करने से पुण्य की प्राप्ति होती हैं! कलयुग में प्रतिदिन गाय का दर्शन,पूजन और गंगा जल के सेवन से मनुष्य के जन्मदोष नष्ट हो जाते हैं। उक्त उद्गार राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष डांक्टर रामसुंदर दास जी महराजजी ने अल्प प्रवास के दौरान पधारे श्री जगरन्नाथ बड़े मठ मँदिर, चांपा में गणमान्य जन की उपस्थिति में कहा! बड़े मठ मँदिर पहुचने पर मठाधीश पंड़ित लालदास महंत,पंड़ित कृष्णधर मिश्रा, दिनेश कुमार दुबेजी, हरिहर प्रसाद तिवारी,राजीव कुमार मिश्रा, शशिभूषण सोनी की अगुवाई में आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर महंतजी ने जगरन्नाथ मंदिर में चल रहे गौ संरक्षण का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि गौ माता की सेवा,गंगा स्नान, आचमन, तीर्थाटन, और संतो के सानिध्य से भगवत-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होती हैं। इस अवसर पर डांक्टर महंतजी ने कहा कि यह अत्यंत खुशीं की बात है कि गौ सेवा के अनेक कार्य लालदास महंतजी के मार्गदर्शन में मठ मंदिर में गौशालाएं चल रही हैं। लालदास अपने व्यस्त दिनचर्या में भी समय निकालकर गाय को चारापानी,गाय का रखरखाव, चांपा नगर को शुध्द दूध प्रदाय करना इनके भगवत प्रेम को दर्शाता हैं। गौ माता की सेवा से बड़ा कोई भी पुण्य कार्य नहीं है।

# अंतर रेल सांस्कृतिक प्रतियोगिता में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे को 2019 का सांस्कृतिक शील्ड

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com



प्रत्येक वर्ष रेलवे कर्मचारियों एवं उनके आश्रितों की सांस्कृतिक प्रतिभा को निखारने के लिए रेल्वे बोर्ड द्वारा नृत्य, संगीत एवं नाटक आदि सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है । इसी क्रम में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर के कलाकारों द्वारा वर्ष 2019 में सांस्कृतिक प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अखिल भारतीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में अपना स्थान बनाते हुए 2019 का सांस्कृतिक शील्ड अपने नाम किया । उक्त सांस्कृतिक शील्ड रेलवे बोर्ड द्वारा 07.01.2021 को प्रदान किया गया। वर्ष 2019 में अंतर रेलवे सांस्कृतिक प्रतियोगिता के विभिन्न चरणों में, जो कि मध्य रेल, मुंबई ; दक्षिण पूर्व मध्य रेल, बिलासपुर एवं दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर में आयोजित किए गए थे। दक्षिण पूर्व मध्य रेल, बिलासपुर के कलाकारों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से इस रेलवे को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ एवं रनिंग शील्ड प्रदान की गई। दक्षिण पूर्व मध्य रेल, बिलासपुर के निम्नांकित कर्मचारियों का प्रदर्शन विशेष उल्लेखनीय रहा।

मनोज जयसवाल, लेखा लिपिक/प्रधान वित्त सलाहकार कार्यालय /बिलासपुर द्वारा शास्त्रीय वाद्य विधा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। तबला संगत डॉ. आशीष देवांगन, कार्यालय अधीक्षक द्वारा किया गया ।

कु. संजु चौहान, कनिष्ठ लिपिक, वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी कार्यालय/ बिलासपुर द्वारा सुगम गायन विधा में द्वितीय स्थान प्राप्त किया । तबला संगत रोहित बेन, हारमोनियम संगत डॉ. गौरव कुमार पाठक एवं सितार संगत मनोज जयसवाल द्वारा किया गया।

शास्त्रीय नृत्य माहेश्वरी प्रधान, वरिष्ठ लिपिक, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी कार्यालय, बिलासपुर द्वारा द्वितीय स्थान प्राप्त किया ।

समूह लोक नृत्य ङ्क तृतीय अदित्या नामदेव, कनिष्ठ लिपिक, प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक कार्यालय/बिलासपुर एवं समूह द्वारा तीसरा स्थान प्राप्त किया । गायन में सहयोग रिशिकांत गुप्ता ने किया ।

इसके पूर्व भी दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे को वर्ष 2015 एवं वर्ष 2016 का सांस्कृतिक शील्ड प्राप्त हुआ है । गौतम बैनर्जी, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर द्वारा सभी विजेताओं को सम्मानित किया।

## ओमप्रकाश अग्रवाल बेस्ट पब्लिशर वर्ल्ड वाइड अचीवर से नवाजे गए

**सक्ती।** अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के सदस्य जयपुर के ओमप्रकाश अग्रवाल के प्रकाशन संस्थान श्याम प्रकाशन को बेविनार के माध्यम से राजस्थान के सर्वश्रेष्ठ प्रकाशन संस्थान वर्ल्ड वाइड अचीवर का अवार्ड दिया गया है, इसमें समाज कल्याण मंत्री



रामदास आठवले मौजूद थे, राजस्थान जयपुर के ओमप्रकाश अग्रवाल को मिले इस सम्मान पर अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार मित्तल, उपाध्यक्ष मीना गोयल, कोषाध्यक्ष गणित भरतिया, महामंत्री प्रदीप कुमार सराफ, दैनिक अग्र ज्योति मासिक पत्रिका की संपादक, समाज सेविका उषा केडिया मैसूर कर्नाटक सहित अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन परिवार ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं की है, उल्लेखित हो कि राजस्थान के जयपुर शहर के ओमप्रकाश अग्रवाल प्रकाशन के माध्यम से समाज सेवा एवं जन जागरूकता लाने के लिए निरंतर प्रयास करते हैं। तथा कोरोना काल के दौरान भी उन्होंने जन जागरूकता से संबंधित काफी सकारात्मक प्रकाशन का कार्य करते हुए लोगों को प्रोत्साहित किया।

# हमर जिला जांजगीर-चाम्पा मुख्यमंत्री ने विमोचित किया जिला गीत

पायनियर संवाददाता < जांजगीर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, छत्तीसगढ़ राज्य विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत जांजगीर जिले के प्रभारी और राज्य के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, ग्रामीण विकास मंत्री टीएस सिंहदेव, विधायक नारायण चंदेल नगर पालिका परिषद अध्यक्ष भगवान दास गढ़ेवाल, प्रदेश कांग्रेस सचिव रमेश पैगवार, कार्यक्रम के संचालक साहित्यकार सतीश कुमार सिंह के साथ-साथ शासन प्रशासन के बीच 5 जनवरी को भिम्भा तालाब सौंदर्यीकरण उद्घाटन समारोह में उपस्थित जन समुदाय के बीच विमोचित किया गया। जाँजगीर-चाम्पा जिले के ऐतिहासिक, पौराणिक, धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक महत्तम को दर्शाने वाले इस गीत को काफी सराहा गया। इस गीत के रचयिता कवि सुरेश पैगवार जाँजगीर हैं और स्वर एवं संगीत घनश्याम गंधर्व ने दिया है। इस उपलब्धि के लिए शील साहित्य परिषद के सचिव विजय राठौर वरिष्ठ साहित्यकार ईश्वरी यादव सतीश सिंह सन्तोष कश्यप, दिनेश रोहित चतुर्वेदी, भैया लाल नागवंशी, आनंद पांडेय, दयानंद गोपाल, उमाकान्त टैगोर, कृतिकला एवं साहित्य परिषद के अध्यक्ष शरद यादव कन्हैया साहू अमित, बलराम चंद्राकर, रश्मि गुप्ता प्रियंका गुप्ता, अक्षर साहित्य परिषद चाम्पा के अध्यक्ष रामनारायण प्रधान गोवर्धन सूर्यवंशी, सावन गुजराल राजकिशोर धिरही, संतोषी महंत श्रद्धा पुनीता दरीयाना अंकित राठौर गौरव राठौर, देवेंद्र परिहार- मुंगेली संगठनों में शील साहित्य परिषद, राष्ट्रीय कवि संगम, छत्तीसगढ़ हिंदी साहित्य परिषद जाँजगीर-चाम्पा, अक्षर साहित्य परिषद-चाम्पा के साथ-साथ छत्तीसगढ़ के बहुत से साहित्यकारों ने हर्ष व्यक्त किया है।

**जिलाध्यक्ष कृष्णकांत के मार्गदर्शन में बोला हल्ला**

# 6 विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा ने किया किसान विरोधी नीतियों को लेकर प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com




भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार 13 जनवरी को जांजगीर-चांपा जिले के 6 विधानसभा क्षेत्रों के विधानसभा मुख्यालयों में जिलाध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा के मार्गदर्शन में भाजपा द्वारा राज्य सरकार की वर्तमान में बारदाने की कमी, तथा किसानों से धान खरीदने में की जा रही आनाकानी को लेकर धरना प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इस धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में जहां विधानसभा क्षेत्र के सभी पार्टी प्रमुखों एवं मंडलों के पदाधिकारी तथा विभिन्न मोर्चा प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए राज्य की भूपेश बघेल सरकार को अपने वायदों के अनुरूप काम न करने वाली तथा वर्तमान में धान खरीदी के दौरान सरकार द्वारा व्यवस्था को जानबूझकर बिगा?ते हुए बारदानों की कमी बताने तथा अनेको परेशानियां किसानों के सामने खड़े करने की बात कही गई तथा जांजगीर-चांपा जिले के शक्ति, जांजगीर चांपा, पामगढ़, अकलतरा, चंद्रपुर, एवं जैजैपुर विधानसभा क्षेत्रों में धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, तथा कार्यक्रम के पश्चात जहां अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों को प्रदेश के महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपते हुए भाजपा के दो पन्नों वाले ज्ञापन में पार्टी ने राज्यपाल से मांग की है कि वर्तमान में कांग्रेस सरकार की किसान विरोधी नीतियों को देखते हुए किसान परेशान हैं, तथा आत्महत्या करने को मजबूर है, एवं यह स्थिति यदि नहीं सुधरी तो भाजपा पार्टी और अधिक सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगी, शक्ति नगर मंडल में शक्ति विधानसभा क्षेत्र के अग्रसेन चौक में धरना, प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा भारतीय जनता युवा मोर्चा के साथियों ने जहां गा?ा पर राज्य सरकार की किसान विरोधी नीतियों को लेकर प्रतीकात्मक रैली निकालते हुए विरोध प्रदर्शन किया तथा सरकार की किसान विरोधी नीतियों पर युवा साथियों में जमकर आक्रोश देखा गया तथा अग्रसेन चौक शक्ति में आयोजित शक्ति विधानसभा के धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में जहां कार्यक्रम के प्रभारी प्रीतम सिंह गबेल, सह प्रभारी हेतराम देवांगन, एवं हरदयाल पटेल के मार्गदर्शन में प्रमुख वक्ता के रूप में जिला पंचायत सदस्य एवं पूर्व विधायक निर्मल सिन्हा ने विस्तार पूर्वक अपनी बातें रखी तो वही कार्यक्रम के दौरान शक्ति नगर मंडल अध्यक्ष भवानी प्रसाद तिवारी, बाराद्वार मंडल अध्यक्ष संतोष राठौर,सारागांव मंडल अध्यक्ष ठाकुर प्रभाष सिंह, शक्ति ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रेमलाल पटेल, सहित चारो मंडलों के महामंत्री, पदाधिकारी एवं मोर्चा प्रकोष्ठ के लोग उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने गणतंत्र दिवस की तैयारी के लिए अधिकारियों की ली बैठक

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



कलेक्टर भीम सिंह ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले में आगामी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मनाए जाने की तैयारी के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह उपस्थित थे।

कलेक्टर ने अधिकारियों को कार्यक्रम स्थल मिनी स्टेडियम में मंच, बेरीकेटिंग, गणमान्य नागरिकों, जनसामान्य, पत्रकारों की बैठक व्यवस्था, निमंत्रण पत्र, विद्युत, पेयजल, मिष्ठान, साफ-सफाई, सुरक्षा, ब%चों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ ही अन्य तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही स्वास्थ्य विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, कृषि, मछली पालन, पशुपालन, परिवहन, उद्योग, जिला पंचायत, रेशम, महिला एवं बाल विकास, नगर निगम आदि संबंधित विभाग के प्रमुखों को अपने विभाग के उत्कृष्ट, अच्छे कार्यों एवं शासन की नई योजनाओं की थीम पर आधारित झांकी तैयार करने के भी निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने ध्वजारोहण करते समय राष्ट्रीय झण्डा संहिता के नियमों का पालन करने के निर्देश दिए। कलेक्टर भीम सिंह ने बताया कि इस वर्ष के गणतंत्र दिवस पर स्कूली बच्चों का परेड व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित नहीं होगा। उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारी को मिनी स्टेडियम कार्यक्रम स्थल पर दो मेडिकल टीम की व्यवस्था करने के लिए कहा।

# छत्तीसगढ़ में पर्यटन स्थलों का बुरा हाल

## कांगेर घाटी राष्ट्रीय पार्क में पर्यटकों के लिए नहीं है किसी तरह की कोई सुविधा एवं सुरक्षा की व्यवस्था

दिनेश दुबे ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कांगेर घाटी राष्ट्रीय पार्क पर्यटकों के लिए यद्यपि आकर्षक का केंद्र है जिसके कारण पूरे छत्तीसगढ़ का एक अलग पहचान बना हुआ है जिसे देखने के लिए जाने वाले पर्यटकों के लिए ना तो वहां पर आकस्मिक दुर्घटना के लिए कोई व्यवस्था है ना ही पर्यटकों के लिए वहां पर किसी तरह कोई सुविधा रखी गई है यहां तक घनघोर जंगल में किसी तरह की कोई परेशानी पर्यटक को होती है वहां पर सुरक्षा के लिए भी कोई इंतज़ाम नहीं है वहीं दूसरी तरफ इस भरे जंगल में वहां के गाइड्स के द्वारा पर्यटकों के साथ खुलम खुला दादागिरी की जाती है जिससे वहां पर कभी भी कोई भी विवाद की स्थिति निर्मित होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता

बस्तर क्षेत्र के जगदलपुर के पास स्थित कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान स्थित हैं जिसे देखने के लिए पूरे भारत के लोग वहां पर आते हैं इस कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान को देखने के लिए के लिए प्रशासन के तरफ से




जिप्सी की व्यवस्था की गई है जिसमें 6 पर्यटक की व्यवस्था बैठने की व्यवस्था है जिसका कुल किराया पंद्रह सौ रुपए निर्धारित किया गया है जिसमें उद्यान प्रवेश शुल्क प्रति पर्यटक 150 वाहन प्रवेश शुल्क प्रति वाहन ग्यारह सौ रुपया प्रकाश शुल्क प्रति समूह 25 गाइड शुल्क प्रति समूह 150 एवं कैमरा शुल्क प्रति समूह 75 शामिल होता है जिप्सी के माध्यम से कोटम सर सूचना केंद्र जो 6 किलोमीटर है।

### नहीं है कोई सुरक्षा व्यवस्था और प्राथमिक उपचार व्यवस्था

इस राष्ट्रीय उद्यान में घनघोर जंगल के बीच मोबाइल का कोई नेटवर्क नहीं रहता केवल वाहन चालक एवं एक गाइड्स के भरोसे में ही पर्यटकों को रहना पड़ता है और पूरे जंगल सफारी के दौरान पर्यटकों के लिए किसी भी तरह की कोई सुरक्षा की व्यवस्था नहीं है यहां तक कि कांगेर धारा के पास भी किसी भी तरीके से पर्यटकों को रोकने टोकने वाला नहीं रहता जबकि चित्रकोट में पर्यटकों के लिए पर्याप्त सुरक्षा की व्यवस्था रखी गई है और वहां पर जवान भी तैनात रहते हैं इसके ठीक विपरीत कांगेर धारा के पास किसी भी तरह के कोई सुरक्षा की व्यवस्था नहीं है।

### गाइड्स लोगों की चलती है दादागिरी

राष्ट्रीय उद्यान प्रशासन के द्वारा उपलब्ध कराए गए जिप्सी में वाहन चालक एवं पर्यटक को जानकारी देने के लिए गए एक गार्ड की व्यवस्था किया रहता है जिसके भरोसे में पर्यटकों पूरे जंगल के दौरान उनके द्वारा बताए गए निर्देश का ही पालन की करना पड़ता है किंतु इन गाइड्स के द्वारा अपनी मनमानी और दादागिरी भी करते हैं जिसका एक उदाहरण विगत 9 जनवरी को कोटमसर गुफा के पास देखने को मिला जहां पर एक जिप्सी के पर्यटक अपने साथी का इंतजार करना चाहते थे किन्तु वहां पर गाइड के द्वारा मना किया गया इस बात को लेकर पर्यटकों एवं गाइड से बात होने लगी इसी बीच वहां अन्य गाइड्स आकर पर्यटकों को खुले आम धमकी दिया जाने लगा कि इस भयंकर जंगल में आकर विवाद करोगे तो अच्छा नहीं होगा बता दें कि कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान लगभग 200 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ है जहां चारों तरफ केवल घनघोर जंगल ही जंगल है।

### मनमानी तरीके से जिप्सी रफ्तार होने से पर्यटक धुल से हो जाते सराबोर

6 पर्यटक के लिए वहां पर जिप्सी जो तय किया गया है उसके चलने की गति 20 किलोमीटर प्रति घंटा रखा गया है किंतु वहां की जो जिप्सी चालक है वह अपने मनमाने तरीके से ही जिप्सी को चलाते हैं खुला जिप्सी होने कारण और पक्की सड़क नहीं होने से पूरे जंगल में कच्ची सड़क पर 40से 50किलोमीटर रफ्तार जिप्सी चलती है जिस के कारण धूल उड़ने से पर्यटक धुल से सराबोर हो जाते हैं।

# किसानों को साधने भाजपा उतरी सड़क पर कांग्रेस सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

किसानो के रास्ते अपने अपने हितो को साधने में भाजपा कांग्रेस हर मौको को भुनाने में लगे है जहां आज प्रदेश का किसान अपने धान बेचने को लेकर हर जद्दोजहद में लगा है किसी भी रास्ते उसके खून पसीने की मेहनत रंग लाये किंतु बीते वर्ष की तरह इस बार भी किसानो को निराशा ही हाथ लगती नजर आ रही है। खरीदी केन्द्रो के फडो में धान धान का उठाव और बारदाने की कमी जहां प्रदेश सरकार के लिए सबसे बडी मुसिबत बनी हुई है, वही दोनो राजनैतिक दल किसानो के साथ होने का दावा करते हुए महज जुमले बाजी में लगे है। जहां कृषि कानून कांग्रेस केन्द्र सरकार पर निशाना साधने में लगी है। वही प्रदेश के किसानो को धान खरीदी में हो रही परेशानियों को लेकर सरकार पर तंज कसने का कोई भी मौका नही छोड रही है, ज्ञात हो कि बीते कल जहां कांग्रेस युवा मोर्चा द्वारा केन्द्र के किसान विरोधी काले कानून पर कांग्रेस भवन से रैली निकाल कर भाजपा कार्यालय पहुच प्रर्दशन



किया गया, वही नगर के रेस्ट हाउस मैदान पर भाजपा द्वारा किसानो को धान खरीदी में हो रही परेशानियों, गिदवारी में काटे गये रकबे, बारदाने की व्यवस्था, खरीदी का समय 1 माह बढाने की मांग, वनाधिकार पट्टा प्राप्त किसानो का धान खरीदी की मांगो को लेकर धरना प्रर्दशन किया गया, जिसमें बिलासपुर सांसद अरूण साव, स्थानीय विधायक पुन्नू लाल मोहले सहित बडी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। धान खरीदी की वस्तुस्थिति - प्रदेश में 1 दिसंबर से धान खरीदी प्रारंभ होने के बाद से जिले में खरीदी विवादो के घेरे में रही है, पहले खरीदी करने वाले कर्मचारियों को आखरी समय में जिम्मेदारी मिलना, जिसके चलते फड निर्माण और अन्य आवश्यक तैयारियों में देरी हुई, उसके उपरांत बीते वर्ष के दागी समितियों और प्रभारियों पर पुनः विश्वास जताना जो कही न कही प्रशासन के कार्य पर सवालिया निशान भी खड़ा किया, वही बीते साल उठाव की सबसे बडी समस्या के बावजूद भी उसी ट्रांस्पोटर पर वैकल्पिक व्यवस्था के लिए भरोसा जताना भी प्रशासन की मजबूरी रही है। जिसका खामियांजा आज किसान भुगतने को मजबूर हो रहे है। बीते वर्ष के समान इस बार भी उठाव ही सबसे बडी समस्या बनती जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार धान खरीदी में प्रशासन अपने लक्ष्य तक पहुचने के करीब पहुच रही है, वही किसानो के मुताबिक आज भी उन्हे टोकन कटाने के लिए जद्दोजहद करना पड रहा है मिली जानकारी के अनुसार वनाचल सहित जिला मुख्यालय से समीपस्थ खरीदी केन्द्रो में कोचियों का राज बदस्तुर जारी है प्रशासनिक पकड अब तक नजर नही आई है, छोटो औश्र मझौले किसानो को आज भी तकलिफो का सामना करना पड रहा है। बारदाना बना अहम मुद्दा - कोराना काल में जहां बारदाना निमार्ण करने वाली कंपनिया प्रभावित हुई है, जो आज धान खरीदी की सबसे बडी समस्या बन कर उभरी है, आज बार दाना ही प्रदेश की राजनीति में भूचाल ला दिया है जिसको कांग्रेस और भाजपा भुनने में लगी है, प्रदेश सरकार ने केन्द्र की भाजपा सरकार पर मांग के अनुरूप पूर्ति न करने और प्रदेश में धान खरीदी प्रभावित करने की बात कह रही है, वही भाजपा द्वारा खरीदी केन्द्रो में जाकर किसानो को हो रही परेशानियों और प्रशासनिक उदासीनता पर बार बार सवाल उठाया जा रहा है।

# भाजपा के नेताओं कहा प्रदेश सरकार है किसान विरोधी




पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

भाजपा के प्रदेशव्यापी प्रदर्शन में रायपुर शहर जिला के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने कमल विहार गेट नंबर 01 में आयोजित धरना में शामिल हुए। इस मौके पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते सांसद सुनील सोनी ने कहा कि किसानों के समर्थन में भाजपा हमेशा साथ रही है और साथ रहेगी। प्रदेश सरकार के रवैये से किसानों में आक्रोश है। उन्होंने कहा कि बोनस की चैथी किस्त का पता नही, धान खरीदी के नाम पर ठगी के अलावा कुछ भी नहीं हो रहा है। पूरे प्रदेश में किसान आत्महत्या करने को विवश है।

पूर्व मंत्री व वरिष्ठ विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि 1300 करोड़ का धान खराब हो चुका है। अपने कोटे का चावल जमा करवाने में प्रदेश की सरकार असफल है। और असफलता को छिपाने के लिए प्रदेश की कांग्रेस सरकार पत्र व्यवहार के अलावा कुछ भी नहीं कर रही है। किसानों की चिंता की बजाय इस सरकार की शराब बेचना, प्राथमिकता में है। किसानों से प्रदेश की सरकार का न कोई वास्ता है न उनके प्रति कोई आस्था है।

पूर्व मंत्री व भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राजेश मूणत ने कहा कि राहुल गांधी जब छत्तीसगढ़ आये थे तब उन्होंने कहा था एक-एक दाना धान हमारी सरकार बनते ही किसानों का धान खरीदेगी। लेकिन इस सरकार के बनते ही किसान तो बारदाना को भी विवश है। प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपनी विफलता को छिपाने असंसदीय व्यवहार व अनुचित भाषा का इस्तेमाल कर रही है। किसानों के हित में इस सरकार ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। जिससे पूरे प्रदेश में किसान दुखी है।

भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीचंद सुन्दरानी ने कहा कि प्रदेश की सरकार सुनियोजित तरीके से किसानों का धान कम खरीद रही है। इसके पीछे की मंशा सरकार को अपने खजाने से पैसे बचाने का है। पूरे जिले में किसान का एक-एक दाना धान खरीदने को भाजपा सरकार को हमेशा विवश करती रहेगी।

# केंद्र सरकार को जितना गोबर चाहिए छत्तीसगढ़ देने को तैयार : सीएम भूपेश

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com





केंद्र सरकार के गोबर से पेंट बनाने की योजना पर सीएम भूपेश बघेल का बड़ा बयान सामने आया है. सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि केंद्र सरकार को जितना गोबर चाहिए छत्तीसगढ़ देने को तैयार है।

हमारा गोबर खरीदी का सिस्टम बना हुआ है। अगर केंद्र सरकार 5 रुपए में गोबर खरीदी करती है तो हमारे किसानों को लाभ होगा। केंद्र सरकार हमारी योजनाओं का अनुसरण कर रही है इससे अच्छी बात और क्या हो सकती है। सीएम भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ से गोबर की आपूर्ति करने की बात कही है। केंद्र सरकार के गोबर खरीदने को लेकर अजय चंद्राकर पर तंज कसते हुए सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि कुछ लोग हमारी योजनाओं की हंसी उड़ा रहे थे। गोबर को राजकीय चिन्ह बनाने की बात कह रहे थे। मैं ऐसी कोई बात नहीं करूंगा लेकिन अब उनका गोबर उन्हीं के चेहरे पर पड़ा है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने गोबर से बने पेंट को लॉन्च किया है।

केंद्रीय मंत्रियों नितिन गडकरी और गिरिराज सिंह ने 5 रुपए किलो में गोबर खरीदी की पेशकश की है।

# लंबित मांगो को लेकर मंगलवार से सचिवो और रोजगार सहायको की क्रमिक भुख हड़ताल शुरू

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



एक सुत्रीय मांगो को लेकर पिछले 17 दिनो से अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रहे पंचायत सचिवो ने मंगलवार से अपनी मांग को लेकर क्रमिक भुख हड़ताल शुरू कर दी है जो कि 20 जनवरी तक चलेगी। इसके पहले सोमवार को सचिवो ने अनोखा प्रदर्शन करते हुए आंदोलन स्थल में भैस बुलाकर उसके सामने बीन बजाई। सचिव संघ के ब्लाक अध्यक्ष अनुज ठाकुर ने बताया कि इसका उद्देश्य राज्य सरकार की निरंकुशता को दर्शाना था। जो दो साल पहले घोषणा पत्र में वादा कर भुल तो गई और साथ ही साथ 17 दिनो से हड़ताल कर रहे सचिवो की मांगो पर भी ध्यान नही दे रही है। उन्होने कहा कि प्रदेशभर में चल रहा आंदोलन के बाद भी सोई हुई सरकार की स्थिति भैस के सामने बिन बजाने जैसी हो गई है। ब्लाक अध्यक्ष अनुज ठाकुर ने बताया कि राज्य सरकार के प्रति सचिवो का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। सरकार हठकर्मी होकर पुरी तरह सचिवो की मांगो को नजरअंदाज कर रही है। उन्होने कहा कि सचिवो शासन के जमीन स्तर की नींव, पंचायती राज व्यवस्था में शासन की योजनाओ के क्रियान्वयन की प्रथम ईकाई है। इसके बाद भी सचिवो के मांग को अनदेखा कर सरकार उनका अपमान कर रही है। उन्होने कहा कि एक सुत्रीय मांग दो साल की परवीक्षा अवधि के बाद शासकीयकरण को जब तक सरकार पूरा नही करेगी हमारी हड़ताल जारी रहेगी। इस अवसर पर सचिव दिलीप खरे, होरीलाल शर्मा, संतराम सिन्हा, किशन सिन्हा, लोकसिंह यादव, तिजु चैहान, शत्रुधन साहू, द्वारिका राठौर, परमेश्वर ठाकुर, कन्हैयालाल ध्रुव, गीताराम मरकाम, उमाशंकर नागेश, निशा पटेल, सुभांगी उपाध्याय, चंद्रिका नेताम, रोशन साहू, भगवती ध्रुव, चैतराम साहू, शिवरतन नेताम, बलराम पटेल सहित बड़ी संख्या में सचिव मौजुद थे।

# राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसरों का हुआ तबादला

### राज्य सरकार ने जारी किया आदेश

**रायपुर।** जगन्नाथ वर्मा को रायपुर का नया डिप्टी कलेक्टर बनाया गया है। राज्य सरकार ने राज्य प्रशासनिक सेवा के तीन अफसरों का तबादला किया गया है। जगन्नाथ वर्मा का रायपुर तबादला किया गया है, वो अभी बेमेतरा में डिप्टी कलेक्टर थे। वहीं इंदिरा देहारी को राजनांदगांव का संयुक्त कलेक्टर बनाया गया है। इंदिरा अभी बलौदाबाजार की संयुक्त कलेक्टर थी। वहीं सीपी बघेल पीएससी का डिप्टी एग्जाम कंट्रोलर बनाया गया है। सीपी बघेल अभी राजनांदगांव के संयुक्त कलेक्टर थे। अब वो छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के अपर परीक्षा नियंत्रक होंगे।

# 7 एडिश्नल एसपी सहित 9 पुलिस अधिकारियों का ट्रांसफर




**रायपुर।** पुलिस विभाग में आधा दर्जन से ज्यादा पुलिस अफसरों के ट्रांसफर आर्डर जारी किये गये हैं। तबादला किये गये अफसरों में 7 एडिश्नल और 2 डीएसपी शामिल हैं। सीडी तिर्की को एडिश्नल एसपी मुंगेली से रायपुर पुलिस मुख्यालय बनाया गया है। वहीं पंकज कुमार शुक्ला को एडिश्नल एसपी कोरिया से एडिश्नल एसपी बीजापुर, अनिल सोनी को एडिश्नल एसपी कवर्धा से एडिश्नल एसपी जांजगीर, संजय कुमार महादेवा एडिश्नल एसपी जीपीएम से एडिश्नल एसपी मुंगेली, मधुलिका सिंह को एडिश्नल एसपी जांजगीर से एडिश्नल एसपी कोरिया बनाया गया है। वहीं राहुल देव शर्मा को सीएसपी कोरबा से डीएसपी रायपुर विधानसभा और योगेश कुमार साहू को डीएसपी पीएचक्यू से सीएसपी कोरबा बनाया गया है।

# श्री अय्यप्पा मंदिर में आज मकर संक्रांति पर विविध पूजा अनुष्ठान

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर गुरुवार, 14 जनवरी को टाटीबंध स्थित भगवान श्री अय्यप्पा के मंदिर में पूजा आराधना के विभिन्न कार्य म आयोजित किये जायेंगे। जारी विज्ञप्ति ने उपरोक्त जानकारी देते हुए श्री अय्यप्पा सेवा संघम के अध्यक्ष विनोद पिल्लई ने बताया कि नववर्ष में ग्रहों की विपरीत दशाओं के कारण संभावित दोषों से मुक्ति हेतु शनिश्वर भगवान श्री अय्यप्पा के मंदिर में गुरुवार 14 जनवरी को मकर सं ांति के शुभअवसर पर विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे। कार्य म का शुभारंभ ब्रह्मद्दमुहूर्त में मंदिर की पवित्र 18 सीढ़ियों के खुलने के साथ ही प्रारंभ होगा जो देर रात्रि तक जारी रहेगा। प्रातः 4.30 बजे प्रभात फेरी तथा निर्माल्य दर्शन के साथ ही भगवान अय्यप्पा का अभिषेक किया जायेगा तत्पश्चात् अष्टद्रव्य गणपति होम एवं ऊषा पूजनए भागवत पारायणम् सम्पन्न होगी। इसके बाद प्रातरू 8.30 बजे पल्लीकेट्टु सहित पवित्र 18 सीढ़ियों का आरोहण किया जायेगा। केवल व्रत लिए हुए भक्त ों को पल्लीकेट्टु के साथ सीढ़ी चढने की अनुमति दी जाएगी।



मंदिर के पवित्र सीढ़ियों पर आरोहण के इच्छुक भक्त जनों से निवेदन है कि वे शीघ्र ही मंदिर कार्यालय में अपना नाम पंजीयन कर आवश्यक निर्देश प्राप्त करें। आरोहण के पश्चात् प्रातः 9.00 बजे घी अभिषेकम 9.30 बजे अवरोहण, 10.00 बजे मध्यान्ह पूजन उच्च पूजा होगी। संध्या 6.00 बजे से लक्षदीप महोत्सव ज्योति, निर्माला एवं आरती होगी। संध्या 7.00 से 9.00 बजे तक भजन, 8.15 बजे भोग पूजा की जायेगी। संध्या समय भक्त जन लाखों दीपकों से मंदिर प्रांगण को सुसज्जित करेंगे। मकर ज्योति जलाने के इच्छुक भक्त जन तेल एवं बत्ती साथ लाकर मकर ज्योति जलाकर पुण्य लाभ प्राप्त कर सकते हैं। कोरोना महामारी के दृष्टिगत मंदिर समिति द्वारा शासन द्वारा निर्धारित गाइड लाइन का पालन करते हुए सीमित संख्या में भक्त जनों को प्रवेश दिया जाएगा।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2018-20, दूरभाष नंबर 0771, 2972403